

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 तेजस्वी द्वारा झूठे श्रेय की राजनीति जनता को भ्रमित करने की नापाक ...

मुझे भरोसा था कि जीत दिला सकता ... 11



वर्ष : 13 ■ अंक : 118 ■ पटना, बुधवार, 06 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## एनडीए संसदीय दल की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव को लेकर प्रस्ताव पारित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संसद परिसर में यह बैठक हुई। एनडीए संसदीय दल ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव के दौरान दिखाए गए भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय साहस और अटूट प्रतिबद्धता को सलाम किया। साथ ही, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति गहरी संवेदना और श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। प्रस्ताव में कहा गया, एनडीए संसदीय दल हमारे सशस्त्र बलों के अद्वितीय साहस और अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव के दौरान अदम्य साहस का परिचय दिया। उनका साहस हमारे राष्ट्र की रक्षा के प्रति उनके अटूट समर्पण को दर्शाता है। हम पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए नागरिकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद एनडीए संसदीय दल ने चुनौतियों के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असाधारण नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रस्ताव में कहा गया, एनडीए संसदीय दल इस कठिन समय में प्रधानमंत्री के असाधारण नेतृत्व की सराहना करता है। उनके अटूट संकल्प, दूरदर्शी राजनेता और दृढ़ नेतृत्व ने न सिर्फ राष्ट्र को उद्देश्यपूर्ण दिशा दी है, बल्कि सभी भारतीयों के हृदय में एकता और गौरव की नई भावना भी जगाई। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। इस



हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों को धर्म के आधार पर अलग करके गोली मार दी गई। यह घटना पूरे देश के लिए गहरे दुख और आक्रोश का कारण बनी। पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। एनडीए के प्रस्ताव में हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को दोहराया गया है, जिसमें बिहार की रैली में उन्होंने कहा था, भारत हर आतंकवादी और उसके समर्थकों की पहचान करेगा, उन्हें खोजेगा और उन्हें दंडित करेगा। प्रधानमंत्री के इस संकल्प को धरातल पर उतारते हुए 6-7 मई की रात भारतीय सेना ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल लॉन्च किया। यह एक सटीक और लक्षित सैन्य कार्रवाई थी, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को निशाना बनाया गया। यह कार्रवाई गैर-उकसाने वाली, लेकिन निर्णायक थी। एनडीए ने यह भी कहा कि 2014 से पहले देश के कई बड़े शहरों, जैसे पटना, बेंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, वाराणसी, अहमदाबाद, हैदराबाद और दिल्ली में आए दिन बम धमाके होते थे। लेकिन 2014 के बाद से इस पर सख्ती से लगाम लगी है, जो भारत की रणनीति में आए बदलाव को दिखाता है। एनडीए ने कहा कि सिंदूर नाम सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति के प्रतीक को भी दर्शाता है। आतंकियों ने जिन महिलाओं के सिंदूर को मिटाने की कोशिश की, भारत की सेना ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के जरिए उनका बदला लिया और देश की अस्मिता की रक्षा की।

### मौसम

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 55% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 05% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 1,03,105 |
| चांदी | 1,25,000 |
| सेंसेक्स | 80,170 |
| निफ्टी | 24,649 |

### अमित शाह बने भारत के सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केलिए 5 अगस्त का दिन ऐतिहासिक है। वह भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री पद पर रहने वाले राजनेता बने हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी को पीछे छोड़ते हुए अमित शाह ने यह रिकॉर्ड बनाया है। अमित शाह ने 30 मई 2019 को देश के गृह मंत्री पद पर अपनी जिम्मेदारी संभाली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में राजनाथ सिंह गृह मंत्री बनाए गए थे। 2019 लोकसभा चुनाव में जब भाजपा ने रिकॉर्ड जीत हासिल की, उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल में अमित शाह को गृह मंत्री बनाया गया था और वर्तमान में भी वह इस पद पर कार्यरत हैं। 10 जून 2024 को अमित शाह ने दूसरी बार गृह मंत्री पद की शपथ ली थी। फिलहाल, गृह मंत्री के तौर पर अमित शाह ने 2,258 दिन (30 मई 2019 से 5 अगस्त 2025 तक) पूरे किए हैं। इससे पहले, सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री रहने का रिकॉर्ड लाल कृष्ण आडवाणी के नाम था।


### सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक

## डोमिसाइल नीति पर नीतीश कैबिनेट की मुहर

■ स्थानीय अभ्यर्थियों को 85 प्रतिशत से अधिक मिलेगा लाभ

प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार ने शिक्षक बहाली प्रक्रिया को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब शिक्षा विभाग के अंतर्गत होने वाली नियुक्तियों में 84.4 प्रतिशत सीटें बिहार के निवासियों के लिए आरक्षित होंगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट की इस बैठक में बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2025 को स्वीकृति दी गई। बैठक में कुल 36 प्रस्तावों पर मुहर लगी। डोमिसाइल नीति में आरक्षण के नियमों का भी पूरा ख्याल रखा गया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ में बताया कि बिहार में जातीय तौर पर 50 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण है 10 प्रतिशत है। इसके बाद बची 40 प्रतिशत अनारक्षित (सामान्य) सीटों में 35 प्रतिशत सीट बिहार मूल की महिलाओं के लिए रिजर्व हो चुकी हैं। अब संशोधित नियमावली के तहत, बची हुई 65 प्रतिशत सामान्य सीटों में से 40 प्रतिशत सीटें उन उम्मीदवारों के लिए आरक्षित की जाएंगी, जिन्होंने बिहार से मैट्रिक और इंटर किसी भी बोर्ड से पास किया हो। इस प्रकार अनारक्षित सीटों में अब केवल 15 प्रतिशत सीटें शेष रह जाएंगी, जिन पर बिहार और अन्य राज्यों के सामान्य वर्ग के पुरुष व महिलाएं आवेदन कर सकेंगे। अपर मुख्य सचिव ने यह भी बताया कि यदि मान लिया जाए कि 10 से 15 प्रतिशत उम्मीदवार बिहार के बाहर से आवेदन करेंगे, तब भी कुल मिलाकर लगभग 85 प्रतिशत सीटों पर बिहार के डोमिसाइल उम्मीदवार ही बहाल होंगे। बता दें कि नीतीश कुमार ने कल घोषणा की थी इस साल होनेवाले टीआरई 4 और अगले साल होनेवाले टीआरई 5 में डोमिसाइल नीति को लागू किया जा रहा है। जिसका एनडीए के सभी दलों ने स्वागत किया था



### रसोइया से लेकर शारीरिक अनुदेशक तक का बढ़ा मानदेय

राज्य सरकार द्वारा रसोइया से लेकर शारीरिक अनुदेशक तक के मानदेय में बढ़ोतरी करने की घोषणा पर भी कैबिनेट की मुहर लग गई है। अब स्कूलों में कार्यरत रात्रि प्रहरी के मानदेय को 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दिया गया है। इनकी संख्या राज्यभर में 6 हजार है। शारीरिक शिक्षक एवं अनुदेशकों के मानदेय को 8 हजार रुपये मासिक से बढ़ाकर 16 हजार रुपये कर दिया गया है। इनकी संख्या 2 हजार 350 है। साथ ही इनके मानदेय में 400 रुपये वार्षिक की बढ़ोतरी की जाती है। इसके अलावा स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोइयों के मानसिक मानदेय को बढ़ाकर 3 हजार 300 रुपये कर दिया गया है। इनकी संख्या 2 लाख 18 हजार 622 है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत आशा कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रति महीने कर दिया गया है। इसी तरह ममता कर्मियों के मानदेय को दोगुणा करते हुए 600 रुपये प्रति प्रसव कर दिया गया है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत नियमित सफाई कर्मियों का मानदेय बढ़ाकर 9 हजार रुपये प्रति महीने और अंशकालिकों का मानदेय 5 हजार रुपये प्रति महीने कर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री ने सालेपुर-राजगीर फोरलेन हाई-वे के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## पटना से राजगीर की दूरी लगभग 20 किमी हो जाएगी कम : नीतीश

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिले के राजगीर में सालेपुर-राजगीर फोरलेन हाई-वे के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया तथा राष्ट्रीय उच्च पथ 82 पर नवनिर्मित आरओबी का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने राजगीर के सिलाव के बेलौआ में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 862.63 करोड़ रुपये की लागत से नालंदा जिला अंतर्गत सालेपुर एसएच-78 से नूरसराय-अहियापुर-सिलाव होते हुए एनएच-120 के बेलौआ, राजगीर तक फोर लेन हाई-वे बौद्ध सर्किट को जोड़नेवाला राजगीर का पर्यटन मार्ग के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ का निर्माण हो जाने से पटना से राजगीर की दूरी लगभग 20 किमी कम हो जाएगी। इसके बन जाने से राजगीर में निमाणार्धीन निर्मित अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर व हवाई अड्डा, नालंदा विश्वविद्यालय एवं राजगीर पर्यटन क्षेत्र पहुंचना सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पथ के बन जाने से इस क्षेत्र में औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में प्रगति होगी। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। ज्ञातव्य है कि इस परियोजना के माध्यम से बिहटा सरमेरा राजकीय उच्च पथ एसएच-78, सालेपुर-करौटा पथ, बिहारशरीफ-जहानाबाद राष्ट्रीय उच्च पथ-33 तथा बिहारशरीफ-राजगीर-गया-डुमरांव राष्ट्रीय उच्च पथ 120 आपस में जुड़ जाएंगे।

**राष्ट्रीय उच्च पथ 82 पर नवनिर्मित आरओबी का किया उद्घाटनः** मुख्यमंत्री ने ग्राम हसनपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर 81 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 82 के भाग 74+683 पर राजगीर रोड ओवरब्रिज (पहुंच पथ सहित) का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजगीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे लोगों का आवागमन और सुगम हो जाएगा तथा जाम से निजात मिलेगी। ज्ञातव्य है कि रेलवे ओवरब्रिज राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या120 (पुराना एनएच-82) सरदार पटेल हॉल्ट एवं राजगीर परिसर में स्थित है। पहले यहां लेवल क्रॉसिंग पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इस आरओबी के बगल से राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की तरफ राजगीर, नवादा एवं गयाजी से जाने के लिए पथ निकलती है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम है, जिसमें कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्द्धाएं होती रहती हैं और आरओबी से राजगीर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की दूरी 8 किमी है।

**खेल अकादमी, राजगीर में एशिया रग्बी चैंपियनशिप की तैयारियों का भी जायजा लियाः** मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल परिसर स्थित स्टेडियम में एशिया रग्बी अंडर 20 चैंपियनशिप की तैयारियों का जायजा लिया और वहां अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने भूटानी मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

ये रहें मौजूदः कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक कौशल किशोर, पूर्व विधायक ई सुनील सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, सामान्य प्रशासन विभाग तथा खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेंदर, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के चेयरमैन शीर्षत कपिल अशोक, बिहार खेल विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर सिन्हा, खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार, नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार, नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन हो गया है। उनका लंबे समय दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। वह जम्मू-कश्मीर, गोवा और मेघालय जैसे राज्यों में गवर्नर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके थे। छात्र राजनीति से करियर की शुरूआत करने वाले सत्यपाल मलिक समाजवादी विचारधारा से निकले नेता थे। एक सांसद से लेकर गवर्नर तक का सफर तय करने वाले सत्यपाल मलिक आखिरी कुछ सालों में भाजपा से जुड़े थे और कई राज्यों में गवर्नर के तौर पर सेवाएं दीं। हालांकि बीते



कुछ सालों से वह सरकार के खिलाफ मुखर थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अपने कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया था। सत्यपाल मलिक के एक्स अकाउंट से भी उनकी मौत की जानकारी दी गई। इसी एक्स अकाउंट पर आखिरी बार उनके निजी सहायक ने 9 जुलाई को बताया था कि उनकी हालत गंभीर है। खुद को चौधरी चरण सिंह का शिष्य बताने वाले सत्यपाल मलिक किसान आंदोलन के समर्थन में मुखर हुए थे और सरकार की तीखी निंदा की थी। यही नहीं उन्होंने किसान आंदोलन के समर्थन में कई राज्यों में दौरे किए थे और सरकार से अपील की थी कि वह तीन विवादित बिलों को वापस ले ले।

### सीएम नीतीश ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर शोक जताया है। सीएम ने अपने शोक संदेश में कहा कि सत्यपाल मलिक 4 अक्टूबर 2017 से 22 अगस्त 2018 तक बिहार के राज्यपाल रहे थे। बिहार के अतिरिक्त वे जम्मू-कश्मीर, गोवा एवं मेघालय के भी राज्यपाल रहे थे। सत्यपाल मलिक के रूप में देश ने एक बड़े व्यक्तित्व को खो दिया है। सत्यपाल मलिक ने राज्यपाल के रूप में अपनी जिम्मेवारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री ने बांस घाट के पास बन रहे वेस्ट टू वंडर थीम पार्क का किया स्थल निरीक्षण

## वेस्ट टू वंडर थीम पार्क के बन जाने से यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा : सीएम

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बांस घाट स्थित देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल और जेपी गंगा पथ के बीच विकसित किये जाने वाले वेस्ट टू वंडर थीम पार्क का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने वीडियो क्लिप के माध्यम से विकसित किये जाने वाले वेस्ट टू वंडर थीम पार्क के संदर्भ में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास वेस्ट टू वंडर थीम पार्क के बन जाने से यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जेपी गंगा पथ अवस्थित है, जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन आवागमन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांस घाट स्थित देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के निकट ही लोकनायक



जयप्रकाश नारायण जी का समाधि स्थल है। मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के समाधि स्थल को भी विकसित करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बांस घाट क्षेत्र में निमाणार्धीन शवदाह गृह परिसर के प्रगति कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निमाणार्धीन शवदाह गृह की कार्य प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ चन्द्रशेखर सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त एवं बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**निर्णय** भारत और फिलिपींस का संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय

## फिलीपींस और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी की नई शुरूआत : प्रधानमंत्री मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर ने संयुक्त रूप से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने की मंगलवार को घोषणा की। इस अवसर पर भारत और फिलीपींस के प्रधानमंत्री मोदी ने यहां के हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस वर्ष भारत और फिलीपींस अपने कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और राष्ट्रपति मार्कोस की भारत यात्रा इस संदर्भ में विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा, हमारे कूटनीतिक संबंध भले ही नए हैं, लेकिन हमारी सभ्यताओं के संपर्क बहुत प्राचीन हैं। फिलीपींस की रामायण महाराडिया लवाणा इसका प्रमाण है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान दोनों देशों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, डिजिटल तकनीक, पर्यटन तथा रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने वाले समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। भारतीय और फिलीपींस सशस्त्र बलों के बीच तीन संदर्भ शर्तों का आदान-प्रदान भी हुआ, जो रक्षा सहयोग



में बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और फिलीपींस का द्विपक्षीय व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इसे और मजबूत करने के लिए भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा, हम विकास साझेदारी के अंतर्गत फिलीपींस में त्वरित प्रभाव वाली परियोजनाओं की संख्या बढ़ाएंगे और संप्रभु डेटा क्लाउड अवसंरचना के विकास में भी सहयोग देंगे। रक्षा सहयोग के क्षेत्र में, भारतीय नौसेना के तीन जहाज फिलीपींस में नौसैनिक अभ्यास में भाग ले रहे हैं, जो दोनों देशों के बीच मजबूत हो रहे समुद्री संबंधों का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश मानवीय सहायता, आपदा राहत और खोज व बचाव अभियानों में एक-दूसरे के साथ मिलकर कार्य करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने के लिए फिलीपींस सरकार का आभार जताया।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ : मार्कोस

नई दिल्ली। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। साथ ही उन्होंने आतंक के खिलाफ भारत के साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि मैं आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई में भारत के साथ हमारी एकजुटता का संदेश लेकर आया हूं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, मैं इस साल की शुरूआत में पहलगाम में हुए दुखद हमले और आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई में भारत के साथ हमारी एकजुटता का संदेश लेकर आया हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### स्नान के दौरान किशोरी गंगा में डूबी, तलाश जारी

फतुहा। मंगलवार को नदी थाने के मौजीपुर घाट पर सुबह एक 16 वर्षीया किशोरी गंगा स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गई। लोगों की सूचना पर पहुंची नदी थाने की पुलिस, एसडीआरएफ की टीम, स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में किशोरी की तलाश में जुटी है। ग्रामीण विमल कुमार उर्फ दुनदुन ने बताया कि मौजीपुर निवासी राजेश कुमार की 16 वर्षीया पुत्री ज्योति कुमारी अपनी एक सहेली के साथ मौजीपुर घाट पर गंगा स्नान के लिए गई थी। स्नान के दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उसे डूबता देख सहेली ने सड़क पर जाकर शोर मचाया। जब तक लोग नदी किनारे पहुंचते तब तक वह गंगा के गहरे पानी में डूबकर लापता हो चुकी थी। इसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर नदी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ तथा स्थानीय गोताखोरों को सूचित किया। एसडीआरएफ की टीम और गोताखोर गंगा में उसकी तलाश में जुटे थे। समाचार लिखे जाने तक शव की तलाश जारी थी।

### भाकपा-माले ने निकाला विरोध मार्च

फतुहा। मंगलवार को भाकपा माले के कार्यकर्ताओं के द्वारा फुलवारीशरीफ के जौनीपुर की घटना को लेकर शहर के अंदर विरोध मार्च निकाला गया। यह विरोध मार्च महारानीचौक से चौराहा होते हुए स्टेशन तक गयी तथा वापस महारानीचौक लौटकर विरोध मार्च एक सभा में तब्दील हो गयी। नेतृत्व कर रहे प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने बताया कि जघन्य हत्याकांड के विरोध में न्याय दिलाने खातिर जब फुलवारीशरीफ के विधायक गोपाल रविदास अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे तो उनके विरुद्ध साजिश कर सरकार द्वारा केस दर्ज करा दिया गया। उन्होंने मांग किया कि सरकार विधायक गोपाल रविदास व भाकपा माले के कार्यकर्ताओं को आरोप मुक्त करें। विरोध मार्च में दर्जनों भाकपा माले के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

फतुहा। मंगलवार को किसी ट्रेन से गिरने से एक 45-50 वर्षीय अधेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि पुनपुन पुल से आगे ट्रैक पर एक पुरुष का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही रेल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से अधेड़ का क्षतविक्षत शव बरामद किया। प्रतीत है कि किसी ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

### दानापुर रेलवे स्टेशन, कॉलोनी, अस्पताल में चलाया गया जागरूकता अभियान



दानापुर खगौल नगर के अंतर्राष्ट्रआजादी का जश्न, स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा संपूर्ण भारतीय रेलवे में 1 से 15 अगस्त तक स्वच्छता अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत दानापुर मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पर मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग दानापुर के तत्वावधान में यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक होने के लिये व स्वच्छता बरतने के लिये सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आज दिनांक- 5 तारीख को स्वभाव- स्वच्छता संस्कार - स्वच्छता स्लोगन के साथ रेलवे स्टेशन, रेलवे हॉस्पिटल एवं रेलवे कॉलोनियों में वर्कशॉप, चौपाल एवं ठक्क के माध्यम से लोगो के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया गया

### लड़का व लड़की पांच लोगों को 24 घंट के अंदर सकुशल बरामद किया गया

दानापुर नगर के अंतर्गत नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के अन्तर्गत आने वाले पांच थाना क्षेत्र से अपहृता, अपहृत व गुमशुदा लड़का एवं लड़की पांच लोगों को 24 घंट के अंदर सकुशल बरामद किया। नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले 24 घंटे में रूपसपुर थाना काण्ड संख्या-670/24 दिनांक-05.10.24 धारा-137 (2) भा0न्या0सं0 की अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके साथ ही खगौल थाना काण्ड संख्या-246/25, बिहटा थाना काण्ड संख्या- 607/25, मनेर थाना काण्ड संख्या-460/25, नेउरा थाना काण्ड संख्या-99/25 की अपहृता को सकुशल बरामद कर अग्रिम कार्रवाई को लेकर न्यायालय भेजा गया है।

# एम्स पटना में एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के सातवें वार्षिक सम्मेलन का हुआ आयोजन

● देश भर से 100 से ज्यादा पीडियाट्रिक ऑन्कोसर्जन हुए शामिल



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना में दो दिवसीय एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के सातवें वार्षिक सम्मेलन का हुआ आयोजन। आयोजन में अभूतपूर्व प्रस्तुतियाँ, विचारोत्तेजक चर्चाएँ और इस क्षेत्र के अग्रणी और शिक्षार्थियों के बीच अभूतपूर्व नेटवर्किंग देखने को मिली। ह्वदेखभाल में एकजुट, दृष्टिकोण में अद्वितीयह्व विषय पर आधारित इस सम्मेलन में दो दिनों तक समृद्ध शैक्षणिक जुड़ाव, अत्याधुनिक चर्चाएँ और सहयोगात्मक भावना देखने को मिली। सम्मेलन का उद्घाटन प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों - डॉ. विजयेंद्र कुमार, डॉ. सुमित्रा बिस्वास, डॉ. बिबेकानंद जिंदल, डॉ. अर्चिता गुप्ता, डॉ. अमित कुमार सिन्हा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. राशि, डॉ. दिगंबर चौबे, डॉ. गौरव और डॉ. सौरव द्वारा किया गया, जिससे एक यादगार कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संकाय सदस्यों ने प्रशिक्षुओं और साथियों के साथ अपने विचार साझा किए। वैज्ञानिक कार्यक्रम में 50 से अधिक मौखिक शोधपत्र प्रस्तुतियाँ और बाल चिकित्सा ट्यूमर पर कई उच्च-प्रभावी सत्र, ट्यूमर बोर्ड, केस-आधारित पैनल और एक राष्ट्रीय-स्तरीय प्रश्नोत्तरी शामिल थी। 3ऊप्रिंटिंग, सर्जिकल योजना में अक और न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण जैसी तकनीकी प्रगति पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में एक भावनात्मक ह्वमीटिंग द सर्वाइवर्सह्व सत्र और एक जीवंत रात्रिभोज का भी आयोजन किया गया। एम्स पटना द्वारा शानदार ढंग से आयोजित, APSOCON 2025 ने बाल चिकित्सा सर्जिकल ऑन्कोलॉजी में एक नया मानक स्थापित किया।

# ठठेरा समाज आज भी सामाजिक शैक्षिक और आर्थिक दृष्टि से है पिछड़ा : संघ

## ठठेरा अधिकार महाधरना के जरिए समाज ने दिखाई एकजुटता



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार राज्य ठठेरा संघ के तत्वावधान में मंगलवार को राजधानी के गर्दनीबाग में अपनी मांगों को लेकर संघ ने ठठेरा अधिकार महाधरना का आयोजन किया। इस महाधरना में पूरे राज्य से ठठेरा समाज के लोग शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने, जबकि संचालन महामंत्री सत्यनारायण प्रसाद ने किया। मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष शिव कुमार उर्फ पप्पू भाई, प्रदेश संगठन मंत्री भोलू कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए।धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने ठठेरा समाज की दशा दिशा और अधिकारों पर गंभीर चिंता जताई। कहा कि आजादी के 77 वर्ष बाद भी ठठेरा समाज आज भी सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा है। समाज के लोग परंपरागत रूप से पीतल, कांसा और धातु के बर्तन बनाने और उन पर नक्काशी करने का कार्य करते थे परन्तु समाज के लोग आज भी निर्धनता के कारण गली-गली घूमकर बर्तन का फेरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करने को विवश हैं। बच्चों के हाथों में कलम और किताब होना चाहिए था, परन्तु वे ठेला चलाकर लोहा टीना का खरीद बिक्री कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। आजादी के बाद से हमारे समाज का कोई भी सांसद या विधायक नहीं हुआ। यही कारण है कि ठठेरा जाति झोला ढोने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और नौकरियों में हमारे समाज की भागीदारी न के बराबर है। सभी राजनीतिक दलों और कोई सरकार ने ठठेरा जाति की ओर ध्यान नहीं ही नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हमें बनिया श्रेणी में रखा गया है, जिसके कारण विश्वकर्मा योजना समेत कई सरकारी योजनाओं में लाभ नहीं मिल पा रहा। शिक्षा और आर्थिक विकास के लिए विशेष योजना और छात्रवृत्ति से महरूम है। वहीं संघ के महामंत्री सत्यनारायण प्रसाद ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि ठठेरा जाति को अति पिछड़ी श्रेणी में शामिल किया जाए। बिहार सरकार के जनगणना सूची में बनिया केटेगरी से हटकर अलग ठठेरा जाति को सिंगल कोड दिया जाए और ठठेरा जाति को सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित किया जाए। अगर सरकार हमारी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लेती है तो आगामी विधानसभा चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त मंत्री अनिल राज, वरिष्ट नेता पवन कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार , प्रदेश युवा सचिव बब्लू कुमार,उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद,संगठन मंत्री राजकुमार साह, प्रदेश युवा अध्यक्ष देव कुमार,अर्जुन प्रसाद ठठेरा, पटना जिला अध्यक्ष संजय कुमार, मनोज कुमार, अमरजीत साह, रूपेश साह, पंकज कुमार, बब्लू कुमार, कुंदन कुमार,कल्लू ठठेरा, सुंदर ठठेरा, उमेश प्रसाद, गोपाल कृष्णण, गोपाल साह, बेजु प्रसाद एवं अन्य उपिस्थत थे।

# जल जीवन हरियाली तभी तो आयेगी खुशहाली चौर की जमीन बनेगी आजीविका का साधन



● मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना के तहत किसान मत्स्य पालन के साथ खेती, बागवानी भी कर सकेगें

प्रात: किरण संवाददाता

पटना । मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना के तहत किसान अब मत्स्य पालन के साथ खेती और बागवानी भी कर सकेगें। इस योजना के तहत निजी चैर की जमीन को मत्स्य पालन के साथ समेकित जल कृषि को लेकर उपयोगी बनाया जा रहा है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के मत्स्य निदेशालय के द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर उपलब्ध निजी चौर भूमि को मत्स्य आधारित समेकित जलकृषि हेतु विकसित करना है जिससे अव्यवहृत पड़े चौर संसाधनों में मछली पालन के साथ साथ कृषि बागवानी एवं कृषि वानिकी का समेकन कर उत्पादन एवं उत्पादकता में अभिवृद्धि की जा रही है। इस योजनान्तर्गत चौर विकास हेतु लाभुक आधारित चौर विकास एवं उद्यमी आधारित चौर विकास का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत एक हेक्टेयर रकवा में दो तालाब निर्माण जिसका इकाई लागत (इनपुट सहित) रू0 8.88 लाख प्रति हे0 है। एक हेक्टेयर रकवा में चार तालाब निर्माण में इकाई लागत (इनपुट सहित) रू0 7.32 लाख प्रति हे0 है तथा एक हेक्टेयर रकवा में एक तालाब निर्माण एवं भूमि विकास में इकाई लागत (इनपुट सहित) रू0 9.69 लाख प्रति हे0 है। इस योजनान्तर्गत उत्यंत पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 70 प्रतिशत तथा अन्य वर्ग के लिए 50 प्रतिशत अनुदान एवं उद्यमी आधारित चौर विकास के लिए 40 प्रतिशत तथा अधिकतम 05 करोड़ राशि सीमित रहेगी। एक व्यक्ति प्रति परिवार को न्यूनतम 0.1 हे0 तथा अधिकतम 05 हे0 एवं समूह में 20 हे0 (न्यूनतम 4 व्यक्ति) से अधिक भूमि के लिए उद्यमी आधारित अनुदान दिया जा रहा है। लाभुक द्वारा आवेदन के बाद विभागीय स्तर से आवेदन की जाँच कर तालाब निर्माण और आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। सभी इच्छुक लाभार्थी 31 अगस्त तक पर आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी अधिकारिक बेवसाइट पर अथवा जिला मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। चौर विकास योजना न केवल राज्य के मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा दे रही है बल्कि जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान के तहत पानी की गुणवत्ता भी बढ़ा रही है। इसके लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग सभी विभागों को तकनीकि सहायता प्रदान करने हेतु तत्पर है ताकि इस अभियान का उद्देश्य एवं प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के साथ पार्यावरण संरक्षण को पूरा किया जा सके।

# पीस पार्टी ने नई कमिटी का किया गठन



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। राजधानी के आईएमए हाल में पीस पार्टी बिहार ईकाई की बैठक हुई। बैठक में पार्टी ने पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमिटी गठित की है। इस बात की जानकारी और प्रेस वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं बिहार के प्रभारी हाफिज गुलाम सरवर ने दी। उन्होंने बताया कि पीस का मतलब शांति होता है। पार्टी बिहार में 30 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई टीम बनाया है। पार्टी ने प्रदेश संगठन की कमान पसमांदा मुसलमान तौफीक अहमद शाह को सौंपा है। वहीं संगठन में अहम पदों पर दलित, पिछड़े और पसमांदा मुसलमान होंगे। उन्होंने कहा कि सीमांचल पर खास नजर रखते हुए पार्टी ने मुफ्ती सैय्याद अलम नुमानी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सीमांचल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि मुफ्ती तस्कीनअहमद कासमी को महासचिव बनाया गया है। वहीं मौलाना मुजाहिदुल इस्लाम नोमानी को संयुक्त सचिव, मोहम्मद फैज को उपाध्यक्ष, जय राम सिंह को सचिव, महेश पासवान को सचिव, नन्द किशोर दास को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं बिहार प्रभारी ने स्वागत किया। पार्टी को मजबूत करने की बात कही।

# पटना में दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने किया बहुआयामी प्रतियोगिताओं का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




पटना । शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, विचार और सृजनात्मकता का समग्र विकास है। इसी सोच को साकार करते हुए दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने मंगलवार को पटना स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, शास्त्री नगर में एक दिवसीय सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह आयोजन बच्चों में सृजनात्मक चेतना, नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और देशप्रेम को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम साबित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को उजागर करना और उन्हें एक मंच देना था जहाँ वह स्वतंत्र रूप से अपना विचार, कला, संस्कार और रचनात्मकता को अभिव्यक्त कर सके। आयोजन में शामिल प्रतियोगिताएँ थीं, निबंध लेखन, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता, राखी निर्माण, चित्रकला एवं पोस्टर निर्माण, भजन एव देशभक्ति गीत गायन तथा नृत्य प्रस्तुति। हर प्रतियोगिता विद्यार्थियों की सोच, संप्रेषण क्षमता और कलात्मक दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष प्रमाण बनकर उभरी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस शुभारंभ ने न केवल आयोजन को एक आध्यात्मिक छाया प्रदान की, बल्कि वहां उपस्थित हर व्यक्ति के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन की महिला अध्यक्ष डॉ. ऋचा दुबे ने की। उनके नेतृत्व में कार्यक्रम को सशक्त दिशा मिली। विद्यालय की सचिव उर्मिला कुमारी, प्रचार्या रूपम रानी एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण यथा- निभा कुमारी, मधु मालती, सीमा कुमारी, सविता शालिनी, अंजु कुमारी, माधवी कुमारी, अमृता सिंह, अमित कुमार, राकेश रंजन, सुकांत जी और मिथलेश कुमार मिश्रा की उपस्थिति ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार किया। दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन की ओर से डॉ. राकेश दत्त मिश्र (निदेशक), सुनीता पाण्डेय (निदेशिका) और रमेश कुमार चौबे (सदस्य) विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. मिश्र ने इस आयोजन को भविष्य के निर्माण का हिस्सा बताते हुए कहा कि अक्टूबर माह तक इस प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम और विद्यालयों में आयोजित होंगे। नवम्बर में एक भव्य समारोह में सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसकी औपचारिक घोषणा अक्टूबर के अंत में की जाएगी। कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण रहा। पर्यावरण के प्रति चेतना को जागृत करते हुए सभी अतिथियों और शिक्षकों ने वृक्ष लगाए। यह गतिविधि बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, कर्तव्यबोध और हरियाली के महत्व को उजागर करने वाली रही। प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों में निबंध लेखन- सूरज शंकर, वेद प्रकाश, कुंदन प्रसाद सिन्हा, आयशा कुमारी, वाद-विवाद- अदिति सिंह, प्रत्युष, अन्नू कुमारी, अपर्णा कुमारी, मिनाक्षी झा, मानवी गुप्ता, राखी निर्माण- श्रीविद्या भारती, मिष्टी, नैंसी कुमारी, शालू सिंह, सुकृति झा, नंदनी कुमारी, दिव्या कुमारी, वैष्णवी कुमारी, वैष्णवी राज, ज्योति कुमारी, साक्षी कुमारी, भजन एव देशभक्ति गीत- लक्ष्य गुप्ता, नृत्य प्रस्तुति- शैल्वी (शिवतांडव), नंदनी, अन्नू, प्रत्युषा, प्रिया (मैं इतिहास का आईना हूँ), अंजली, काजल, मुस्कान, प्रिया (माय भवानी), चित्रकला- अशीम राज, लक्ष्य आर्य, शिवाय, सूरज कुमार, भूमि, अदिति कुमारी, आरोही कुमारी, अर्पिता श्रीवास्तव, भूमि प्रिया, अपराजिता राज, आकांक्षा राज, श्रीप्रिया, विद्या कुमारी, ॐ राज, वेदांत कुमार, शिवांश रॉय, हर्ष मिश्र, कुमार श्रीवंश, शंवी कुमारी, सक्षम आर्य, ऋषभ राज, चैतन्य, पोस्टर निर्माण- रिया कुमारी (पर्यावरण), राखी कुमारी (स्वतंत्रता दिवस), भाषण प्रतियोगिता- साक्षी कुमारी, निशा भारती, श्रृष्टि कुमारी, अंकित कुमार, अयांश सिंह, श्लोक मिश्र, अदिति सिंह, मीनाक्षी झा, मानवी गुप्ता शामिल थी। इन नामों की सूची इस बात का प्रमाण है कि बिहार की धरती प्रतिभाओं से समृद्ध है, आवश्यकता है तो बस उन्हें उचित मार्गदर्शन और मंच देने की। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें शिक्षा और संस्कृति का समन्वय दिखा। बच्चों ने जहाँ तर्क, भाषण और लेखन के माध्यम से अपने विचारों को प्रस्तुत किया, वहीं चित्रकला, नृत्य और गीतों से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। राखी निर्माण जैसी प्रतियोगिता से न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा मिला, बल्कि भारतीय परंपरा और भाई-बहन के पवित्र संबंध का भाव भी पुष्ट हुआ। दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन का यह प्रयास निश्चित ही एक सकारात्मक सामाजिक पहल है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करता है, बल्कि समाज में संस्कृति, शिक्षा और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना भी जागृत करता है।

## सकुशल बरामद कर अग्रिम कार्रवाई को लेकर न्यायालय भेजा

प्रात: किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना पर आरओबी के निकट चेकिंग के दौरान एक बाइक पर आ रहे तीन लोगो शराब के साथ पकड़ लिया। इसके पास से पुलिस ने काले रंग के बैग में रखे 11 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस ने बाइक का भी जप्त कर लिया। बताया जाता है कि रूपसपुर पुलिस को आरओबी की ओर से बाइक से तीन लोगो को शराब लेकर आने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने चेकिंग लगा दिया। पुलिस को देख बाइक सवार घुमाकर भागने का प्रयाश करने लगा। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों को पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति के पास से काले रंग का बैग से 11 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जप्त शराब के खेप को उत्तर प्रदेश से बिहार लाया गया था। गिरफ्तार लोगो में रूपसपुर के हरदासपुर निवासी. विशाल कुमार, विक्रांत कुमार व पवन कुमार शामिल है

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे । बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, मानसून के दौरान उठाये जाने वाले आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी ।एसेट मेंटेनेंस, कॉशन ऑर्डर एवं स्पीड रिस्ट्रिक्शन आदि पर विषयों पर भी बैठक में विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ चर्चा की गयी । बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गयी ।महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी ली । पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य एवं विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया ।

# पर्यावरण की सुरक्षा सबों का दायित्व है : प्रदीप कुमार

प्रात: किरण संवाददाता




पटना । अहमदाबाद के जुंदाल सर्कल के पास स्थित नवपाद हेलियस सोसायटी में सामाजिक संस्था खिलखिलाहट: मुस्कान की किरण द्वारा एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना और हरियाली बढ़ाना था। संस्था की यह पहल न केवल समाज में पर्यावरणीय चेतना जगाने का कार्य कर रही है, बल्कि लोगों को अपने जीवन के विशेष अवसरों को पौधारोपण से जोड़ने की प्रेरणा भी दे रही है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत लगभग 25 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। प्रमुख पौधों में अमरूद, आम, आँवला, शहतूत, जलेबी, नीम, पीपल, गुलमोहर और अशोक शामिल था। इन पौधों का चयन बहुत सोच-समझकर किया गया था, ताकि वह न केवल छाया और ऑक्सीजन दें, बल्कि आने वाले समय में समाज के लिए उपयोगी भी बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने की। उन्होंने कहा, ह्वपर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार या किसी संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, यह सभी नागरिकों का साझा दायित्व है ह्व उन्होंने यह भी अपील किया है कि सब लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए और पर्यावरण की रक्षा के लिए छोटे-छोटे कदमों से शुरूआत करनी चाहिए। इस अवसर पर घरेलू पौधों का वितरण भी किया गया, जिसमें तुलसी, मीठी तुलसी, स्पाइडर प्लांट, स्नेक प्लांट और ओलिवेरा जैसे पौधे शामिल थे। इन पौधों को लोगों में बांटकर उन्हें अपने घरों में हरियाली और शुद्धता लाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शामिल विशिष्ट अतिथियों में गुजरात प्रदेश अध्यक्ष जय नारायण शाही, निदेशिका शालिनी वर्मा के साथ-साथ क्षितिज सिन्हा, नीरज सिन्हा, अरविंद सिन्हा, अर्चना सिन्हा, संध्या सिन्हा, वर्षा देव, शशि प्रभा और पंकज अंबेकर जैसे सक्रिय सदस्य भी उपस्थित थे। इन सभी ने पौधारोपण में सक्रिय भागीदारी निभाई और कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष जय नारायण शाही ने सभी सहभागियों का आभार प्रकट करते हुए एक भावनात्मक अपील किया कि अपने जन्मदिवस या किसी यादगार दिन पर एक पौधा लगाकर उसे जीवनभर पालें, जैसे अपने रिश्ते निभाते हैं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि लोग पौधों को उपहार स्वरूप देकर एक सकारात्मक परंपरा की शुरूआत करें।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित परिधान प्रशिक्षण सिलाई केंद्र में कार्यशाला का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में रेलवे कॉलोनी हाजीपुर स्थित ह्वपरिधानह्व प्रशिक्षण सिलाई केंद्र की विद्यार्थियों के लिए सिंगर कंपनी द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन करवाया गया । साथ ही साथ उन सभी प्रशिक्षुओं के प्रथम बैच के प्रशिक्षण समाप्त होने के उपरांत मंगलवार परीक्षा भी आयोजित किया गया। सभी विद्यार्थियों को कार्यशाला के माध्यम से सिलाई से संबंधित तरह तरह की जानकारी एवं इसकी महत्व के बारे में बताया गया । परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सिंगर कंपनी के तरफ से प्रमाण पत्र दिया जाएगा जिससे वे भी आगे चल कर कुछ स्व-रोजगार के लिए लाभान्वित हों सकेंगे ।

# पटना जंक्शन पर गहन जाँच के दौरान पकड़े गये 08 अनाधिकृत वेंडर



प्रात: किरण संवाददाता

आज मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर, श्री विनोद कुमार के निर्देश पर, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री अभिनव सिद्धार्थ की निगरानी में वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने स्टेशन निदेशक,पटना श्री अरूण कुमार की मौजूदगी में, पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या 2/3 पर, बिना किसी उचित प्राधिकार के,08 अनाधिकृत वेंडर्स को बिक्री करते हुए, पकड़ा गया और उनलोगों को रेलवे एक्ट के तहत कानुनी कार्रवाई के लिए आर.पी.एफ. को सुपुर्द कर दिया गया।इन अनाधिकृत वेंडर्स द्वारा अनानास,अमरूद, पपीता,पानी,भूँजा इत्यादि बेचा जा रहा था। आगे भी रेल परिसर में इस तरह के अनाधिकृत वेंडर्स को रोकने का अभियान जारी रहेगा।

## प्रमंडल और जिला स्तर पर वरीय अधिकारी करेंगे तैयारी का पर्यवेक्षण और शिविरों की निगरानी

# राजस्व महाअभियान: मुख्यालय स्तर से होगा पर्यवेक्षण, अनुश्रवण कोषांग का गठन

प्रात: किरण संवाददाता



पटना।16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक संचालित होने वाले राजस्व महाभियान के सफल संचालन, पर्यवेक्षण एवं नियमित अनुश्रवण के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने अनुश्रवण कोषांग का गठन किया है। इस कोषांग के माध्यम से विभागीय मुख्यालय स्तर के वरीय पदाधिकारी प्रमंडल और जिला स्तर पर अभियान की प्रगति की निगरानी करेंगे। उनको लगातार शिविरों के निरीक्षण के साथ चल रही तैयारियों का भी लगातार जायजा लेते रहने का निर्देश जारी किया गया है। राजस्व महा-अभियान के दौरान डिजिटाइज्ड जमाबंदी में सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन दर्ज करने, उत्तराधिकार नामांतरण एवं बंटवारा नामांतरण से संबंधित कार्यों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इसके लिए राज्यभर में हल्कावार शिविर आयोजित होंगे।

**प्रमंडल स्तर पर सचिव स्तर के अधिकारी रखेंगे निगरानी:** राजस्व महाअभियान का प्रत्येक प्रमंडल में सचिव/निदेशक स्तर के पदाधिकारियों को पर्यवेक्षण की जिम्मेवारी दी गई है। विभाग के सचिव जय सिंह को पटना प्रमंडल, सचिव गोपाल मीणा को सारण एवं दरभंगा प्रमंडल, सचिव-सह-निदेशक, चकबंदी राकेश कुमार को कोसी एवं मुंगेर प्रमंडल, निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप जे. प्रियदर्शनी को तिरहुत प्रमंडल, निदेशक, भू-अर्जन कमलेश कुमार सिंह को पूर्णिया एवं भागलपुर प्रमंडल एवं विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह को मगध प्रमंडल की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

**जिलावार नामित किए गए हैं वरीय पदाधिकारी:** राजस्व महाभियान को प्रभावी बनाने के लिए विभागीय मुख्यालय स्तर से वरीय पदाधिकारियों को जिला स्तर पर भी जिम्मेदारी दी गई है। हर अधिकारी को एक या एक से अधिक जिले आवंटित किए गए हैं, जहां वे शिविरों की निगरानी, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, आवेदन प्रक्रिया की समीक्षा करेंगे। पटना जिले की निगरानी मोना झा, उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग को सौंपी गई है। बक्सर, कैमूर और भोजपुर जिलों की जिम्मेवारी महेन्द्र पाल, अपर सचिव को दी गई है। सहरसा और मधेपुरा में अनुश्रवण का कार्य अनिल कुमार पाण्डेय, संयुक्त सचिव के जिम्मे है। दरभंगा, समस्तीपुर और मधुबनी की निगरानी आजीव वत्सराज, सहायक निदेशक, भू-अर्जन-सह-संयुक्त सचिव करेंगे। मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और शिवहर जिलों में मणि भूषण किशोर, विशेष कार्य पदाधिकारी पर्यवेक्षण करेंगे। गया, नवादा और अरवल की देखरेख डॉ. सुनील कुमार, उप सचिव करेंगे। गोपालगंज और सिवान जिलों के लिए संजय कुमार सिंह, उप सचिव को जिम्मेदारी मिली है। वैशाली जिले की निगरानी सोनी कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी करेंगी। जहानाबाद में नवाजिश अख्तर, विशेष कार्य पदाधिकारी भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को जिम्मेदारी दी गई है। नालंदा जिले में पल्लवी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को तैनात किया गया है। सारण जिले की निगरानी अनुजा सिन्हा, राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो करेंगी। अररिया और सुपौल जिलों में अनुश्रवण का दायित्व गोपी नाथ मंडल, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को मिला है। कटिहार और भागलपुर जिलों की जिम्मेदारी आशुतोष कुमार, अनुदेशक, राजस्व प्रशिक्षण संस्थान के पास है। पूर्णिया और किशनगंज जिलों के लिए राजेश कुमार सिंह, अनुदेशक को तैनात किया गया है। बेगूसराय और खगड़िया जिलों की निगरानी पंकज कुमार, अनुदेशक करेंगे। शेखपुरा और लखीसराय जिलों की जिम्मेदारी अमरेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक, कृषि गणना को दी गई है। रोहतास और औरंगाबाद की निगरानी सुमित कुमार आनन्द, सहायक निदेशक, कृषि गणना करेंगे। बांका, जमुई और मुंगेर जिलों की जिम्मेदारी संजीव कुमार सिन्हा, अनुदेशक, चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान को दी गई है। पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण की देखरेख राजीव रंजन चक्रवर्ती, अनुदेशक, चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान करेंगे।

### रैयत इस अवसर का लाभ उठाएं: मंत्री

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि आम रैयतों की परेशानियों को देखते हुए जमाबंदियों में सुधार को लेकर बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। इस महाभियान की सफलता क्षेत्रीय अनुश्रवण और प्रभावी पर्यवेक्षण पर निर्भर है। विभागीय पदाधिकारी इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लें। रैयतों से भी जमीन के दस्तावेज में सुधार के इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाने की उन्होंने अपील की है।

# भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में उर्वरक क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण : विजय

**सरकार की उर्वरक नीतियां आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम**

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार कृषि और इससे जुड़े क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 16 प्रतिशत का योगदान करते हैं, जबकि 46 प्रतिशत से अधिक आबादी की आजीविका इस क्षेत्र पर निर्भर है। इससे यह स्पष्ट होता है कि कृषि न केवल खाद्य उत्पादन, बल्कि रोजगार और आर्थिक विकास का भी मूल स्तंभ है।

श्री सिन्हा ने कहा कि संसद द्वारा पारित अनुपूरक अनुदान मांगों के माध्यम से वित्त वर्ष 2024-25 में उर्वरक विभाग का बजट 1,68,130.81 करोड़ से बढ़ाकर 1,91,836.29 करोड़ कर दिया गया है। यह संशोधित आवंटन न केवल प्राकृतिक गैस की कीमतों, अनुमानित उर्वरक उपयोग और वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखता है, बल्कि यह सरकार के मजबूत समर्थन को भी रेखांकित करता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में भारत ने 314 लाख मीट्रिक टन से अधिक का अब तक का सर्वाधिक घरेलू यूरिया उत्पादन दर्ज किया। पिछले छह वर्षों में छह नए यूरिया संयंत्रों की स्थापना से घरेलू उत्पादन क्षमता में 76.2 एलएमटी की वृद्धि हुई है। श्री सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2023-24 में भारत में कुल उर्वरक खपत 601 एलएमटी रही, जिसमें से 503 एलएमटी घरेलू उत्पादन और 177 एलएमटी आयात किया गया। देश अब यूरिया की 87 प्रतिशत और एनपीके उर्वरकों की 90 प्रतिशत आवश्यकता घरेलू स्तर पर पूरी कर रहा है, हालांकि डीएपी और एमओपी के मामले में आयात निर्भरता अभी भी बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2024-25 में पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत आवंटन को 45,000 करोड़ से बढ़ाकर 54,310 करोड़ किया गया है, ताकि किसानों को निरंतर सहायता मिल सके।

श्री सिन्हा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक उर्वरक योजना के तहत देशभर में ब्रांडिंग की एकरूपता लाई गई है, जिससे पारदर्शिता एवं वितरण प्रणाली में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की उर्वरक नीतियाँ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम हैं, जिससे किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक सुलभ हो सके।

# राजद और कांग्रेस की पहचान, एक क्रेडिटखोर तो दूसरा क्रेडिट चोर: सम्राट

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कार्यों की क्रेडिट लेने की होड़ मची है। सरकार द्वारा किसी भी घोषणा को लेकर विपक्ष नकल बताकर खुद को क्रेडिट लेने की जुगत में है। ऐसे में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कांग्रेस और राजद पर इसे लेकर जोरदार निशाना साधा है। सम्राट चौधरी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद और कांग्रेस की एक ही पहचान है: एक क्रेडिट खोर तो दूसरा क्रेडिट चोर। उप मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पुराने दौर की भी याद दिलाते हुए लिखा, बिहार में 15 साल लालू प्रसाद जी का वह कुख्यात 90 के दौर वाला शासन रहा। उसके पहले 40 साल बिहार की बदहाली वाला कांग्रेस का शासन रहा। केंद्र में राजद-कांग्रेस मिलकर 2014 तक शासन करते रहे। लेकिन बिहार में न रोजगार ला पाए। न व्यापार ला पाए। न जातिवार जनगणना करा पाए। न बिहार के युवाओं को बिहार में अवसर देने की नीति लागू कर पाए। उन्होंने आगे लिखा, लेकिन एनडीए सरकार कुछ भी करे तो कूदकर क्रेडिट लेने निकल पड़ते हैं। अगर अपनी सरकार रहते इनमें से कुछ किए होते तो आज क्रेडिट लेने के लिए छटपटाना नहीं पड़ता। उन्होंने आगे कहा कि राजद और कांग्रेस की पहचान है- एक क्रेडिट खोर और दूसरा क्रेडिट चोर। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को शिक्षक बहाली में डोमिसाइल नीति लागू करने की घोषणा की थी। इसके तत्काल बाद बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सरकार को निशाने पर लेते हुए इसे नकलची सरकार कह दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार बिहार में डोमिसाइल नीति लागू करने की हमारी मांग को एकदम सिरे से खारिज करती थी, सदन में किसी भी सूरत में डोमिसाइल नीति लागू नहीं करने का दंभ भरती थी, और अब वही लोग हमारी अन्य योजनाओं की भांति इस घोषणा की भी नकल कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्पष्ट है कि 20 वर्षों की इस नकलची एनडीए सरकार की अपनी कोई नीति, दृष्टि और विजन नहीं है। जिस सरकार को 20 सालों में यह नहीं सूझा कि क्या करना है और क्या नहीं करना, उसे हमारे इशारों, मांगों और घोषणाओं पर नाचते देख बिहारवासियों को अच्छा लग रहा है।

# तेजस्वी द्वारा झूठे श्रेय की राजनीति जनता को भ्रमित करने की नापाक साजिश : उमेश

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी करते हुए नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव पर झूठे श्रेय के लिए हायतौबा मचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव राजनीतिक बौखलाहट के दौर से गुजर रहे हैं और अपने सियासी अस्तित्व को बचाने के लिए लगातार नए-नए हथकंडों का सहारा ले रहे हैं। श्री कुशवाहा ने तंज करते हुए कहा कि जिस दूरदर्शी नेतृत्व और कार्यशैली के लिए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की नीतियों को देश-विदेश में सराहा गया है, उस पर तेजस्वी यादव द्वारा नकल का आरोप लगाना राजनीतिक रूप से हास्यास्पद और अपरिपक्वता भरा कृत्य है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार की बालिका साइकिल योजना को अफ्रीकी देशों ने अपनाया, जीविका मॉडल आज पूरे देश में प्रेरणा बना हुआ है, और पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50ः आरक्षण देने की ऐतिहासिक पहल को कई राज्यों ने अनुसरण किया है। ये वे महत्वपूर्ण कार्य हैं जिनसे बिहार ने पूरे देश को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि बिहार के नेता प्रतिपक्ष के पास न तो सही जानकारी है, न ही दूरदृष्टि और न ही जनहित के लिए कोई गंभीर दृष्टिकोण। ऐसे में उनका झूठा श्रेय लेने का प्रयास केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की एक कोशिश है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव के माता-पिता ने 15 वर्षों तक बिहार में शासन किया, लेकिन आज वे स्वयं किसी भी मंच पर खड़े होकर उस कार्यकाल की 15 भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ जनता को नहीं बता सकते। उनकी राजनीति अब केवल नीतीश सरकार के कार्यों का झूठा श्रेय लेने और भ्रम फैलाने तक सीमित रह गई है, लेकिन अब बिहार की जागरूक जनता उनके बेबुनियाद दावों और दुष्प्रचारों में फंसने वाली नहीं है।

# वोटर लिस्ट में अनियमितताएं ठीक नहीं हुईं तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे : तेजस्वी

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा कि अगर बिहार की मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को ठीक नहीं किया गया, तो हम सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया तो हम सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। यह किसी एक पार्टी की बात नहीं है झ्र यह लोकतंत्र को बचाने की बात है। उन्होंने आरोप लगाया कि मृत मतदाताओं के नाम शामिल कर लिए गए, जबकि विशिष्ट समुदायों के नाम हटा दिए गए। तेजस्वी ने यह भी कहा कि राजद और उसके सहयोगी चुनाव आयोग को साक्ष्य के साथ शिकायत सौंपेंगे। इस दौरान तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से मिले नोटिस की पुष्टि की और कहा कि वह इसका जवाब देंगे। तेजस्वी ने कहा, जवाब दिया जाएगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से कई नाम गायब हैं। हम गायब नामों की सूची चुनाव आयोग को भेजेंगे और इसे अदालत में भी पेश करेंगे। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग उनकी गंभीर और वैध चिंताओं का जवाब क्यों नहीं दे रहा है। महागठबंधन की विपक्षी पार्टियों ने भी यही चिंता जताई है कि कुछ जिलों में चुनाव आयोग सरकार के दबाव में मतदाता सूची में हेरफेर कर रहा है। हाल ही में चुनाव आयोग (ईसीआई) की निष्पक्षता पर बार-बार सवाल उठे हैं, जिससे राजनीतिक माहौल और गर्म हो गया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर चुनाव आयोग राजनीतिक नेताओं से जवाबदेही की उम्मीद करता है, तो उसे भी जनता की शिकायतों के प्रति पारदर्शी और जवाबदेह होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संविधान की विश्वसनीयता और लोकतंत्र के भविष्य का सवाल है। हम अपने तथ्य आयोग के सामने रखेंगे और जरूरत पड़ी तो न्यायालय में भी जाएंगे।

**सरकार के पास अपना कोई विजन नहीं :** नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए शासित बिहार सरकार ने प्रदेश में शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल नीति लागू करने का फैसला किया है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही सरकार में आने पर इसे लागू करने की बात कही थी। तेजस्वी ने कोई स्पष्ट नीति और विजन नहीं होने को लेकर सरकार को घेरा। तेजस्वी यादव ने कहा, हमने पहले ही कहा थ्बा कि हमारी सरकारी आएगी तो इसे करेंगे। ऐसे में जो हम कहते हैं, उसी को सरकार कर रही है। सरकार आगे हमारी मां-बहन योजना को भी कॉपी करेगी। सरकार के पास अपना कोई रोडमैप या विजन नहीं है। डोमिसाइल की बात लगातार 20 सालों से हो रही है। हम सभी चाहते हैं कि बिहार के लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार और नौकरी मिले। कई राज्यों में डोमिसाइल है, लेकिन यहां पर अभी किया गया है। अब यह देखना होगा कि सरकार इसे कैसे इंप्लीमेंट करती है। एक बात स्पष्ट हो गया है कि जो विपक्ष कहता है, सरकार उसे कॉपी करता है। हम कहते हैं और वे करते हैं।

## खूले नाले में डाला जा रहा कचरा, बढ़ी परेशानी

पटना। पटना नगर निगम ने शहर के विभिन्न इलाकों में खुले नालों एवं जल निकासी को प्रभावित किया जा रहा है। मॉनसून के दौरान हो रही बारिश के दौरान पटना नगर निगम कर्मियों को कई इलाकों में मेनहॉल एवं खुले नाले में कचरा मिला। कर्मियों को नालों में न सिर्फ प्लास्टिक की बोतलें और पॉलिथीन बल्कि नारियल, सब्जियाँ, बरतन, तकिए और शीशे की बोतलें, भवन निर्माण का मलबा बड़ी मात्रा में मिल रही हैं। स्पष्ट तौर पर यह कचरा आस-पास के निवासियों अथवा दुकानदारों द्वारा ही इस कचरे को खुले नालों में फेंका गया है। इस अनुचित व्यवहार के कारण शहर की जल निकासी प्रणाली में गंभीर अवरोध उत्पन्न हो रहा है।

# नीतीश कुमार के कल्याणकारी निर्णयों से बिहार को विकास के मिल रहे हैं नए पंख : लेशी

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आमजनों की समस्याएँ सुनीं और उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए लेशी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शिक्षा व्यवस्था में डोमिसाइल नीति लागू किया जाना एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे बिहार के युवाओं को न केवल वरीयता मिलेगी, बल्कि उनके भविष्य के अवसर भी व्यापक बनेंगे। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों तक लालू-राबड़ी की सरकार रही, लेकिन उस दौर में न तो युवाओं के लिए कोई ठोस पहल हुई, न ही महिलाओं के हित में कोई दूरदर्शी सोच दिखाई दी, जबकि राबड़ी देवी स्वयं महिला मुख्यमंत्री थीं। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष पूरी तरह मुद्दाविहीन हो चुका है और उसी हताशा में झूठ और भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। इसके विपरीत, माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनता के हित में निरंतर सार्थक और दूरगामी निर्णय लिए जा रहे हैं।

# 8 अगस्त को जगमगाएगा बिहार, माता सीता जन्मभूमि मंदिर का होगा शिलान्यास : रणबीर

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को यह घोषणा करते हुए अपार हर्ष और गर्व की अनुभूति हो रही है कि 08 अगस्त 2025 को सीतामढ़ी के पवित्र पुनौरा धाम में जगदजननी माता सीता के भव्य मंदिर का भूमि पूजन और शिलान्यास ऐतिहासिक एवं दिव्य माहौल में संपन्न होगा। यह दिन न केवल मिथिला या बिहार के लिए, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए आस्था, संस्कृति और गौरव का महापर्व सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि पुनौरा धाम वही पावन स्थल है, जहाँ मिथिला नरेश राजा जनक ने हल जोतते समय धरती से माता सीता को पाया था। इसी कारण यह भूमि सीता जन्मभूमि के रूप में विख्यात है। हमारे धर्मग्रंथों में वर्णित है कि माता सीता के प्राकट्य के समय पूरी मिथिला में उल्लास और उत्सव का वातावरण था। आज वही ऐतिहासिक क्षण एक नई ऊर्जा और दिव्यता के साथ पुनः साकार होने जा रहा है।इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्रीनीतीश कुमार मंदिर का शिलान्यास करेंगे। साथ ही बिहार के उपमुख्यमंत्रीगण सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सहित राज्य मंत्रिमंडल के सभी मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण और देशभर से पधारे साधु-संत एवं हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।

# बांका के ओढ़नी डैम के पास पर्यटकों को मिलेगी विशेष पर्यटकीय सुविधाएं

**-कैफेटेरिया का निर्माण हुआ पूरा, इस माह के अंत तक कैफेटेरिया के लीज की प्रक्रिया होगी पूरी**

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। ओढ़नी डैम, बांका जिले में स्थित एक अतिसुंदर डैम है, जहां बिहार पर्यटन ने वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा उपलब्ध करायी है, जिसका लुत्फ रोज पर्यटक उठा रहे हैं। इस जगह पर आप नदी और बांध की सुंदरता एक साथ देख सकते हैं। ओढ़नी डैम में मोटरबोट, स्पीड बोट और जेट स्कीइंग से लेकर एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स जैसी व्यवस्था शुरू की गई हैं। पर्यटन की दृष्टि से यह एक बेहतरीन जगह है जहाँ खाने पीने की चीजों से लेकर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। इसके कारण ओढ़नी डैम राज्य में एक महत्वपूर्ण टूरिस्ट स्पॉट के रूप में उभरा है और रोजाना यहाँ सैकड़ों लोग परिवार या दोस्त संग इस जगह का भरपूर आनंद उठाते हैं। अब यहां की पर्यटकीय सुविधाओं में और भी बढ़ोत्तरी हो रही है। बांका के ओढ़नी डैम के पास अब पर्यटकों को और भी विशेष पर्यटकीय सुविधाएं मिलेगी। पर्यटन विभाग ने यहां एक सुविधाओं से युक्त कैफेटेरिया का निर्माण पूरा कर लिया है और थीम पार्क व पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण कार्य लगातार किया जा रहा है। ओढ़नी डैम मैं कैफेटेरिया का निर्माण कुल 3.45 करोड़ रुपये से कराया गया है, यहां अब तक प्री फैब कैफेटेरिया और स्थल विकास का कार्य पूरा हो गया है।

कैफेटेरिया की लीज की प्रक्रिया भी इसी माह पूरी हो जाएगी, जिसके बाद वहां जाने वाले पर्यटकों को खानपान की बेहतर सुविधाएं मिलने लगेगी। इसके साथ ही यहां 7.49 करोड़ रुपये की लागत से थीम पार्क, थीम पार्क की चहारदिवारी, कनेक्टिंग ब्रिज, ओपेन एयर थियेटर, गजीबो, पार्किंग, फेंसिंग, पार्किंग की चहारदिवारी, मल्टीपर्पस ब्लॉक, नवग्रह चिल्ड्रेन पार्क, फाउन्टेन, पोडियम, पेडस्टल, लैण्ड स्केपिंग, साइनेज, पाथवे आदि का निर्माण सतत किया जा रहा है। ये सभी योजनाएं यहां शीघ्र ही पूरी हो जाएगी। इसके उपरांत यहां आने वाले पर्यटकों को और भी ज्यादा तथा विशेष पर्यटकीय सुविधाएं मिलेगी। ज्ञात हो कि बांका में ही मंदार पर्वत पर कई पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया गया है। पौराणिक मंदार पर्वत पर जाने के लिए अत्याधुनिक रोप-वे की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, इसके साथ ही विभिन्न पर्यटकीय

# हिन्दी को राजकीय भाषा घोषित करने वाले देश के पहले राज्य में भाषा की उपेक्षा क्यों?

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। पटना उच्च न्यायालय में हिन्दी में भी रीट और कर याचिकाएँ की जा सके, इसलिए बिहार की मंत्री परिषद में एक प्रस्ताव 19 सितम्बर, 2023 को ही पारित किया गया था। किंतु उक्त निर्णय के आलोक में अबतक अधिसूचना निर्गत नहीं हो पायी है, जिसके कारण पटना उच्च न्यायालय में अभी भी हिन्दी में याचिकाकताओं के समक्ष बाधाएँ आ रही हैं। राज्य सरकार को यथा शीघ्र अधिसूचना निर्गत करनी चाहिए। मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, अखिल भारतीय भाषा संरक्षण संगठन, दिल्ली द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरपाल सिंह राणा ने प्रदेश शासन से यह मांग की। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य का विषय है कि बिहार में भी हिन्दी के लिए वह काम नहीं हो पा रहा है, जिसकी अपेक्षा की जाती है। संवाददाताओं से वार्ता करते हुए साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने श्री राणा के विचारों से सहमति जताते हुए कहा कि हिन्दी को राजकीय भाषा घोषित करने वाले देश के पहले राज्य बिहार में भी हिन्दी की उपेक्षा हो, यह दुःख पहुँचाने वाला है। प्रदेश के सभी राजकीय कार्यों के साथ, सभी विश्वविद्यालयों और न्यायपालिकाओं में भी सभी कार्य राजभाषा में होने चाहिए। हिन्दी के लिए न्यायालयों में आंदोलनरत चर्चित अधिवक्ता इंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि मंत्रिपरिषद के उक्त निर्णय की अधिसूचना निर्गत नहीं होने से पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के बीच भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इस कारण से हिन्दी की बात कारने वाले अधिवक्ताओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है। अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद यादव, अधिवक्ता संघ, पटना उच्च न्यालय के संयुक्त सचिव रणविजय सिंह, डा आलोक कुमार सिन्हा, अधिवक्ता विनोद कुमार, अधिवक्ता मंटू कुमार, अधिवक्ता सुनील कुमार सिंह, अधिवक्ता जितेंद्र कुमार, अधिवक्ता रूपेश कुमार, सम्मेलन के प्रबंधमंत्री कृष्णरंजन सिंह और भवन-अभिरक्षक प्रवीर कुमार पंकज भी संवाद-वार्ता में उपस्थित थे।


**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**
**केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 01, पटना का कार्यालय**
**अल्पकालीन सूचना वर्ष 2025–26**
**चतुर्थ श्रेणी के इच्छुक संवेदको के सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव आमंत्रण सूचना :–**

एतद् द्वारा संबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना में वित्तीय वर्ष 2025–26 में अनुरक्षण/मरम्मति शीर्ष के अन्तर्गत आपातकालीन/अत्यावश्यक स्थिति में भवन संबंधी कार्यो के लिए नामांकरण के आधार पर कार्य आवंटन एवं कार्य करने हेतु पटना जिला में अवस्थित विभिन्न भवन प्रमण्डल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के बीस (20) संवेदको को विहित विभागीय प्रक्रिया के अनुसार चयन/सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव विहित प्रपत्र में स्पष्ट एवं पठनीय (कम्पयूटराइज) रूप से भरकर वांछित कागजातों एवं आवश्यक अग्रधन की राशि (रू० 5,000.00, बैंक ड्रॉफ्ट/ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना, भवन निर्माण विभाग, पटना के पदनाम से भुगतेय हो, जो लौटाया नही जायेगा) के साथ दिनांक 18.08.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित करना होगा। केवल वैसे ही संवेदक प्रस्ताव दे सकेंगे, जिन्होने प्रमण्डल में विगत तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष कम से कम 15 लाख तक का कार्य किया है।

प्रस्ताव हेतु विहित प्रपत्र/प्रारूप कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 01, पटना कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से दिनांक 14.08.2025 तक प्राप्त कर सकते है। विहित प्रपत्र दो खंडो में होगा। प्रपत्र– ''क'' एवं प्रपत्र– ''ख''। प्रपत्र ''क'' में आवेदक का बायोडाटा एवं वांछित प्रमाण–पत्र, प्रपत्र– ''ख'' में आवेदक द्वारा संबंधित प्रमण्डल में विगत तीन वर्षो (2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) में अनुरक्षण/मरम्मति अन्तर्गत किये गये कार्यो का विवरण होगा। यह विवरणी कार्यपालक अभियंता द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है, अन्यथा इसे अमान्य कर दिया जायेगा। प्रपत्र ''क'' एवं ''ख'' को एक बड़े आकार के लिफाफे में सीलबन्द कर तथा उसके उपर अपना नाम एवं वर्तमान पता अंकित कर कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में उपरोक्त वर्णित तिथि को समर्पित करना होगा।

संवेदको की सूचीबद्धता केवल एक वित्तीय वर्ष के लिए भवन निर्माण विभाग द्वारा दिशा–निर्देश/शर्त्त के आधार पर किया जायेगा। उक्त दिशा–निर्देश/शर्त्त के संबंध में कार्यपालक अभियंता के कार्यालय से विशेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या– 02, पटना

PR. No. 010589 (BCD) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना**

**ई–ऑक्शन सूचना सं.:– Com/Pay & Use/BKP-BRYA-PNC/25**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:– **1. कार्य का नाम, स्थान व अवधि:** बख्तियारपुर, बड़हिया और पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर स्थित पे एंड यूज टॉयलेट कॉम्प्लेक्स का तीन वर्षों (03) की अवधि के लिए अलग–अलग संचालन एवं रख–रखाव का अनुबंध। **2. साइट की स्थिति: (1)** बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर स्थित **(2)** बड़हिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 के दिल्ली इंड की ओर स्थित दो नम्मा शौचालय काम्पलेक्स। **(3)** पटना साहिब रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर स्थित। **3. अनुबंध की अवधि:** तीन (03)वर्ष **4. केटलॉग संख्या:** Com-PnU-SEPT-25 **5. लॉट संख्या: (i) AA/1:** PnU-DNR-BKP-Toi-14-24-1(Pay and Use-Toilets) **(ii) AA/2:** PnU-DNR-BRYA-Toi-30-24-1 (Pay and Use-Toilets) **(iii) AA/3:** PnU-DNR-PNC-Toi-16-24-1 (Pay and Use-Toilets) **6. ई–ऑक्शन की तिथि व समय:** दिनांक 18.08.25 को 12:00 बजे से 12:50 बजे तक। (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) **7. वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/0721/डीएनआर/वाणि./एन/25–26/48

# विशेष प्रेक्षक ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जानकारी ली

प्रात: किरण संवाददाता




दरभंगा। विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त श्रीमती अराधना पटनायक निवार्ची सूची विशेष प्रेक्षक के द्वारा दरभंगा जिला का भ्रमण किया।समाहरणालय स्थित बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और विशेष गहण पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली।

बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि जिला स्तर पर कराए जा रहे हैं कार्यों से हमलोग संतुष्ट है।उन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा निर्वाचन संबंधी कार्यों में पूरी पारदर्शिता रखने की बात कही गई।प्रेक्षक महोदया ने लोगों में दस्तावेज के संबंध में जागरूकता हेतु माइकिंग करने का सुझाव दी। कुछ राजनीतिक दलों यथा-बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल एवं सीपीआईएमएल के द्वारा मतदान केंद्र युक्तिकरण के क्रम में कुछ परिवारों के सदस्यों के अलग-अलग बूथ में नाम चले जाने के बाद कही।सीपीआईएमएल के प्रतिनिधि द्वारा बीएलए पोर्टल पर किसी राजनीतिक दल के बीएलए की संख्या मतदान केंद्र से अधिक होने की बात उठाई।मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से फीडबैक लेने के उपरांत प्रेक्षक महोदया ने उनसे पुनरीक्षण कार्यों के संबंध में जानकारी देने को कहा।

प्रेक्षक ने प्रमंडलीय आयुक्त कौशल किशोर, पुलिस उप महानिरीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम, जिलाधिकारी कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी के साथ समीक्षा बैठक की। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से फीडबैक के आधार पर उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं का निराकरण कराने का निर्देश दी। उन्होंने मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए माईकिंग कराने का निर्देश दी। बैठक मे सहायक समाहर्ता के परीक्षित, उप विकास आयुक्त स्वप्निल नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता,अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद,उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार आदि पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।राजनीतिक दलों की ओर से राहुल कुमार कर्ण,सुनील कुमार मंडल,मुकुंद चौधरी, ईश्वर मंडल गगन कुमार झा, दयानंद पासवान, अमरेश कुमार अमर,अविनाश ठाकुर,राणा चंदन सिंह,सत्यनारायण पासवान आदि उपस्थित थे।

## सर्वहारा के महान नेता शिवदास घोष का स्मृति दिवस आयोजित




प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्थानीय मोतीझील स्थित एस.यू.सी.आई. (कम्युनिस्ट) जिला कार्यालय में सर्वहारा वर्ग के महान नेता, इस युग के दार्शनिक, शिक्षक पथ प्रदर्शक तथा महान मार्क्सवादी चिंतक कामरेड शिवदास घोष की स्मृति दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन व पुष्प अर्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एस.यू.सी.आई. (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव अर्जुन कुमार ने कहा कि शोषित-पीड़ित मेहनतकश वर्ग को शोषण से मुक्ति दिलाने के संकल्प के साथ शिवदास घोष ने अपने किशोरावस्था में ही सामाजिक कर्तव्यबोध से प्रेरित होकर क्रांतिकारी संगठन अनुशीलन समिति की सदस्यता ली थी। ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए वे जेल गए। जेल में रहते हुए उन्होंने महसूस किया कि जिस आजादी के लिए देश के छात्र-नौजवान अपनी शहादत दे रहे हैं, वह आजादी गलत नेतृत्व के कारण शोषक पूंजीपति वर्ग के हाथों चली गई। जब वे जेल से बाहर आए, तो देखा कि भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों का सपना अधूरा रह गया है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि शोषण से मुक्ति बिना पूंजीवाद विरोधी समाजवादी क्रांति संभव नहीं है, और इसके लिए क्रांतिकारी पार्टी का निर्माण आवश्यक है। यही विचार लेकर वे मात्र 18 वर्ष की आयु में क्रांतिकारी पार्टी एस.यू.सी. आई. (कम्युनिस्ट) के निर्माण के पथ पर अग्रसर हुए और आजीवन उसी पथ पर संघर्ष करते हुए 5 अगस्त 1976 को उन्होंने अंतिम सांस ली। आज हमें उनके जीवन और विचारों से प्रेरणा लेते हुए यह संकल्प लेना होगा कि उनके द्वारा प्रतिपादित पूंजीवाद विरोधी समाजवादी क्रांति की राजनीतिक दिशा को सफल बनाने के लिए हम समर्पित भाव से संघर्ष करें। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने जानकारी दी कि आज पटना में आयोजित राज्य स्तरीय जनसभा में मुजफ्फरपुर ज़िले से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे।इस अवसर पर जिला कमेटी सदस्य काशीनाथ साहनी, नरेश राम, लालबाबू राय,प्रेमकुमार ठाकुर, उमेश महतो, शिवचंद्र पासवान,शिव कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास, अभियुक्त गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी बाबूबरही अंचल कार्यालय में निवास प्रमाण पत्र के लिए दिए गए एक आवेदन में फर्जीवाड़े का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आवेदन में जहां स्वप्रमाणित फोटो की जगह कुत्ते की तस्वीर लगाई गई थी, वहीं आवेदक ने अपने नाम टॉमी पिता का नाम पिला और माता का नाम पेलोनिया दशार्या था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब आवेदन में दर्ज मोबाइल नंबर 6206066652 और ईमेल आईडी के आधार पर जांच की गई तो फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई। विशेष जांच में यह सामने आया कि आवेदक ने नियमों की अवहेलना करते हुए जाली दस्तावेजों के माध्यम से निवास प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अंचल अधिकारी बाबूबरही की ओर से त्वरित कार्रवाई की गई। बाबूबरही थाना में प्राथमिकी संख्या- 357/25, दिनांक 05.08.2025 को भारतीय दंड विधान की धारा- 338/336(3)/336(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर मोबाइल नंबर के आधार पर अभियुक्त सुमन कुमार, पिता- श्री रामेश राम, साकिन- पंचरुखी, थाना- बाबूबरही, जिला- मधुबनी को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने इंस्टाग्राम पर फर्जी प्रमाण पत्र संबंधी रील्स देखकर यह कृत्य किया। पुलिस फिलहाल उससे विस्तृत पूछताछ कर रही है और विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई जारी है।जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से प्रमाण पत्र बनवाने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे सत्यापन योग्य और वैध दस्तावेजों के साथ ही आवेदन करें एवं किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचें।

## अगर नाला गलत जगह बन गया है तो एजेंसी उसे तोड़कर बनाएगी : प्रमंडल आयुक्त



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।बुडको की देखरेख में दरभंगा शहर में 270 करोड़ रु की लागत से बेतरतीब ढंग से बन रहा नाला निर्माण का मामला अब तूल पकड़ रहा है।इस संदर्भ में मेयर, डिप्टी मेयर सहित एक दर्जन निगम पार्षदगण प्रमंडलीय आयुक्त से मिले और शहर में मनमाने ढंग से नाला निर्माण की समीक्षा करने की मांग की।ज्ञात हो कि एक पखवाड़ा पहले कोतवाली चौक पर 6 फिट जगह छोड़कर नाला निर्माण की शिकायत पार्षद नवीन सिन्हा ने जिलाधिकारी से साक्ष्य के साथ की तो इसके तुरंत बाद रहमगंज में बन रहे नाला निर्माण के संबंध ने भाजपा नेता अंकुर गुप्ता ने भी जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था। इसके बाद नगर निगम बोर्ड की बैठक में जब राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता ने इस गलत निर्माण की बात रख इसे रोकने की मांग निगम प्रशासन से करने लगी तो पार्षद श्री सिन्हा ने उन्हें जवाब देते हुए महापौर और नगर आयुक्त से भी अपनी ताकत, अधिकार का प्रयोग करने की बात कह ऐक्ट, नियम, अधिकार का हवाला दे इसका विरोध करने की मांग सदन से की, जिसपर सभी पार्षदों ने इसका समर्थन किया।इसी संदर्भ में उस दिन निर्णय लिया गया था कि प्रमंडलीय आयुक्त से मिलकर पार्षदगण अपनी बात रखेंगे, जिसमें मेयर, डिप्टी मेयर भी चलें।इसी मद्देनजर सभी बुडको के इस मनमाने रवैया के विरुद्ध प्रमंडलीय आयुक्त से आज मिले। मेयर अंजुम आरा, डिप्टी मेयर नाजिया हसन सहित प्रमंडलीय पार्षद महासंघ के अध्यक्ष राजीव कुमार ,सचिव नवीन सिन्हा, कोषाध्यक्ष रियासत अली सहित पार्षदगण मो फिरोज आलम, रवि रोहन, राजू पासवान, विकास कुमार, सुभाष सौरभ शामिल थे। प्रमंडलीय आयुक्त कौशल किशोर ने सभी को आश्वस्त किया कि वे सभी विभाग से समन्वय बनाने हेतु जिलाधिकारी को निर्देश देंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि अगर नाला गलत जगह बन गया है, तो एजेंसी उसे तोड़कर बनाएगी।इसकी जांच हेतु वहां बैठे अपर समाहर्ता अनिल चौधरी को उन्होंने इस संदर्भ में निर्देश दिया।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण के खिलाफ 8 अगस्त को माकपा करेगी प्रदर्शन

### नोट बंदी के तरह चुनाव आयोग का वोट बंदी जैसा तुगलकी फरमान : रणधीर यादव

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सीपीएम जिला सचिव मंडल की बैठक कामरेड व्यास प्रसाद यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला सचिव कामरेड रणधीर यादव को पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य चुने जाने पर सभी सदस्यों ने बधाई दी। बैठक में पार्टी जिला सचिव एवं नव निर्वाचित पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड रणधीर यादव ने विगत दिनों का कार्य रिपोर्ट और राजनीतिक रिपोर्ट पेश किया जो सभी साथियों के बहस एवं सुझाव उपरांत पास किया गया। पार्टी जिला सचिव कामरेड रणधीर यादव ने बैठक को संबोधित करते कहा कि नोट बंदी के तरह वोट बंदी जैसा तुगलकी फरमान चुनाव आयोग द्वारा जारी कर गरीब गुरवा मेहनतकश जनता, समाजिक रूप से कमजोर वर्ग खासकर बिहार से बाहर कामने गये लोगों का गणन फार्म जमा नहीं होने से बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम काटा और अब प्रमाण पत्र जमा नहीं करने वाले मतदाता का नाम सूची से काटने की साज़िश चल रही है। इसको सीपीएम बर्दाश्त नहीं करेगी इसलिए मतदाता बिशेष गहण पुनरीक्षण में जायज मतदाता का नाम काटे जाने को लेकर सीपीएम राष्ट्रव्यापी आहवान के तहत 8 अगस्त को सहरसा जिला मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। तथा तैयारी हेतु अंचल वार साथियों को जवाबदेही दिया गया। बैठक में विधानसभा चुनाव तैयारी हेतु 27 अगस्त को सहरसा में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड अशोक ढ़वले, पार्टी की वरिष्ठ नेत्री पुर्व पोलित ब्यूरो सदस्य एवं पूर्व सांसद बृंदा करात, पार्टी राज्य सचिव कामरेड ललन चौधरी, पार्टी केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड अवधेश कुमार, पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड विनोद कुमार आदि नेता भाग लेंगे और संबोधित करेंगे।बैठक में अन्य कई फैसले लिये जिससे पार्टी संगठन को मजबूत किया जाय। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड गणेश प्रसाद सुमन, कामरेड मिथिलेश कुमार सिंह, कृष्ण दयाल यादव, इन्द्रदेव प्रसाद इन्दू, गुरूदेव शर्मा, कुलानन्द कुमार, नसीमुद्दीन, मनोज शर्मा आदि मौजूद थे।

## कटहलबाड़ी आरओबी में अधिग्रहित जमीन का ब्याज समेत होगा भुगतान : संजय सरावगी

### 15 वर्षो से लंबित था मुआवजा राशि का भुगतान, मंत्री के पहल से मिली बड़ी राहत

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। शहर के कटहलबाड़ी रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण में अधिग्रहित जमीन को लेकर भूमि मालिकों को जल्द ही ब्याज समेत बकाया मुआवजा राशि का भुगतान होगा। वर्षों से लंबित मुआवजे की समस्या का समाधान करते हुए राज्य सरकार ने भूमि अधिग्रहण से प्रभावित 155 रैयतों को ब्याज समेत कुल 6.75 करोड़ रुपये मुआवजा देने का निर्णय लिया है।इसकी घोषणा मंगलवार को बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने की। श्री सरावगी ने जानकारी दी कि कटहलबाड़ी आरओबी के लिए सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि के बदले संबंधित भूमि मालिकों को उनके बकाया मुआवजा सहित ब्याज की राशि का भुगतान किया जाएगा। इस संदर्भ में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और जल्द ही भूमि मालिकों के खातों में यह राशि भेज दी जाएगी।मंत्री श्री सरावगी ने बताया कि अधिग्रहित भूमि के बदले मिलने वा ली मुआवजा राशि पर दो चरणों में ब्याज जोड़ा गया है। पहले 12 माह के लिए 9 प्रतिशत ब्याज एवं अगले 174 माह के लिए 15 प्रतिशत ब्याज के दर से भूमि मालिकों को भुगतान की जायेगी। प्रत्येक रैयत को उनकी भूमि के मूल्य के साथ-साथ संतोषजनक ब्याज की भरपाई की गई है। गौरतलब है कि कटहलबाड़ी आरओबी निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण 15 वर्ष पहले कर लिया गया था, परंतु प्रभावित रैयतों को मुआवजा नहीं मिल पाया था। इस जनसमस्या को लेकर तत्कालीन विधायक और वर्तमान मंत्री संजय सरावगी लगातार सक्रिय रहे। उन्होंने न केवल सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाया, बल्कि विधानसभा में भी प्रश्न पूछकर जनता की आवाज को मुखरता दी। मंत्री बनने के बाद श्री सरावगी ने इस मामले को प्राथमिकता में रखते हुए इसकी लंबित फाईलों को गति दी और इस कार्य को संतोषप्रद रूप से संभव कराया।इस बाबत श्री सरावगी ने बताया कि कटहलबाड़ी ओवरब्रिज दरभंगा के लिए एक महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है। वर्षों से लंबित मुआवजा भुगतान को लेकर मैंने संकल्प लिया था कि प्रभावित रैयतों को उनका हक अवश्य मिलेगा। आज यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि हमने इस दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिया है।राज्य में एनडीए सरकार हर वर्ग को उनका अधिकार देने और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

## देवघर से वापस लौटने के दौरान मध्यप्रदेश का युवक लापता

प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय !झारखंड के देवघर स्थिर विश्व प्रसिद्ध बैजनाथ मंदिर से पूजा कर वापस लौट के दौरान मध्य प्रदेश के युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। मामला 22 जुलाई का बताया जा रहा है। मंगलवार को पीड़ित युवक के भाई सहित अन्य परिजन के उनके खोजबीन के लिए लखीसराय सदर अस्पताल पहुंचने पर सार्वजनिक हुआ है। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के सिंगरोली जिला अंतर्गत जियावन थाना क्षेत्र के देबसर गांव निवासी बरमदेव सोनी का 31 वर्षीय पुत्र अजय सोनी उर्फ रानू सोनी 20 जुलाई को अपने चचेरे भाई अखिलेश सोनी के साथ रजिस्ट्रेशन संख्या एमपी 66 जेडडी 9288 बाइक से पूजा करने के लिए झारखंड का देवघर आया था। पूजा करके वापस लौट के दौरान पटना जिला के अथमलगोला थाना क्षेत्र में अखिलेश को नीचे उतरकर अजय सोनी बाइक के साथ बिना बताए कहीं चला गया था। काफी खोजबीन के बाद अजय के वापस नहीं आने पर अखिलेश कुमार थाना में उसके गुमसुदगी का आवेदन देकर वापस मध्य प्रदेश लौट गया। घर पहुंचने पर अन्य परिजन को घटना की जानकारी दिया उसके बाद परिजन स्थानीय स्तर पर अजय को ढूंढने का प्रयास किया। काफी खोजबीन के बाद अजय के नहीं मिलने पर पीड़ित के भाई अभय सोनी एवं संजय सोनी सहित छह की संख्या में लोग बिहार के पटना पहुंचे। पटना पुलिस से संपर्क करने के बाद उन्हें उनके भाई के बाइक के बड़हिया थाना क्षेत्र से लावारिस अवस्था में बरामद होने की जानकारी मिली। जानकारी के बाद बड़हिया थाना पहुंचकर पीड़ित के भाई ने बाइक का पहचान किया। उसके बाद बड़हिया थाना के सहयोग विभिन्न रेलवे स्टेशन पर भाई के तस्वीर के साथ तलाश शुरू किया। अभय ने बताया कि उनका भाई मानसिक रूप से बीमार भी था। उन्होंने बताया कि क्यों रेलवे स्टेशन पर संपर्क करने के बाद रेल पुलिस के द्वारा तस्वीर की होलिया के एक युवक को लगातार तीन दिन रेलवे स्टेशन पर देखा गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### विकलांग कृषकों के लिए प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

मुजफ्फरपुर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फाउंडेशन व एक्शन एड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र, तुर्की में विकलांग कृषकों के सहयोग के लिए कृषि उत्पादकता के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुजफ्फरपुर जिले के औराई, मुशहरी, मुरौल तथा कुढ़नी प्रखंड के 40 दिव्यांग किसानों ने जैविक खेती, मधुमक्खी पालन, पशुपालन, पॉल्ट्री, तथा मशरुम उत्पादन के विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय प्रवेश सौरव कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक, एक्शन एड ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डा0 एम एल मीणा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, केवीके तुर्की ने जैविक खेती पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला। मधुमक्खी पालन व फसलों में कीट प्रबंधन पर डा0 बी सी अनु ने प्रतिभागियों को जानकारी दी। डा0 दिव्या कुमारी ने पोषण सहित मशरुम उत्पादन सहित वैल्यू एडिशन पर विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर प्रोग्राम ऑफिसर, मो. इकराम, एक्शन एड के जिला समन्वयक अरविंद कुमार, उत्प्रेरक राजगीर कुमार एवं राकेश कुमार सहित मानव रक्षक रामसुंदर राम उपस्थित थे। कृषि विज्ञान केन्द्र तुर्की की ओर से किसानों को घरेलू सब्जी उत्पादन हेतु बीज मुहैया कराया गया।

### भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार, वाहन जब्त

मुजफ्फरपुर। जिले के पियर थाने की पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब की बरामदगी की है। इस सिलसिले में दो अभियुक्तों को मौके पर गिरफ्तार किया गया है एवं शराब लदे दो वाहनों भी जब्त किए गये हैं। यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। सोमवार की देर शाम वाहन चेकिंग के क्रम में पियर थाना की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पियर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियारपुर के पास एक स्कॉर्पियो एवं टाटा पंच वाहन पर लदे कुल विदेशी शराब-726 लीटर के साथ अपराधकर्मी ललित झारा पिता सोमवीर सिंह ग्राम ढोसा थाना नजफगढ़ ,जिला नजफगढ़ दिल्ली, एवं नितीन गरोवों पिता सुभाष गरोवों ग्राम रामगोपाल कॉलोनी रोहतक , हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है पुलिस इन दोनों का आपराधिक इतिहास पता कर रही है। इस संबंध में पियर थाना कांड सं0 133/25 दर्ज अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### प्रक्षेत्रीय जिला प्रोबेशन कार्यालय का अज्ञात लोगों ने तोड़ा शीशा, मामला हुआ दर्ज

सहरसा जिले में संचालित प्रक्षेत्रीय जिला प्रोबेशन कार्यालय का रविवार को अज्ञात व्यक्ति ने खिड़की का शीशा तोड़ दिया। जिसको लेकर सदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। विभाग के उच्च वर्गीय लिपिक अजय प्रकाश ने बताया कि रविवार को कार्यालय बंद था। सोमवार को जब उन्होंने कार्यालय खोला तो देखा अज्ञात लोगों द्वारा खिड़की के शीशे को तोड़ दिया गया था। टूटा शिशा कमरे में बिखरा पड़ा था। जिसको लेकर मामला दर्ज कराया गया है। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है।

### टेटिया बंबर पुलिस पर अपराधी ने किया जान लेवा हमला

हवेली खड़गपुर ( मुंगेर)। टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के तिलकारी गांव में रविवार की रात गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। टेटिया बंबर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार केहरी ने बताया कि पुलिस वारंटी जयराम मंडल को गिरफ्तार करने गई थी। इस दौरान आरोपी ने सिपाही शशि भूषण से राइफल छीनने का प्रयास किया सिपाही अमन एवं रमन को मार पीट कर जख्मी कर दिया और राजेश एवं संतोष की उंगली मरोड़ दी। थाने में जयराम मंडल पर जून 2023 में शराब बेचने के मामले में मामला दर्ज किया गया था 22 जुलाई 2025 को कोर्ट ने उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसी मामले में पुलिस उसे गिरफ्तार करने उसके घर पर गई थी। पीटीसी सुनील बैठा की वर्दी फाड़ दी सुनील के आवेदन पर मामला दर्ज कर जयराम को जेल भेज दिया गया है।

### भतीजे पर लगाया चाचा ने गलत हस्ताक्षर कर से जमीन दखल करने का आरोप

सहरसा सदर थाना क्षेत्र के कायस्थ टोला, चंद्रा निवास निवासी विष्णु देव नारायण सिंह के पुत्र अश्वनी कुमार सिंह ने अपने सगे भतीजे के ऊपर जालसाजी कर जमीन का बंटवारा अपने नाम कर लेने की शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि उनका सगा भतीजा व यशवंत सिंह का पुत्र विवेक कुमार उर्फ सदाशिव बटवारा नामा पर उनका और अपने मृत पिता का जाली हस्ताक्षर कर बंटवारा नामा बनवा लिया।

## 4.33 करोड़ की 18 योजनाओं की डीएम ने दी प्रशासनिक स्वीकृति

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।आधारभूत संरचनाओं के निर्माण द्वारा जिले में सर्वांगीण विकास के कार्य में तेजी लाई गई है। इस दृष्टि से न केवल ग्रामीण क्षेत्र में बल्कि शहरी क्षेत्र में भी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण हेतु जिलाधिकारी सतत प्रयत्नशील एवं प्रतिबद्ध है। नगर निगम क्षेत्र के शहरी जीवन को स्वच्छ, सुंदर तथा साधन संपन्न बनाने हेतु मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना अंतर्गत जिला पदाधिकारी द्वारा 18 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है जिसकी प्राक्कलित राशि 4करोड33 लाख42 हजार 500 रुपए है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना अंतर्गत जिला संचालन समिति द्वारा वर्ष 2025 -26 में सभी योजनाएं अनुमोदित है। इस योजना के तहत सभी योजनाएं सड़क एवं नाला निर्माण से संबंधित है। शहर में आम लोगों की आवाजाही को सुगम एवं सुरक्षित बनाने तथा शहरी जनजीवन को आसान बनाने हेतु सड़कों का निर्माण करने की प्लानिंग की गई है। इसके अतिरिक्त शहर में जल निकासी की सुचारू एवं सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में नाला निर्माण का कार्य महती भूमिका निभाएगा। उक्त सभी योजनाओं के क्रियान्वयन का दायित्व परियोजना निदेशक बुडको को दिया गया है। इन योजनाओं के तहतमालीघाट पंचमुखी चौक से भारत माता चौक पूसा रोड मुख्य पात्र तक सड़क एवं नाला निर्माण,चित्रगुप्त पुरी में मास्टर इमरान जी के घर से लेकर मुन्ना जी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण, झिटकहिया रोड नंबर 10 में सड़क एवं नाला निर्माण,चित्रगुप्त पुरी में मोहन प्रसाद श्रीवास्तव के घर से मोहम्मद शमीम के घर होते हुए रजीबुल्लाह खान के घर होते हुए शंभू गुप्ता के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण,मिष्ठान के बगल वाली गली में किराना दुकान होते हुए मस्जिद तक सड़क एवं नाला निर्माण,बीबीगंज गांधीनगर रोड नंबर 3 में शंभू नाथ चौधरी के घर से शत्रुघ्न चौधरी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण,पुरानी माई स्थान गली में विनोद जी के दुकान से लेकर अन्नपूर्णा निवास तक सड़क एवं नाला निर्माण, लक्ष्मी चौक एसबीआई एटीएम गली होते हुए मेरीन ड्राइव रोड वाया पूर्व मेयर के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण, झिटकहिया मेंन रोड साईट केयर हॉस्पिटल रोड से एन एच 57 तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य, माड़ीपुर चौक आजाद मोहल्ला में दिनेश शाह के घर से लेकर मोहम्मद अजीम के घर होते हुए मोहम्मद गफूर के घर तक सड़क एवं नाला निर्माणसहित कुल 18 विभिन्न सडकों एवं नाले का निर्माण कराया जाएगा।

## जलजमाव की समस्या से निपटने को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण नगर निकाय क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। शहरी सड़कों पर जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि जलजमाव वाले स्थलों से शीघ्र जलनिकासी की व्यवस्था की जाए। इसके लिए जहां आवश्यक हो, वहां अविलंब डिवाटरिंग पंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही, सभी नगर निकाय कार्यालयों में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना कर 24x7 रोस्टर के आधार पर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जलजमाव की समस्या पर सतत निगरानी रखी जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा है कि नियंत्रण कक्ष के दूरभाष एवं मोबाइल नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि आमजन समय पर अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल निकासी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, उन्होंने सभी नगर निकायों को प्रतिदिन जल निकासी कार्य की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने एवं कार्यों की तस्वीरें जिला स्तर पर बनाए गए वाट्सएप समूह में साझा करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वह जलजमाव की समस्या से शीघ्र निजात दिलाने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है और आम लोगों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने हेतु हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं।

## राजस्व महा-अभियान को लेकर मधुबनी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले में भूमि संबंधी दस्तावेजों की त्रुटियों को दूर करने और जनता को पंचायत स्तर पर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आगामी 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक राजस्व महा-अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को डीआरडीए सभागार, मधुबनी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी आनंद शर्मा (भा.प्र.से.) ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस प्रशिक्षण सत्र में जिले के सभी अंचलाधिकारी (सीओ)उप समाहर्ता भूमि सुधार (डीसीएलआर)अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि भूमि संबंधी अभिलेखों की त्रुटियो का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से सुधार करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिया कि अभियान के तीनो चरण– पूर्व तैयारी, वास्तविक क्रियान्वयन और अनुवर्ती गतिविधियो– को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने बताया कि इस महाअभियान के अंतर्गत जमाबंदी त्रुटि सुधार, उत्तराधिकारी नामांतरण, बंटवारा नामांतरण तथा छुटी हुई जमाबंदियों का डिजिटलीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यो को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके माध्यम से राजस्व विभाग जनता तक सीधे पहुंचेगा और जमीन के कागजों में सुधार के लिए घर-घर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।कार्यक्रम के दौरान एडीएम मुकेश रंजन एवं जिला स्तरीय राजस्व टीम द्वारा तकनीकी पक्षो ऑनलाइन प्रक्रिया तथा भूमि विवादो के समाधान पर आधारित पावर प्वाइंट प्रस्तुति भी दी गई। प्रशिक्षण में एडीएम आपदा संतोष कुमार, एडीएम विभागीय जांच नीरज कुमार, डीपीआरओ परिमल कुमार सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, सीओ और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## श्रृंगी ऋषि धाम मंदिर,श्री रामेश्वर धाम मंदिर एवं मां जलप्पा स्थान मंदिर के न्यास समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय! लखीसराय समाहरणालय के मंत्रणा कक्ष में जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में श्री श्रृंगी ऋषि धाम मंदिर,श्री रामेश्वर धाम मंदिर एवं मां जलप्पा स्थान मंदिर के न्यास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य इन मंदिरों के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाना था। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय, पेयजल व्यवस्था, मंदिर तक आवागमन के लिए पक्के पथ, पार्किंग स्थल, चहारदीवारी निर्माण और वृक्षारोपण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित न्यास समिति के सदस्यों से इन बिंदुओं पर विस्तृत फीडबैक लिया और मंदिरों के समग्र विकास के लिए ठोस योजनाओं पर जोर दिया। सभी ने मिलकर मंदिर परिसरों को श्रद्धालुओं के लिए और अधिक सुगम, सुरक्षित, और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। जिला पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। यह प्रयास न केवल धार्मिक महत्व को बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी प्रोत्साहन देगा। बैठक में अपर समाहर्ता सुधांशु शेखर,उप विकास आयुक्त सुमित कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पम्मी रानी, निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण श्री नीरज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं न्यास समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल निर्माण को लेकर बीडीओ सीओ के समक्ष किया जोरदार प्रदर्शन

## सर्वसुविधा संपन्न, सुरक्षित, सुयोग्य स्थल देवघट्टा चौक निकट अवस्थित सरकारी जमीन का रिपोर्ट भेजने में हो रही है अनावश्यक विलंब, क्यों ? : किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता



अलौली। मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल निर्माण संघर्ष अभियान के तत्वाधान में अलौली बीडीओ सीओ के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया, जिसका नेतृत्व अभियान से जुड़े किरण देव यादव ने किया ।

दर्जनों समाजसेवी जनप्रतिनिधियों ने मांगों के बाबत नारे लगाए।


सभा को संबोधित करते हुए किरण देव यादव ने कहा कि अलौली प्रखंड के देवघट्टा चौक से दक्षिण 62 बीघा सरकारी जमीन पर मेडिकल कॉलेज निर्माण करने संबंधी बीडीओ सीओ को जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजने संबंधी ज्ञापन बिगत दिनों सौंपा गया था। उक्त जमीन संबंधी खाता, खेसरा, रकवा, चौहद्दी, नजरी नक्शा, सारी जानकारी दी गई थी। बावजूद इसके अंचल एवं जिला प्रशासन द्वारा सरकार को रिपोर्ट भेजने में अनावश्यक विलंब हो रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि उक्त जमीन सर्व सुविधा संपन्न सुरक्षित स्थल है। उन्होंने कहा कि जब अलौली में निशुल्क सरकारी जमीन उपलब्ध है तो भूमि अधिग्रहण की लंबी प्रक्रिया मुआवजा देने वाली रैयती जमीन का प्रस्ताव देने का क्या औचित्य है ? यह जांच की विषय है। सरकार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ देने एवं निर्माण कार्य में विलंब करने का उद्देश्य क्यों ? अप्रत्यक्ष तौर पर राजनीति क्यों? अलौली के संदर्भ में मांगी जाने वाली रिपोर्ट संबंधी उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के वित्त आप्त सचिव के द्वारा निर्गत प्रपत्र की अनदेखी क्यों ? जबकि अन्य कई जिला में मेडिकल कॉलेज निर्माण संबंधी रिपोर्ट सीओ एवं जिलाधिकारी द्वारा सरकार को रिपोर्ट भेज दी गई है। प्रदर्शन पश्चात दर्जनों शिष्टमंडल ने बीडीओ प्रेम कुमार से मिलकर तथा सीओ को भी ज्ञापन सौंपा ।पदाधिकारी ने कहा कि जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी। 0उक्त प्रदर्शन श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय परिसर से निकलकर प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचकर प्रदर्शन एवं सभा किया। प्रदर्शन में दर्जनों सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों अलौली में मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल निर्माण करने एवं सकारात्मक प्रतिवेदन जल्द भेजने संबंधी गगनभेदी नारे लगा रहे थे।

प्रदर्शन में दानवीर यादव ओम प्रकाश सिंह बृजनंदन यादव परवेज मंडल दिनेश शाह तपसी यादव लालमणि सदा ब्रजनंदन महतो महेश्वर यादव अजीत कुमार राजेश अमीन अजय पासवान जोगी यादव उमेश यादव सुरेश राम प्रकाश ठाकुर रंजीत कुमार राजेंद्र यादव पप्पू यादव आदि ने कॉलेज हॉस्पिटल निर्माण करने हेतु एकजूटता का इजहार किया।

अभियान से जुड़े समाजसेवियों ने अलौली देवघट्टा चौक के सरकारी जमीन संबंधित रिपोर्ट जिलाधिकारी से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा निर्गत प्रपत्र के माध्यम से रिपोर्ट मांगने पर साधुवाद दिया। कहा कि यदि मुख्यमंत्री नीतीश सरकार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अलौली नगर पंचायत के चिन्हित उक्त स्थल पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण करने की आदेश देती है तो उन्हें भरपूर राजनीतिक लाभ मिलेगा। तथा एक नई इतिहास कायम होगा।

# आयांश जन कल्याण फाउंडेशन के संस्थापक ने डीएम से विधुत विभाग कर्मी के खिलाफ की शिकायत

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा आयांश जन कल्याण फाउंडेशन ने विधुत आपूर्ति प्रमंडल मधेपुरा में फैले भ्रष्टचार को लेकर जिला पदाधिकारी मधेपुरा समेत ऊर्जा विभाग के मुख्यालय पटना स्तर के सभी वरीय पदाधिकारी को पत्र लिखा है। संस्था के संस्थापक बरूण कुमार मेहता ने जिला पदाधिकारी समेत बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड पटना एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना को लिखे पत्र में कहा कि विधुत आपूर्ति प्रमंडल मधेपुरा में विगत तीन वर्षों से भ्रष्टाचार इस कदर आसामान छू रहा है कि जो भी आदमी इनके खिलाफ आवाज उठाता है उनके आवाज को दबाने के लिए बिना सत्यता को जाने विधुत कार्यपालक अभियंता के नेतृत्व में होता है झूठा केश। इस संबंध में लगभग सैकड़ों बार मेरे द्वारा साक्ष्य सहित विधुत आपूर्ति प्रमंडल मधेपुरा, विधुत अधीक्षण अभियंता सहरसा, एवम् मुख्यालय स्तर के पदाधिकारी को लिखा गया एवम्‌ मेल भी किया गया लेकिन सभी जगह से आवेदन मधेपुरा पहुंचते पहुंचते उसकी रफ्तार कछुआ से भी स्लो हो जाती है और वो आवेदन भी भ्रष्टाचार की आगोश में समा जाता है। अभी हाल की घटना है सिंहेश्वर दुर्गा चौक निवासी उषा देवी आवेदन संख्या 521315977866 के परिसर में रूपया लेकर बिना जांच प्रक्रिया पूर्ण किए ही आवेदक के परिसर में मीटर लगा दिया जब हमने इसकी शिकायत विधुत कार्यपालक अभियंता मधेपुरा के व्हाट्सप्प पर साक्ष्य सहित किया तो उसके कुछ मिनटों बाद ही सभी जांच प्रक्रिया पूर्ण हो गई जो शत प्रतिशत भ्रष्टाचार का प्रमाण है वहीं दूसरी घटना शंकरपुर की है आवेदक सिकंदर शर्मा से जब बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया तो आवेदन संख्या 521312021570 है जिसको लगभग तेरह माह लंबित है रखते हुए यह कह कर रिजेक्ट कर दिया कि डब्लिकेट आवेदन है उसके बाद आवेदक के द्वारा स्थानीय लाइन मेन के सहयोग से पुनः बिजली कनेक्शन लिया और बिजली का उपयोग करने लगा तो कुछ दिन बाद बिजली विभाग के वरीय अधिकारी के आदेश पर सिंहेश्वर जेईई कुणाल कुमार एवं शंकरपुर जेईई अभिजीत कुमार राणा एवं कुछ लाइन मेन ने उनके यहां छापा मारकर यह कहते हुए उनके ऊपर केश कर दिया कि आपका मीटर फर्जी है फिर उस केश में बिना फाइन की राशि जमा किए ही बिजली विभाग के शंकरपुर जेईई अभिजीत कुमार राणा एवम् उनके कुछ विद्वान वरीय पदाधिकारी ने उनके पत्नी के नाम से आवेदन संख्या 521316481008 नूतन देवी पति शिकंदर शर्मा को महज दो दिन में सभी जांच प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कनेक्शन दे दिया क्योंकि कुछ पदाधिकारी मुख्यालय के नियम कानून एवं अपने वरीय पदाधिकारी को अपनी जेब में रखते है जैसा कि कुछ दिन पूर्व वायरल ऑडियो में आप सभी ने सुना होगा जिसपर आज तक कोई कारवाई नहीं हुई ? समेत अन्य दर्जनों भ्रष्टाचार के मामले है जिसपर अंकुश लगाने एवं दोषी पदाधिकारी पर कारवाई हेतु बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड पटना एवं जिला पदाधिकारी महोदय आवेदन के माध्यम से अनुरोध किया है ताकि मधेपुरा की आम आवाम बिजली विभाग के कुछ भ्रष्ट पदाधिकारी के भ्रष्ट आचरण का शिकार न हो सके। इस पर जिला पदाधिकारी महोदय ने संज्ञान लेते हुए अपने स्तर से जांच करवाने का आश्वासन दिया है।

# गांव गांव जाकर लागातार बिहार के भविष्य तेजस्वी यादव के योजनाओं की जानकारी दे रही कुमारी विनीता भारती



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष कुमारी विनीता भारती मधेपुरा जिला के विभिन्न गाँव जाकर लागातार बिहार के भविष्य तेजस्वी यादव के योजनाओं की जानकारी जाकर दें रही है। मौके पर मौजूद कुमारी विनीता भारती ने कही कि 20 वर्षो के बदहाली से अब बिहार ऊब चूका है ये नकलची सरकार चुनाव के समय में सारा तेजस्वी जी के योजनाओं के कॉपी करने में लगे हैं लेकिन चुनाव बाद इनसे कुछ होने वाला है नहीं क्योकि आज माँ - बहनों ओर भाइयों का पहला पसंद बिहार में तेजस्वी यादव बन चुके हैं। उन्होंने कहा इसके लिए मैं लागातार मधेपुरा शहर सहित गाँव में जाकर अपने नेता के विजन को लोगों को बता रही हूँ लोगों मैं काफी उत्साह है और लोगों को लगता है की जो काम तेजस्वी यादव ने 17 महीनो में किया है वो काम नितीश कुमार ने 20 वर्षो में नहीं कर पाए हैं। इसलिए इस बार जनता की सरकार तेजस्वी की सरकार बनाने को हमलोग तत्पर हैं। राष्ट्रीय जनता दल का एक एक कार्यकर्त्ता लागातार मेहनत कर रहे हैं उसी कड़ी में मैं भी एक बफादार कार्यकर्त्ता का फर्ज अदा करते हुए लागातार क्षेत्र में बनी हूँ ओर जनता के बीच हूँ। उन्होंने कहा जब तेजस्वी यादव सरकार बनेगी तो हर माँ - बहनों के खाता में 2500 रूपया 1500 पेंशन 500 में गैस सिलिंडर और युवाओं को रोजगार पलायन पर रोक लगेगी नए - नए कल कारखाना लगेंगे ये विश्वास है तेजस्वी यादव पर की लागातार वो देश के प्रधानमंत्री को चुनौती देते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा इस बार हम सबने और जनता ने ठाना है तेजस्वी सरकार बनाना है। उसी कड़ी में हम अभी मधेपुरा के सदर प्रखंड के तुलसीबाड़ी ग्राम में आई हूँ और माँ - बहनों जो धान रोप रही है उससे संवाद करके तेजस्वी जी के विजन से अवगत कराने का काम किया।

# पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह की रिहाई की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । हवेली खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र के प्रभुनाथ सिंह की रिहाई के मांग को लेकर उनके जाति के समर्थकों ने आगरा गांव में जोरदार प्रदर्शन और गिरफ्तारी की का विरोध किया। अग्रण गांव का चंदन कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में सैकड़ों समर्थकों ने प्रभु नाथ सिंह को रिहा करो के नारे लगाए और नेता को इंसाफ दो जैसे नारे के साथ न्याय की मांग की। ज्ञात होगी पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह की गिरफ्तारी को लेकर इनके जाति के समाज में सरकार के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।

# वर्तमान पीढ़ी तेजी से हो रही शिकार, युवाओं को सजग होने की जरूरी : डॉ. अशोक कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा 17 बिहार बटालियन एनसीसी, मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा के बैनर तले नशे की लत कारण, प्रभाव और निवारण विषयक एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता कुलपति डॉ अशोक कुमार सहित अन्य वक्ताओं एवं छात्र छात्राओं ने एक स्वर में कहा कि नशा समाज के लिए बहुत घातक है। खासकर यह युवाओं को दिशाहीन ही नहीं करता बल्कि उसके भविष्य को बर्बाद करता है जिसकी कीमत समाज को उठानी पड़ती है। परिचर्चा में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलपति सह मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा के संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार ने कहा कि नशा जिसका आगमन जिस घर में एक बार हो जाता है, तो उस घर की बबार्दी निश्चित है। नशे की लत या किसी नशे की चीज का एडिक्शन होना एक मानसिक बीमारी है जो किसी एक चीज (शराब, ड्रग्स) के लगातार उपयोग के कारण होती है। इसके अलावा इन नशे की चीजों का सेवन करने वाला व्यक्ति जानता है कि इसका हेल्थ पर काफी बुरा असर पड़ सकता है, लेकिन इसके बावजूद वह इसका इस्तेमाल करता रहता है।इस लिए उससे दूरी बहुत जरूरी है वर्तमान समय में युवाओं के बीच अलग अलग प्रकार के नशा के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कुलपति डॉ अशोक कुमार ने कहा कि युवाओं ऐसी विकृतियों से अलग अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। परिचर्चा को संबोधित करते हुए विमेंस कॉलेज कौशल्याग्राम में इतिहास के प्राध्यापक डॉ. हर्ष वर्धन सिंह राठौर ने कहा कि भारत विश्व के सबसे बड़े युवा मुल्क है। इसके बावजूद भी इसका लाभ समाज को नहीं मिल रहा क्योंकि युवा कई स्तरों पर दिशाहीन हैं। इसके मूल कारणों में नशा सबसे बड़ा कारण है। आज यह समाज के लिए बड़ी चुनौती बन गया है इसलिए इसके वर्तमान हालात, कारण, निवारण पर मंथन समय की मांग है। नशे की लत से ग्रस्त लोगों को अक्सर एक या एक से ज्यादा स्वास्थ्य समस्याएँ होती हैं, जिनमें फेफड़े या हृदय रोग, स्ट्रोक, कैंसर या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।इससे सिर्फ व्यक्ति विशेष को हानि नहीं होती बल्कि समाज और राष्ट्र भी प्रभावित होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा के एनसीसी पदाधिकारी मेजर डॉक्टर गौतम कुमार ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स का यह नैतिक कर्तव्य है कि वो खुद को तो नशा से दूर रखे ही साथ ही दूसरों को भी इससे परहेज करने को जागरूक करे तभी समाज और राष्ट्र हर परिस्थितियों से जूझने वाला युवा तैयार कर सकेगा। मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा एनसीसी यूनिट के कैडेट्स से एन सी सी को ही नहीं बल्कि मधेपुरा कॉलेज मधेपूरा को भी बड़ी उम्मीदें हैं ऐसे सामाजिक विकृतियों के दुष्परिणाम से लोगों को अवगत कराते हुए बेहतर समाज बनाने की दिशा में अग्रसर होंगे। इस दिशा में बिहार सरकार द्वारा बनाए गए कड़े कानून और उसका सख्ती से पालन की चर्चा करते हुए डॉ गौतम ने कहा कि नशा का कारण, प्रभाव, निवारण पर चर्चा कैडेट्स में जागरूकता का काम करेगी इसी उद्देश्य से ऐसे आयोजनों को किया जाता है। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स विकास, सिम्पल, अमित, अमरजीत, सृष्टि, सुनैना, आशु, साक्षी, अन्नू, मौसम, सपना, नैना, भवेश, शिवम, मनु, अभिषेक, अमित, रहमत, अमन, मो तौसीफ, अंकुश पांडे सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स ने भी अपने विचारों को रखा।

# पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं मे वृद्धी

प्रात : किरण संवाददाता

असरगंज । प्रखंड के किसी भी पंचायत मे पशु मालिकों द्वारा अपने पशुधन को सड़क पर छोड दिया जा रहा है। जिससे दो पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है साथ ही पशुधन के घायल या मरने पर मुआबजा के नाम पर पशुपालक द्वारा गुंडागर्दी किया जाता है। जानकार बतते है कि भारतीय सड़क अधिनियम के तहत सड़कों पर पशुओं को बांधना या स्वतंत्र रूप से घूमने देना यातायात में बाधा उत्पन्न करता है और यह भारतीय सड़क अधिनियम के तहत एक अपराध है। सड़कों पर पशुओं को बांधना या स्वतंत्र रूप से घूमने देना न केवल यातायात के लिए खतरनाक है, बल्कि पशु के लिए भी खतरनाक है। अधिवक्ता अमरदीप कुमार अमर वताते है कि इसके लिए कानूनी प्रावधान बनया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 291 के तहत और पशु क्रूरता अधिनियम, 1960 के अध्याय 3 धारा 11(1) के तहत, पशु मालिकों को अपने पशुओं को सड़कों पर स्वतंत्र रूप से घूमने देना सडकों पर बांधने के लिए दंडित किया जा सकता है, खासकर यदि इससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती है या पशु को कोई नुकसान होता है।

# श्रृंगार पूजा के दौरान भक्ति संगीत पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा नगर परिषद क्षेत्र के गुदरी हाट स्थित रामेश्वर धाम शिव मंदिर में सावन की अंतिम सोमवारी के मौके पर सोमवार की शाम श्रृंगार पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा के मंदिर को फूल मालाओं से सजाया गया था। वहीं श्रृंगार पूजा को लेकर बाबा के शिवलिंग को गंगाजल धो कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। श्रृंगार पूजा में मुख्य यजमान के रूप में पारस भगत शामिल हुए। इधर सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि रितेश रंजन ने भी बाबा के दरवार में हाजरी लगाई। वही बाबा के मंदिर को भव्य रूप में सजाया गया। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक केंद्र बना रहा। श्रृंगार पूजा के दौरान आसपास के श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। वहीं श्रृंगार पूजा के बाद मंदिर परिसर में स्थानीय कलाकारों के द्वारा भक्ति भजन का आयोजन किया। स्थानीय भजन गायक उमेश भगत उर्फ टुनटुन ने गणेश बंदना से भजन की शुरूआत की। जिसके बाद भजन गायक सुभाष शर्मा ने कैलाश धुंआ धुंआ है...... ए गणेश मम्मी...... हाथी न घोड़ा न कोनो साबरी..... बस इतनी कृपा कर दे भोलेनाथ..... जैसे एक बढ़ कर एक भक्ति भजन गाकर मंदिर पर मौजूद श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्ति भजन के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में बदल गया। कार्यक्रम के अंत मे बाबा की मंगल आरती की गई। जिसके बाद वहां मौजूद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर कमेटी से जुड़े धीरज भगत ने बताया कि सावन की अंतिम सोमवारी के मौके पर भव्य मैया जागरण का आयोजन किया गया। आने वाले दिनों में इससे भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर डा. उमेश कुमार, मिथिलेश भगत, विनोद कुमार भगत, विकास कुमार, मुकुंद कुमार, वीरेंद्र भगत, रिंकू कुमार, रवि कुमार, शंकर भगत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भगवान शिव को शिष्य भाव अर्पित करने से शिष्य एवं शिष्याओं के जीवन में मिला सुन्दर परिणाम : परमेश्वर भाई



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा भगवान शिव की शिष्यता एक आध्यात्मिक रहस्य पर मंगलवार को अंचल क्षेत्र के केदली पंचायत अन्तर्गत अशय पहाड़पुर गांव में मासिक शिव गुर गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में उपस्थित शिव के शिष्य एवं शिष्याओं को सम्बोधित करते शिव शिष्य भाई परमेश्वर ने कहा कि भगवान शिव की शिष्यता ग्रहण करने के वाद मानव जीवन में आने के वाद संत बाबा कारु खिरहरि देवता के पद पर प्रतिष्ठित हुए। उन्होंने कहा कि साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने भगवान शिव को गुरु मानकर जो जनमानस को संवाद दिया उसमें कहा गया कि शिव मेरे गुरु हैं।आपके भी हो सकते हैं। मैंने परीक्षा की है आप भी इसे आजमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु के रुप में भगवान शिव को शिष्य भाव अर्पित करने से शिव के शिष्य एवं शिष्याओं के जीवन में सुन्दर परिणाम मिला और बेहतर परिणाम एवं अनुभूति के लिए लोग शिव को गुरु मानकर साहब श्री द्वारा प्रदत 3 सुत्र करने लगे जिससे बुरे कर्मफल का क्षय हुआ और पहले से सुन्दर व्यवस्था कायम हुई। उन्होंने तीन सुत्र के रहस्य पर गुरु भाईयों से कहा कि वैसे तो यह करना सहज, सरल है लेकिन यह कठिन भी है, जिसने इसे क्या आज उन्हें देखकर लोग यह समझ जाते हैं कि ये शिव का शिष्य हैं और लोग शिव को गुरु मानकर 3 सुत्र करने लगे। आध्यात्मिक रहस्य को जानने पहुंचे गुरु भाई एवं बहनों को सम्बोधित करते सत्यनारायण चौधरी, सुरेन्द्र यादव, गिरवर चांद, डॉ. विष्णुदेव, रामानंद साह, रामविलास साह, संजय साह, गुरु बहन सुधा, सोनी, गीता, अमला, रामदाय आदि ने कहा कि भगवान शिव को गुरु मानने के वाद शिष्य एवं शिष्याओं के आचरण व्यवहार में परिवर्तन हुआ जिससे देश भर में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला और बहनों की भागीदारी सुनिश्चित हुई। मौके पर शशी यादव, पवितर गुलशन राय, दिनेश दास, हरिश्चंद्र सादा, जीवन यादव आदि उपस्थित थे।

# बेगूसराय में होने वाले सुब्रतो कप इंटरनेशनल अंडर 17 बालक प्रतियोगिता के लिए टीम को किया गया रवाना



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा उपाधिक्षक शारीरिक शिक्षा कार्यालय, बी.पी. मण्डल इंडोर स्टेडियम मधेपुरा से बेगूसराय में आयोजित 6 अगस्त से 9 अगस्त 2025 को होने वाले सुब्रतो कप इंटरनेशनल अंडर 17 बालक प्रतियोगिता के लिए सुश्री आम्रपाली कुमारी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा मधेपुरा ने सभी फुटबॉल खिलाड़ियों एवं दल प्रभारी श्रीमती लूसी कुमारी शारीरिक शिक्षा शिक्षक शिवनंदन प्रसाद मंडल उच्च विद्यालय मधेपुरा को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। ज्ञातव्य हो कि सभी खिलाड़ी शिवनंदन प्रसाद मंडल उच्च विद्यालय के छात्र हैं। आम्रपाली कुमारी द्वारा सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गया और अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर मधेपुरा का नाम राष्ट्र स्तर पर पहुंचाने के लिए शुभाशीष दिया गया। वहीं फुटबॉल अंडर 17 टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजते समय कार्यालय के लिपिक विनय कुमार, रत्नेश कुमार,वालीबाल संघ के सचिव श्री प्रदीप कुमार एवं अन्य खिलाड़ी आदि उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सतर्क के तहत भारी मात्रा में बरामद शराब के साथ दो शराब तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय ! लखीसराय जिला अंतर्गत किउल रेल सुरक्षा बल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है !निरीक्षक प्रभारी,किऊल प्रशांत कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक ललन कुमार सिंह,उप निरीक्षक रमेश कुमार आरक्षी धर्मेंद्र कुमार द्वारा किऊल स्टेशन व लखीसराय के मध्य यार्ड एरिया में गस्त के दौराण 02 व्यक्ति को पिट्ठू बैग में शराब के साथ पकड़ा गया,मौके पर वीडियोग्राफी करते हुए गिरफ्तारी तथा जब्ती की कार्यवाही गई ।दोनों ने अपना नाम पता निम्न बताया, (01) अरविंद कुमार उम्र 18 वर्ष पिता बंगाली साहनी घर महादेव नगर गोल्डन चौक थाना व जिला शेखपुरा के पिट्ठू बैग में 10 अदद रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की, प्रति बोतल मूल्य 780 रुपए, प्रति बोतल धारिता 750 (02) गोलू कुमार उम्र 18 वर्ष पिता घर गिरहिंडा थाना व जिला शेखपुरा बिहार के पिट्ठू बैग से 10 अदद रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की , बैच नंबर 249, प्रति बोतल मूल्य 780 रुपए, प्रति बोतल धारिता 750`’, मिला। सभी 20 बोतल पर फोर सेल इन वेस्ट बंगाल लिखा हुआ मिला । मौजूद व्यक्तियों को गवाह बनने को कहा गया परंतु मौजूद यात्रियो ने कानूनी लफड़ा मे नहीं पड़ने का हवाला देते हुए गवाह बनने से इंकार कर दिया !तत्पश्चात मौके पर उपस्थित स्टाफ को ही गवाह बनाते हुए हुए वीडियोग्राफी करते हुए बरामद कुल 20 बोतल व्हिस्की को जब्ती सूची बनाकर जप्त किया गया तथा कारण बताते हुए दोनों तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को दी गई। बरामद 20 अदद विदेशी शराब,मौका पर तैयार किए कागजात व उपनिरीक्षक ललन कुमार सिंह द्वारा एक लिखित शिकायत के साथ सभी जप्त शराब व गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को उत्पाद थाना लखीसराय को अग्रिम कार्यवाही हेतू सुपुर्द किया गया इस बाबत उत्पाद थाना, लखीसराय में मुकदमा अपराध संख्या 477३2/25 दिनांक 05/08/25 कायम किया गया है।

# बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार नहीं गरजेगी मुंगेर की बंदूके

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर )। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व आर्म्स एक्ट के दोषियों को सजा दिलाने को ले मुंगेर पुलिस के द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है ।पुलिस मुख्यालय के निर्देष पर मुंगेर जिले के 150 आर्म्स एक्ट के मामलों में मुंगेर पुलिस न्यायालय से अनुरोध कर सभी केसों के लगभग 400 अपराधियों पर स्पीडी ट्रायल करवा कर दोषियों को सजा दिलाने की कवायद तेज कर दी है । बिहार विधान सभा चुनाव में इस बार नहीं गरजेगी मुंगेर की बंदूकें ।पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर मुंगेर पुलिस के द्वारा आर्म्स एक्ट के आरोपियों को स्पीडी ट्रायल चला भेजेगीं सलाखों के पीछे । मुंगेर सैयद इमरान मसूद इस मामले में बताया कि पिछले 5 साला में जिले के थानों में 150 आर्म्स एक्ट के ऐसे मामले है, जिसका अनुसंधान कांड के आईओ द्वारा पूर्ण कर लिया गया है और न्यायालय में चार्जसीट जमा कर दिया गया है। जिसमें हथियार तस्कर, निमार्ता व खरीद-फरोख्त में शामिल 400 से अधिक अभियुक्त है ।न्यायालय के आदेश के बाद इन 150 मामलों में स्पीडी ट्रायल चलाने के लिए कवायत शुरू कर दी जलाएगी ताकि दोषियों को शीघ्र कोर्ट से सजा दिलायी जा सके । उन्होंने कहा कि इन कांडों जिन भी पुलिस पदाधिकारियों की गवाही नहीं हुई है ।

# झरना में नहाने गए किशोर की मौत

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । सोमवार को घोड़ा खुर के झरना में नहाने के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोबडा पंचायत के ताड़ी गांव निवासी मनोहर बिन्द का 13 वर्षी पुत्र प्रेम सागर कुमार घोड़ा खुर स्थित झरना में नहाने गया था ।जहां अन्य लोग भी झरना में नहा रहे थे।स्नान करने के क्रम में युवा झरना वाले जगह स्थित कुंड जो काफी गहरा है उसमें डूब गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से गहरे पानी में से बाहर निकालने के लिए लोहे का झगड़ डालकर बड़ी मशक्कत के बाद उसे झरना के कुंड से बाहर निकल गया। आनंन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर में भर्ती कराया गया।

# समरसता के प्रतीक हैं सर्वशक्तिमान शिव

रीना रानी



भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में बहुदेववाद की उपासना का प्रावधान है। लेकिन, ईश्वर के रूप में त्रिदेव का स्थान सर्वोच्च है। इस त्रिदेव में देवों के देव महादेव को सर्वशक्तिमान और सर्वसुलभ माना जाता है। त्रिदेव में ब्रह्मा और विष्णु के साथ विश्व के रचयिता, पालक और संहारक के रूप में जाने जाते हैं। शिव को अनेक नामों से स्मरण एवं पूजन किया जाता है। शिव, शंकर, शंभू, महेश, महादेव, नीलकंठ, रुद्र, नटराज, भोलेनाथ, कैलाशपति समेत कई अन्य नामों से भी संबोधित किया जाता है। भगवान शिव को प्रकृति के निकट और समरसता के साक्षात देव के रूप में जाना जाता है। उनकी उपासना की पद्धति काफी सरल और सहज है। महज जल और बिल्वपत्र के अर्पण से प्रसन्न होने वाले भोलेनाथ को सबसे बड़ा दानी भी कहा गया है। शिव जी को तपस्वी, ध्यानी, देवों के देव, वैरागी और नटराज के रूप में भी वर्णित किया गया है। भगवान शिव को संस्कृति, कला, विज्ञान, धार्मिक तत्व और मानवता के सभी पहलुओं में प्रगति का प्रतीक है। उनके ध्यान में रहकर व्यक्ति शक्तिशाली और समर्थ बनता है और सभी जीवों के प्रति सम्मान एवं प्रेम की भावना विकसित करता है। यही कारण है चूहा का दुश्मन सांप, सांप का दुश्मन गरुड, गाय का दुश्मन बाघ है, लेकिन शिव परिवार में सभी एक साथ रहते हैं। भगवान शिव के महत्वपूर्ण तत्व जैसे की त्रिशूल, डमरू, गंगा, नंदी आदि का उपयोग उनके पूजा-अर्चना में होता है। शिव के चिन्ह त्याग का प्रतीक है। उनके मुकुट पर साँपों की माला, गंधमाला, त्रिशूल, डमरू (डमरू), गंगा जल और चंद्रमा के चिन्ह दिखाई देते हैं। भगवान शिव के चरित्र में शांत, तपस्वी, धार्मिक और कल्याणकारी विचारधारा तथा भक्तों के प्रति कृपाशीलता शामिल है। भगवान शिव का वाहन नंदी है। भगवान शिव के दोनों पुत्र कार्तिकेय और गणेश भी पूज्यनीय हैं। शिव और शक्ति दोनों हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण देवताओं के रूप में प्रतिष्ठित हैं। शिव संसार के सृष्टि, स्थिति और संहार के प्रतीक हैं तो शक्ति को उनकी पत्न ी का प्रतीक माना गया है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं और उन्हें संपूर्णता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। शिव और शक्ति के उपासकों को अनंत शक्ति, ध्यान, और साधना के लिए प्रेरित करते हैं। भगवान शिव त्रिनेत्रधारी हैं। मान्यता है कि उनकी एक आंख धरती पर स्थित है, दूसरी आंख स्वर्ग में है और तीसरी आंख उनकी आत्मा को देखती है। भगवान शिव को तांडव, रुद्राष्टकम और महामृत्युंजय मंत्र प्रिय है। इसके वाचन और स्तुति के साथ ध्यान करने से मन की शांति, भक्ति और सार्थकता प्राप्त होती है। भगवान शिव की भक्ति से मनुष्य को आत्मज्ञान, समरसता और सर्वव्यापकता के लिए भगवान का अनुभव होता है। उनके ध्यान से संसार से मुक्ति मिलती है। उनके पूजन से भक्त को शक्ति, साहस और सामर्थ्य मिलता है, जो किसी भी विषम परिस्थिति का सामना करने में सहायता प्रदान करता है। उनके ध्यान से मन का शुद्धिकरण होता है और व्यक्ति ईश्वरीय आत्मा को प्राप्त करता है। भगवान शिव के पावन चरित्र का ध्यान करने से समाज की भलाई, धर्म की रक्षा और पालन के साथ ही जीव कल्याण की भावना प्रबल होती है। उनके पूजन से हमारे शरीर, मन, और आत्मा में संतुलन बना रहता है, जो हमें उच्च स्तर के ज्ञान, शक्ति, और उत्साह से युक्त बनाता है।हम आत्मसम्मान के साथ सहजता से जीवन जीने की कला सीखते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव की कृपा से हमें आध्यात्मिक उन्नति, संतुलन और शांति की प्राप्ति होती है। उन्हें याद करने से हमारे जीवन में संतुलन बना रहता है और हम अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। भगवान शिव की महिमा और व्यापकता को वर्णित करने के लिए कई जन्म गुजर सकता है, क्योंकि उनकी महिमा अनंत है। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग का सनातन धर्म मे व्यापक महत्व है। शिव जी के बारह ज्योतिर्लिंगों में सालोभर भक्तों का तांता लगा होता है। मान्यता है कि इन 12 जगहों पर शिव जी ज्योति स्वरूप में विराजमान हैं, इस वजह से इन 12 मंदिरों को ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। बारह ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारेश्वर, भीमाशंकर, विश्वेश्वर (विश्वनाथ), त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, घुष्मेश्वर (घृष्णेश्वर) शामिल हैं। हिन्दू पंचांग के सावन मास में भगवान शिव की उपासना का खास महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन मास भगवान शिव को प्रिय है। प्राकृतिक दृष्टि से देखें तो प्रकृति अपने मूल रूप में इस मास में दिखती है। भगवान शिव को अर्पित किए जाने वाले वस्तु भी सहजता से उपलब्ध हो जाते हैं। ॐ नमः शिवाय।

# चुनाव आयोग की गिरफ्त में

भारत का चुनाव आयोग उपहास का पात्र नहीं है। उस पर राजनीतिक आरोप चस्पां करना बेवकूफी है। चुनाव आयोग की भूमिका तटस्थ और निष्पक्ष है, यह विश्व के कई देश सत्यापित कर चुके हैं। वह देश के चुनावों का संचालक है, जो पार्षद-विधायक से मंत्री, मुख्यमंत्री और सांसद से प्रधानमंत्री तक का निर्णायक निर्वाचन तय करता है। चुनाव आयोग कांग्रेसी अथवा भाजपाई या वामपंथी नहीं हो सकता। उसके फैसलों और अभियानों पर सवाल उठाए जा सकते हैं, आपत्तियां जताई जा सकती हैं, लेकिन किसी ह्यएटम बमह्ल से उसके अस्तित्व के खात्मे की प्रहारात्मक धमकी नहीं दी जानी चाहिए। यह संवैधानिक अपराध भी है। बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया गया। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सार्वजनिक की गई है। खुद चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि 65.44 लाख से अधिक नाम काट दिए गए हैं, लिहाजा अब कुल मतदाता 7.24 करोड़ रह गए हैं। पहले मतदाताओं की संख्या 7.89 करोड़ से अधिक थी। नाम कटने का आंकड़ा बहुत बड़ा है, लिहाजा सर्वोच्च अदालत का दखल निश्चित है। खुद अदालत ने ऐसे दखल की बात कही थी। जब 12-13 अगस्त को सुनवाई होगी, तब चुनाव आयोग जवाबदेह होगा कि इतने बड़े पैमाने पर मतदाता क्यों हटाए गए? मतदाता हटाने का मतलब है किसी का मताधिकार छीनना। भारतीय लोकतंत्र और संविधान में मताधिकार छीना नहीं जा सकता, क्योंकि यह एक संवैधानिक, मौलिक अधिकार है। मताधिकार के जरिए ही लोकतांत्रिक सत्ताएं चुनी जाती हैं। जनमत ही लोकतंत्र की बुनियाद है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के मद्देनजर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बाकायदा मीडिया ब्रीफिंग करते हुए चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। आयोग स्पष्ट करे कि उनका नाम क्यों कटा? अब वह चुनाव कैसे लड़ पाएंगे? तेजस्वी ने मतदाता पहचान पत्र का जो एपिक नंबर बताया, वह अधिकृत नहीं था। चुनाव आयोग ने तुरंत पलटवार कर तेजस्वी के भ्रामक दुष्प्रचार को बेनकाब कर दिया। चुनाव आयोग ने उनके मतदाता पहचान पत्र का क्रमांक और एपिक नंबर का खुलासा करते हुए कहा कि उन्होंने इसी एपिक नंबर के आधार पर 2015, 2020 के चुनावी नामांकन दाखिल किए थे और वह विधायक चुने गए थे। उसी आधार पर वह उपमुख्यमंत्री भी बने। अब भी नेता प्रतिपक्ष के संवैधानिक पद पर हैं। उन्होंने इसी वोटर आईडी कार्ड के आधार पर ही 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान किया था। सवाल है कि क्या तेजस्वी के पास दो-दो मतदाता पहचान पत्र हैं? यदि हां, तो यह चुनावी अपराध है, लिहाजा तेजस्वी को जेल भी हो सकती है अथवा कुछ अंतराल के लिए चुनाव लडे के अयोग्य भी घोषित किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने तेजस्वी को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है और जांच के लिए कार्ड की मूल प्रति भी मंगवाई है। तेजस्वी बीते लंबे अर्से से आयोग को बदनाम कर रहे थे। उसे भाजपा का प्रकोष्ठ तक करार दे दिया था। उसे गोदी आयोग प्रचारित किया जा रहा था। तेजस्वी पर चुनाव आयोग की छवि धूमिल करने, मानहानि करने के भी आरोप हैं। दरअसल आयोग ने बिहार में जो एसआईआर कराया है, उस पर विपक्ष के आरोप हैं कि उनके वोट बैंक के नाम सूची से काटे जा सकते हैं।

# टैरिफ दादागिरी के बीच स्वदेशी एक जनक्रांति बने

**आज जब वैश्विक पूंजीवाद लड़खड़ा रहा है और पश्चिमी देशों की नीतियों में आत्मकेंद्रितता हावी हो रही है, भारत को अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक और बौद्धिक जड़ों की ओर लौटना ही होगा। यही समय है जब ह्यस्वदेशीह्ल एक आंदोलन बने, एक जनक्रांति बने और एक ऐसी नई अर्थव्यवस्था की नींव डाले जो टिकाऊ, समावेशी और पूर्णतः आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री मोदी ने जो स्वदेशी का दीप जलाया है, वह केवल सरकार का काम नहीं, यह हम सभी का नैतिक, राष्ट्रीय और आत्मिक दायित्व है। तभी हम न केवल ट्रंप जैसी टैरिफ दादागिरी का जवाब दे पाएंगे, बल्कि एक सशक्त, सम्मानित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे, अपने स्वेद, अपने स्वप्न और अपने स्वदेश के बल पर। वर्तमान परिप्रेक्ष्यों में यह आवश्यक हो गया है कि देश की आलोचना के नाम पर विदेशी अपमान का समर्थन करने की प्रवृत्ति का जनतांत्रिक रूप से विरोध हो।**





**ललित गर्ग**
लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं

वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे संकल्प लें कि अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उनका यह आह्वान न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ह्यदबाव की राजनीतिह्ल और ह्यटैरिफ की दादागिरीह्ल का माकूल जबाव है बल्कि भारत को सशक्त अर्थ-व्यवस्था बनाने की बुनियाद भी है। मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का आह्वान इसी सोच के साथ किया है। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि भारत को ह्यलोकल के लिए वोकलह्ल बनना होगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक गहन आर्थिक और सांस्कृतिक रणनीति है जो हमें बाहरी निर्भरता से मुक्त कर सकती है। यह वही आत्मनिर्भरता है, जिसका बीजारोपण महात्मा गांधी ने चरखे और खादी के माध्यम से किया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वदेशी जागरण के माध्यम से कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है। इससे भी अधिक विडंबनापूर्ण और चिंताजनक बात यह है कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने इस अपमानजनक बयान को घरेलू राजनीति की ह्यऑक्सीजनह्ल मानकर इसे आंतरिक राजनीति का हथियार बनाकर न केवल प्रचारित किया, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से उसका समर्थन भी किया। अक्सर विपक्षी दल देशविरोधी नैरेटिव को बढ़ावा देने में जुट जाते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का अंग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता पर आघात के समय एकजुटता ही राष्ट्रवाद की पहचान होती है। यह वही देशविरोधी मानसिकता है जो विदेशी मंचों पर देश की छवि को चोट पहुंचाती है और राजनीतिक स्वार्थों एवं मतभेदों को राष्ट्रीय स्वाभिमान से ऊपर रखती है। भारत की अर्थव्यवस्था को जिस तरह ट्रंप ने ह्यमृतप्रायह्ल कहा, वह न केवल मौजूदा आर्थिक तथ्यों की अवहेलना है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दबाने का एक रणनीतिक षडयंत्र भी है। आईएमएफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भी लगातार यह संकेत देती रही हैं कि भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जिस गति से पुनरुत्थान किया है, वह अनेक विकसित देशों के लिए भी उदाहरण है। सच्चाई यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था न तो मृत है, न ही दिशाहीन। हां, चुनौतियां हैं, बेरोजगारी, महंगाई, आय असमानता, लेकिन इनसे जूझते हुए भारत आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। वैश्विक मंचों पर भारत की वाणी अब कमजोर नहीं, बल्कि दृढ़ता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। ऐसे समय में जब अमेरिका जैसे देश एकतरफा फैसलों से वैश्विक व्यापार संतुलन को तोड़ने पर आमादा हैं, तब भारत को अपनी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के मंत्र को एक संकल्प बनाकर व्यवहार में लाना होगा। अमेरिका हो या चीन, आर्थिक नीतियों में नैतिकता नहीं, स्वार्थ ही केंद्र में रहता है। इसीलिए भारत को अब यह समझना होगा कि केवल आयात पर निर्भर रहकर हम अपनी आर्थिक सुरक्षा नहीं कर सकते। जब तक हम उत्पादन, निर्माण और उपभोग के क्षेत्र में स्वदेशी विकल्प नहीं अपनाते, तब तक हम इस टैरिफ आतंकवाद और वैश्विक अस्थिरता के शिकार बने रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वदेशी जागरण मंच वर्षों से यह बात दोहराते रहे हैं कि भारत की आर्थिक समृद्धि का मूल मंत्र ह्यस्वदेशीह्ल है। यह विचार केवल देसी वस्तुओं के प्रयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य है, स्वदेशी संसाधनों, तकनीकों, कौशल और संस्कृति के आधार पर विकास का रास्ता तय करना। भारत का आर्थिक इतिहास इसका साक्षी है कि जब-जब देश ने अपनी आंतरिक क्षमताओं पर विश्वास किया, तब-तब उसने वैश्विक मंच पर अपना प्रभुत्व सिद्ध किया। चाहे दूध उत्पादन में श्वेत क्रांति हो, अंतरिक्ष में इसरो की सफलताएं हों या कोविड काल में स्वदेशी वैक्सीन बनाना, भारत ने दिखाया है कि वह किसी से कम नहीं। स्वदेशी का मंत्र सिर्फ यहां बनाएं तक सीमित नहीं है, यह ह्ययहां के लोगों द्वारा, यहां की सोच के साथह्ल बनाया गया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी का ह्यमेक इन इंडियाह्ल अभियान अब ह्यमेड बाय इंडियाह्ल की दिशा में अग्रसर हो रहा है। भारत को ऐसी आर्थिक संरचना बनानी होगी जिसमें विदेशी पूंजी या तकनीक की बजाय स्वदेशी नवाचार, स्वदेशी उद्योग, और स्वदेशी उद्यमिता को बल मिले। इस संदर्भ में सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि जो नीतियां बनें, वे स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने वाली हों, न कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लॉबी के दबाव में चलने वाली। आज का समय वैसा ही है जैसा 1905 में बंग-भंग आंदोलन के समय था, जब बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और अरविंद घोष जैसे क्रांतिकारियों ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी। आज फिर एक नई क्रांति की जरूरत है, लेकिन यह क्रांति फैक्ट्रियों में, बाजारों में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लड़ी जाएगी। हमारे युवाओं को चाहिए कि वे स्टार्टअप, इनोवेशन और तकनीकी प्रयोगों में विदेशी नकल न करें, बल्कि भारतीय जरूरतों और मूल्यों के अनुरूप नए समाधान विकसित करें। यही आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। हर भारतीय को यह समझना होगा कि जब वह विदेशी मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, या चीनी उत्पाद खरीदता है, तो वह सिर्फ एक उत्पाद नहीं ले रहा, बल्कि वह अपने देश के एक कारीगर, किसान या उद्यमी से रोजी-रोटी छीन रहा है। अब समय है कि उपभोक्ता भी जिम्मेदार बने। स्वदेशी उपभोग सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति का आधुनिक रूप है।

# अमरीका से निर्वासन-भारतीयों की बढ़ती मुश्किल-हर दिन 8 भारतीय हो रहे हैं निर्वासन

**हर दिन डिपोर्ट हो रहे भारतीय इस सख्ती के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। आने वाले समय में यदि यह रुझान बरकरार रहा, तो न केवल प्रवासी भारतीयों के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी, बल्कि भारत-अमेरिका संबंधों की लोकप्रिय छवि पर भी असर पड़ सकता है। हम अमेरिका के साथ निरंतर संवाद में हैं ताकि अनावश्यक डिपोर्टेशन को रोका जा सके। भारत की प्रतिक्रिया सावधानीपूर्वक संतुलित रही है ताकि राजनयिक संबंधों पर असर न पड़े। लेकिन बढ़ती संख्या के चलते यह मुद्दा अब भारत-अमेरिका संबंधों में केंद्र बिंदु बनने लगा है। डिपोर्टेशन से पहले की प्रक्रिया है वीजा नियमों का उल्लंघन चिह्नित होता है, व्यक्ति को नोटिस मिलता है, आव्रजन न्यायालय में सुनवाई, अपील या बचाव की सीमित समयावधि और निर्णय आने के बाद तत्काल डिपोर्टेशन किया जाता है। अब यह प्रक्रिया त्वरित और स्वचालित हो गई है, जिससे प्रवासियों को बचाव का पर्याप्त समय नहीं मिलता है।**






**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
लेखक

2025 का अमेरिका अब पहले जैसा नहीं रहा। ह्यअमेरिकन ड्रीमह्ल कभी जो दुनियाभर के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता था, आज उसी सपने पर कठोरता की छाया मंडरा रही है। डॉनल्ड ट्रंप की दूसरी पारी की शुरूआत ने आव्रजन नीतियों में जिस सख्ती को जन्म दिया है, उसने हजारों भारतीय परिवारों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। जब ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति बने, तो यह पहले से ही अंदाजा था कि उनकी आव्रजन नीति कठोर होगी, लेकिन यह सख्ती इस हद तक जाएगी कि हर दिन औसतन 8 भारतीयों को अमेरिका से डिपोर्ट किया जाएगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, जनवरी से जुलाई 2025 तक 1,703 भारतीय अमेरिका से डिपोर्ट किए गए यानि हर दिन औसतन 8 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया गया। 2020 से दिसंबर 2024 तक यह औसत 3 प्रति दिन था। पिछले साढ़े पांच सालों में कुल 7,244 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के बाद, जनवरी 2025 से डिपोर्ट की गति लगभग 3 गुना हो गई है। यह न केवल संख्या की दृष्टि से डरावना है, बल्कि इससे यह भी जाहिर होता है कि अमेरिकी नीतियों का रुख कितनी तेजी से कठोरता की ओर मुड़ा है। 2025 में डिपोर्ट किए गए 1,703 भारतीयों में से 90% केवल 5 राज्यों से हैं, जिसमें पंजाब से 620, हरियाणा से 604, गुजरात से 245, उत्तर प्रदेश से 38 और गोवा से 26 को डिपोर्ट किया गया है। अन्य राज्यों से डिपोर्टेशन की संख्या अपेक्षाकृत कम रही है, जिसमें महाराष्ट्र और दिल्ली से 20-20, तेलंगाना से 19, तमिलनाडु से 17, आंध्र प्रदेश और उत्तराखंड 12-12 और कर्नाटक से 5 हैं। इन आंकड़ों से साफ होता है कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों से अवैध प्रवासियों की संख्या अधिक रही है, जिससे यह क्षेत्र ट्रंप प्रशासन की निगरानी के केंद्र में रहा है। 26 जून 2025 को अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया कि ह्लवीजा मिलने के बाद भी उस व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।ह्व यह साफ संदेश है कि अमेरिका अब ह्यसिर्फ वीजा के आधार पर स्थायित्वह्ल को स्वीकार नहीं करता। यदि कोई प्रवासी वीजा की शर्तों का उल्लंघन करता है या संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है, तो उसका वीजा रद्द किया जा सकता है। उसे तुरंत डिपोर्ट किया जा सकता है। उस पर भविष्य में स्थायी रूप से वीजा प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। अमेरिकी सीमा में प्रवेश करते ही गिरफ्तारी संभव है। 1 अगस्त 2025 को अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (वरउक्र) ने नए दिशानिर्देश जारी किया है। इसका मकसद ग्रीन कार्ड के लिए की गई झूठी शादी (टं१३' ऋ१४) को रोकना है। नई नीति के मुख्य बिंदु है, वैवाहिक आधार पर ग्रीन कार्ड के आवेदन में पति और पत्नी दोनों की विस्तृत जांच होगी। साक्षात्कार, दस्तावेजों की गहन समीक्षा, और पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच अनिवार्य हो गई है। यदि कोई विवाह फर्जी या केवल ग्रीन कार्ड प्राप्ति के लिए किया गया पाया गया, तो ग्रीन कार्ड रद्द कर दिया जाएगा। डिपोर्टेशन की प्रक्रिया तुरंत शुरू होगी और अमेरिका में स्थायी प्रतिबंध भी लग सकता है। ट्रंप प्रशासन ने इन डिपोर्टेशनों को ह्यराष्ट्रीय सुरक्षाह्ल, ह्यअर्थव्यवस्था की रक्षाह्ल और ह्यनागरिकता की पवित्रताह्ल का नाम दिया है। उनके मुताबिक अवैध प्रवासी अमेरिकी संसाधनों पर बोझ हैं। नकली शादियों से ग्रीन कार्ड की गरिमा को नुकसान होता है। विदेशी नागरिकों को कठिन मापदंडों के आधार पर ही स्थायी निवास दिया जाना चाहिए। यह सख्त रुख ट्रंप की मूल ह्यअी१ू ऋ१२३ह्ल नीति के तहत आता है, जहां उनका उद्देश्य देशी नागरिकों को प्राथमिकता देना है। भारत के हजारों परिवार जो अपने बेटे-बेटियों को पढ़ाई या नौकरी के लिए अमेरिका भेजते थे, अब तनाव में हैं। रोज नए डिपोर्ट मामलों ने प्रवासियों की मानसिक स्थिति खराब कर दी है। ल्1इ और ऋ1 वीजाधारी छात्रों में डर है कि अगर कोई भी नियम तोड़ा गया, तो उन्हें सीधे वापस भेजा जा सकता है, जिससे उनका करियर खतरे में पड़ सकता है। अब ग्रीन कार्ड या वीजा प्राप्त करने की प्रक्रिया में ज्यादा कानूनी सहायता, डॉक्युमेंटेशन, और जांच की आवश्यकता होती है, जिससे लोगों का वित्तीय बोझ बढ़ गया है। डिपोर्ट किए गए प्रवासी अक्सर अपने घरों को विदेशी मुद्रा भेजते थे, जो अब बंद हो गई है। इससे भारत के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। भारतीय सरकार ने इस मुद्दे को लेकर चिंता व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी का कहना है कि ह्लहम अमेरिका से डिपोर्ट किए जा रहे नागरिकों के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अमेरिका के साथ निरंतर संवाद में हैं ताकि अनावश्यक डिपोर्टेशन को रोका जा सके। भारत की प्रतिक्रिया सावधानीपूर्वक संतुलित रही है ताकि राजनयिक संबंधों पर असर न पड़े। लेकिन बढ़ती संख्या के चलते यह मुद्दा अब भारत-अमेरिका संबंधों में केंद्र बिंदु बनने लगा है। डिपोर्टेशन से पहले की प्रक्रिया है वीजा नियमों का उल्लंघन चिह्नित होता है, व्यक्ति को नोटिस मिलता है, आव्रजन न्यायालय में सुनवाई, अपील या बचाव की सीमित समयावधि और निर्णय आने के बाद तत्काल डिपोर्टेशन किया जाता है। अब यह प्रक्रिया त्वरित और स्वचालित हो गई है, जिससे प्रवासियों को बचाव का पर्याप्त समय नहीं मिलता है। डॉनल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका की नीति में जो बदलाव आया है, उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अब वहां नियमों से बाहर रहकर जीना संभव नहीं है।

# बिहार में चल रहा सियासी चतुर्मास



**ब्रह्मेन्द्र झा**

मान्य परंपरा के अनुसार भारतीय पंचांग में इन दिनों चतुर्मास शुरू है, अर्थात श्रावण, भाद्र, आश्विन व कार्तिक मास। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जगत के पालनहार इस अवधि में शयन में चले जाते हैं। इस दौरान सभी प्रकार के मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। खैर, इन बातों को फिलहाल रहने दीजिए। हमारे बिहार में तो अभी एक अलग किस्म का चतुर्मास चल रहा है, जिसे हम सियासी चतुर्मास कह सकते हैं। सावन शुरू होते ही वर्षा से वसुधा जलमग्न होती है तो दूसरी ओर सियासी जमीन को भी सरस किया जा रहा है। शिव के प्रिय इस मास में समाजसेवी के रूप में हर सियासी पहलवान भी शिव की ही तरह अपने अनुयायी ही हर किसी के लिए सहज और सुलभ होते जा रहे हैं। सावन में रक्षाबंधन भी होगा तो सियासी महारथी भी सभी को भाई और बहन मानने में थोड़ा भी नहीं हिचकेंगे। लीलापुरुष भगवान श्रीकृष्ण के जन्ममास भादो में हर सियासी योद्धा कर्मयोगी बनकर जनता रूपी जनार्दन को गले लगाने, मनाने रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसी दौरान निर्माण के देवता विश्वकर्मा का स्मरण करते हुए सियासी समीकरणों का निर्माण होगा। दलों की दीवारों को तोड़ा और जोड़ा जाएगा। कई मिथक टूटेंगे, कई मुद्दों को गढ़ा जाएगा, कई सियासी सड़कों का निर्माण होगा। समय अपने हिसाब से मौसम के मिजाज के मुताबिक बीतता जाएगा तो राजनीति भी मतदाताओं के मूड के मुताबिक अपनी रफ़्तार में बढ़ती जाएगी। आश्विन में पितृपक्ष होगा तो हम अपने पूर्वजों का स्मरण करेंगे। सियासी साधक भी राजनीतिक पितरों का स्मरण करेंगे। स्थानीय स्तर पर भी पूर्व के राजनीतिक पूर्वज याद किए जाएंगे। फिर, नवरात्रि आते हीं हमारे नायक भी विभिन्न रूपों में जनकल्याण के लिए संग्राम की मुद्रा में मुद्दा और माद्दा रूपी हथियार के साथ मैदान में आ जाएंगे। फिर, कार्तिक में तो कहीं दीपावली के दीप जलेंगे तो कहीं अमावस ही हावी रहेगा। बिहार में महापर्व छठ में भगवान की सूर्य की उपासना का समय होगा। सियासी आसमान में भी 243 सूर्य उगने को बेताब रहेंगे। फिर, राजनीति के घाट पर भी तरह तरह के पकवान परोसे जाएंगे । गोवर्धन पूजा भी होगी तो पशुचारा की भी चर्चा होगी। मतलब पर्व, त्योहार एवं तिथि विशेष से भरे इस चतुर्मास में लोकतंत्र के महापर्व में कसमों और वादों रूपी मंत्रोच्चार के साथ विकास बनाम जातिवाद, सुशासन बनाम भ्रष्टाचार, राष्ट्रवाद बनाम तुष्टीकरण, मुद्दा बनाम माद्दा, वगैरह, वगैरह...। सियासी पहलवानों की व्यक्तिगत कुंडली भी खंगाली जाएगी। नेताओं के बयानों का गंभीर अध्ययन का दौर चलेगा। ह्यस्लीप आफ टंगह्ल भी रंग दिखा सकता है। नित्य नये नये नारे गढ़े जाएंगे, पढ़े जाएंगे। कहीं जनतंत्र के जयकारे लगेंगे, जनतंत्र के खतरे को लेकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले चिल्लाते मिलेंगे। माननीय बनने के लिए होने वाली मशक्कत के बीच मतदाताओं को भी मनोरंजन का अवसर मयस्सर होगा।इस प्रकार बिहार में सियासी चतुर्मास के कारण जनता रूपी जनार्दन को जगाया जाएगा। पंचांग के चतुर्मास के बीत जाने के बाद आखिरकार सियासी चतुर्मास भी नवंबर के अंतिम दिनों में समाप्त हो जाएगा। विनर और रनर दोनों गंगा स्नान कर अगले पांच साल तक के लिए हरिबोल के नामधुन में रम जाएंगे। 243 विजेताओं को पाटलिपुत्र की पावन धरती पर सुविधा संपन्न आशियाना उपलब्ध कराए जाएंगे। फिर तो..... भारत डॉलर विरोधी नहीं है, लेकिन वैश्विक वित्तीय प्रणाली में विविधता लाने, एकल मुद्रा पर निर्भरता कम करने और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास के तहत, वह डॉलर पर निर्भरता कम करने का समर्थन करता है। यह रुपए के मूल्य को स्थिर करने और अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अधिक संतुलित बनाने के भारत के प्रयासों से भी प्रेरित है। भारत ने डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने के लिए रूस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों के साथ भारतीय रुपए में द्विपक्षीय व्यापार शुरू किया है। अब तक 20 से ज्यादा देशों ने घरेलू मुद्राओं में व्यापार निपटान को सुगम बनाने के लिए वोस्ट्रो खाते खोले हैं। भारत ब्रिक्स देशों के भीतर वैकल्पिक भुगतान तंत्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करता है, जैसे स्थानीय मुद्राओं का उपयोग या ब्रिक्स मुद्रा पर चर्चा, लेकिन उनकी व्यावहारिकता को लेकर सजग है। भारत वैश्विक व्यापार और वित्त में डॉलर के प्रभुत्व को समझता है और उसने इसके पूर्ण प्रतिस्थापन (या दूसरे शब्दों में, डॉलर-विमुद्रीकरण) का आह्वान नहीं किया है। इसके बजाय, वह कई आरक्षित मुद्राओं (जैसे यूरो, युआन और संभवतः रुपया) के सह-अस्तित्व का पक्षधर है। ब्रिक्स का सदस्य होने के बावजूद, भारत इस समूह को अमेरिका-विरोधी समूह के रूप में नहीं देखता। वह ब्रिक्स समूह को वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए एक मंच के रूप में देखता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्यटन नगरी में नेटवर्क की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

बगहा। सूबे में सुमार पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर नेटवर्क की मार बुरी तरह से झेल रहा है।नेटवर्क की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है किसी भी कंपनी का नेट ढंग से काम नहीं कर रहा है जिससे पर्यटन प्रभावित हो रहा है,इसके साथ बच्चों की ऑनलाइन बढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। नेट की तो दूर की बात है फोन से बात करने के लिए घर से बाहर निकलकर नेटवर्क वाले एरिये को तलाश करना पड़ता है तब जाकर कहीं बात हो पाती है,वह भी कई बार कॉल ड्राप होने और बार बार कॉल करने के बाद। पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटन डिस्टिनेशन पाथवे,गिरदर्शन (गोलघर ),इको पार्क,जंगल कैम्प,गेस्ट हाउस,कैनोपी झूला समेत जलसंसाधन विभाग के ऊपरी शिविर 3 नम्बर पहाड़ व ई टाइप कॉलोनी,हॉस्पिटल एरिया जलसंसाधन विभाग के तमाम कार्यलय,महर्षि वाल्मीकि कॉलेज,पोस्ट ऑफिस व नदी घाटी उच्चतर विद्यालय एरिये में कोई भी नेटवर्क ढंग से काम नहीं करता है। समाजसेवी अमित कुमार सिंह ने कहा कि अगर ऐसा नेटवर्क का हाल रहा तो पर्यटको के आवक पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेंगे साथ ही बच्चों की ऑनलाइन पढाई कैसे चलेगी,इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों को फौरी तौर संज्ञान लेते हुए कार्य करने की जरूरत है बतादें की नेटवर्क विहिन क्षेत्र या सुस्त व धीमी चाल की वजह से नेट पैक भी जाया होता है,जिससे उपभोक्ता ठगा सा महसूस करते हैं।

### वर्षा का पानी दुकानों में घुसा

लहलादपुर। कई दिनों से लगातार हो रहे वर्षा के कारण जनता बाजार में भारी मात्रा में जल जमाव हो गया है तथा कई दुकानों में पानी घुस गया है, जिस कारण दुकानें बंद हैं. पंजाब नैशनल बैंक के निकट मुख्य सड़क पर कई जगहों पर जल जमाव से पैदल आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी उत्पन्न हो गयी है. सब्जी बाजार जहां किंचड़ में तब्दील हो गया है, वहीं पीएनबी के सीएसपी के निकट जल जमाव भारी मात्रा में हो गया है. लगातार हो रहे वर्षा वर्षा से सिर्फ किसान खुश हैं, मगर आम जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. प्रति दिन मजदूरी करने वाले, फेरी लगाकर अपना समान बेंचने वाले, माल-मवेशी रखने वाले जैसे गरीब तबके के लोगों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है. बाजारों में दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें खोलकर मायूस सा बैठे हैं, ग्राहकों का पता नहीं है. आपातकालिन स्थिति में हीं कोई बाजार में दिख गया, अन्यथा बाजार सुना पड़ा है. जनता बाजार स्थित मुख्य सड़क के दोनों किनारे यदि नाला का निर्माण हो जाता तो यहां जल जमाव की समस्या से लोगों को निजात मिल जाता तथा नाला के ढक्कन पर बैठकर देहात से लाकर सब्जी बेंचने वाले या खोमचा लगाने वाले अपना समान बेंचते. अब वर्षा नहीं थमा तो इसका कुप्रभाव मक्का, लत्तर वाले हरी सब्जियों वैगरह पर भी पड़ सकता है. चुंकि खेतों में जल जमाव होने से मक्का, सब्जी वैगरह के सूखने की संभावना बन जाती है।

### प्रखंड मुख्यालय से काफी दूर होने जा रहा है मवेशी अस्पताल का निर्माण

लहलादपुर। प्रखंड मुख्यालय के एक प्राइवेट मकान में वर्षों से चल रहे मवेशी अस्पताल का अपना सरकारी भवन का निर्माण प्रखंड मुख्यालय से काफी दूर पुरुषोत्तिमपुर गांव में होने जा रहा है, जो प्रखंड मुख्यालय से दक्षिण तरफ के ग्रामीण पशु पालकों के लिये परेशानी दिख रही है. प्रखंड मुख्यालय पुरे क्षेत्र के बीच का केंद्र है, जहां चारो तरफ से पशु पालकों को आने-जाने में सुविधा है. मगर पुरुषोत्तिमपुर मवेशी अस्पताल बनने से कटेयाँ, लश्करीपुर, सेंदुआर आदि गाँवों के पशुपालकों के लिये दूरी काफी अधिक हो जायेगी. जबकि प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप ही बहुत सारी जमीन उपलब्ध दिखाई दे रही है।

# नल जल योजना से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर नियत समय करें निराकरणः डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं में सम्मिलित है। इस योजना के तहत सभी घरों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। विभागीय निदेशानुसार पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत कुल 3258 वार्डों में पंचायती राज विभाग द्वारा क्रियान्वित 3490 योजनाओं को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को हस्तांतरित किया गया है। इन योजनाओं का रख-रखाव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा चयनित 07 एजेंसियों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विदित हो कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत नल का जल का उपयोग पीने, खाना पकाने एवं दैनिक जरुरतों में किया जाता है। विभागीय निदेशानुसार जल की आपूर्ति प्रति दिन 6 घंटे किया जाना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से अधोहस्ताक्षरी को यह ज्ञात हुआ है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मोटर मरम्मती, बिजली व स्टार्टर संबंधी समस्या, लीकेज (जल रिसाव) इत्यादि के कारण लंबे समय तक पेयजल की आपूर्ति बाधित रहती है। मरम्मती कार्य हेतु चयनित एजेंसियों द्वारा नियमित रख-रखाव नहीं करने के कारण आम जनों में योजना के प्रति रोष व्याप्त होता है। उन्होंने निर्देश दिया कि पेयजल योजना में विभिन्न माध्यमों यथा वॉट्सएप, वेब पोर्टल, मोबाइल एप, जिला नियंत्रण कक्ष, सोशल मीडिया, ईमेल, स्वच्छ नीर एप, टोल फ्री नंबर इत्यादि के माध्यम से शिकायतें प्राप्त होती हैं, जिनका निवारण नियत समय सीमा के अंदर किया जाना अनिवार्य है। पेयजालापूर्ति सुचारू रूप से संचालन के क्रम में स्थानीय स्तर पर एजेंसी को समस्याओं से तुरंत अवगत कराने एवं नियत समय में निराकरण कराने हेतु प्रखंडवार टीम का गठन किया जाता है, जिसमें सभी हितधारक यथा कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल पश्चिम चम्पारण, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, संबंधित सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, संबंधित कनीय अभियंता, संबंधित पंचायत तकनीकी सहायक, संबंधित पंचायत सचिव, चयनित एजेंसी द्वारा नामित पर्यवेक्षक एवं पंप ऑपरेटर इत्यादि सम्मिलित रहेंगे।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी वीडिओ एवं बीपीआरओ का दायित्व होगा कि नल-जल योजना से संबंधित किसी समस्या से संबंधित कनिय अभियन्ता ढलएऊ को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी कनीय अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को निदेश दिया कि एजेंसी के माध्यम से लॉग बुक का संधारण करेंगे, जिसमें प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों का उल्लेख करते हुए उसके निष्पादन की स्थिति विहित प्रपत्र में दर्ज करेंगे।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कनीय अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल पश्चिम चम्पारण बेतिया को निदेश दिया जाता है कि पेयजल निश्चय योजनाओं का सघन अनुश्रवण करेंगे तथा नियत समय अवधि के अंदर मरम्मती कार्य पूर्ण नहीं किये जाने स्थिति में संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को अनुशंसा करेंगे। कार्यपालक अभियंता ऐसे सभी एजेंसी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएगें।

उन्होंने सभी कनीय अभियंता एवं सहायक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को निर्देश कि स्थानीय स्तर पर नल जल मरम्मती से संबंधित शिकायत प्राप्ति हेतु पम्प ऑपरेटर का नंबर, टॉल फ्री नम्बर का व्यापक पंचायत प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे।

# कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं रोजगार सेवकों को दिया गया भुवन जिओ-मनरेगा एप्लिकेशन का प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पश्चिम चंपारण बेतिया, मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं रोजगार सेवकों को भुवन जिओ-मनरेगा एप्लिकेशन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उपविकास आयुक्त सुमित कुमार (भा०प्र०से०) द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी कार्यक्रम पदाधिकारी एवं रोजगार सेवकों को मनरेगा योजना अंतर्गत किये जा रहे नए कार्यो का जियो टैगिंग एवं जिओ फेंनसिंग भुवन जिओ-मनरेगा मोबाइल ऐप के माध्यम से करने से सम्बंधित बारीकियों की जानकारी दिया गया। अब 10 अगस्त 2025 इस नए एप से Geo tagging एवं geofencing का कार्य पंचायत रोजगार सेवक द्वारा किया जाएगा। उपविकास आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि मनरेगा योजना अंतर्गत किये जा रहे कार्यो का जिओ-टैगिंग एवं जिओ टैगिंग हेतु भुवन ऐप के नए वर्जन का उपयोग 10 अगस्त 2025 से अनिवार्य रूप से किया जाना है जिससे योजना के कार्यो में अधिक स्पष्टता आएगी। उक्त बैठक में निदेशक (रा०नि०का) पुरषोत्तम त्रिवेदी,अकील गनी (एम०आई०एस० पदाधिकारी), जिला वित्तिय प्रबंधक, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता मनरेगा आदि उपस्थित रहे।

# पिछले 48 घंटों से हो रही बारिश के बाद गंडक नदी का जलस्तर बढ़ा

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। नेपाल की तराई एवं भारतीय सीमा में पिछले 48 घंटों से हो रही लगातार बारिश के बाद गंडक नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। मंगलवार की दोपहर 2 बजे गंडक बराज से जारी रिपोर्ट के अनुसार एक लाख 62 हजार क्यूसेक पानी डाउन स्ट्रीम में डिस्चार्ज किया जा रहा है। लगातार जलस्तर में वृद्धि के कारण गंडक नदी के तटीय इलाके में बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। वाल्मीकिनगर मौसम विभाग के पर्यवेक्षक सुधांशु कुमार ने बताया कि इस मानसून सत्र का सबसे अधिक बारिश 56 एमएम दर्ज किया गया था। लेकिन मंगलवार को 52 एम एम बारिश हुई है,गरज के साथ बारिश होने की पूरी संभावना है इस दौरान 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा बहने का भी अनुमान लगाया गया है।नेपाल सूत्रों से मिल रही जानकारी के बाद गंडक नदी के दियारा इलाके के लोगों को सतर्क किया गया है। अभी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा रहा है।वहीं गंडक बराज कंट्रोलरूम पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

# बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर विशालकाय पेड़ गिरने से घंटो आवागवन बाधित रहा

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। वीटीआर परिक्षेत्रों में पिछले कई घंटों से थम थम के बारिश हो रही है। इस बीच बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग स्थित धोबहा के समीप विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर आने से घंटो आवागवन बाधित रहा। वाल्मीकि बस सेवा के ड्राइवर जवाहिर अंसारी ने बताया कि करीब 4 से 5 बजे के बीच पेड़ सड़क पर आ गिरा था जिसे इंजीकोन कंपनी द्वारा हटा दिया गया।जिसके बाद आवागवन सुचारू हो गया है।बतादें की पेड़ गिरने से बगहा वाल्मीकिनगर को जोड़ने वाले एक ही सड़क मार्ग होने की वजह से सफर करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# युवाओं में एचआईवी/एड्स एवं स्वास्थ्य विषयों पर जागरूकता की अनूठी पहल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और बिहार एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देशन में रेड रन झ 2025 का जिला स्तरीय आयोजन राजेंद्र कॉलेज, छपरा में आज संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को एचआईवी/एड्स, यौन स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव एवं सुरक्षित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। रेड रन झ 2025 एक राष्ट्रीय स्तर का जन-जागरूकता कार्यक्रम है, जिसे देशभर के जिलों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी से आयोजित किया जा रहा है। राजेंद्र कॉलेज, छपरा में इस कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला, जहाँ बड़ी संख्या में एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और आम नागरिकों ने भाग लिया। प्रथम चरण में यह कार्यक्रम महाविद्यालय स्तर पर आयोजित किया गया था उसके पश्चात राजेन्द्र, जगदम, जगलाल चौधरी, जय प्रकाश महिला, गंगा सिंह, पृथ्वी चंद कॉलेज, बी डी एस एम एम, पी एन कॉलेज परसा से छात्रों ने प्रतिभाग किया। मैराथन कार्यक्रम के उपरांत युवाओं को संबोधित किया गया। संबोधन में प्रतिनिधि अरुण कुमार ने कहा कि स्वस्थ युवा ही देश का भविष्य हैं। इस तरह के आयोजनों से न केवल जागरूकता बढ़ती है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है।

स्वास्थ्य संवाद सत्र में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. तनवीर अख्तर ने छात्रों को एचआईवी संक्रमण के कारण, लक्षण, जांच, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी दी। इस मैराथन में छात्राओं में प्रथम स्थान जगदम से खुशी कुमारी को मिला और द्वितीय स्थान पर गंगा सिंह की प्रियंका, तृतीय स्थान जगलाल चौधरी से प्रमिला को मिला। छात्रों में जगदम से प्रथम स्थान दीपू कुमार को और द्वितीय स्थान पी एन कॉलेज से विशाल और तृतीय स्थान जगलाल चौधरी से राहुल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, और स्वास्थ्य व प्रतियोगिता विषयक पुस्तिकाएँ प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रत्यूष, डॉ. देवेश, डॉ. पुष्पलता, डॉ. मनोज, डॉ. एम प्रसाद, सुनील आदि उपस्थित थे। विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य, कार्यक्रम समन्वयक और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजीव, नवलेश कुमार ने छात्रों को अपनी शुभकामना दी है।

# झमाझम बारिश के बीच वीटीआर जंगली क्षेत्रों में मानसून, गश्त बढ़ाई गई



### पेड़ो की कटाई व जंगली जानवरों के शिकारियों पर विशेष नजर-रेंजर

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वीटीआर परिक्षेत्रों में झमाझम बारिश पिछले 48 घंटो से हो रही है।जंगली बरसाती नदी,नाले उफान पर है,जंगली जानवर ऊंचे स्थानों पर शरण लेने के लिए भटक रहे है तो वही कई जानवर झुंडों से तितरबितर हो गए हो जान बचाने की जुगत में हैं।वन सूत्रों की माने तो वीटीआर जंगल के बीचों बीच कई बरसाती नाले बहती है जो भारी बारिश की वजह से लबालब हो चले है।

इन सबो के बीच जंगल संपदा की चोरी की रोकथाम व जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए मानसून गश्ती की जा रही है। वाल्मीकिनगर वनप्रमण्डल 2 के वाल्मीकिनगर और गोनौली रेंज के रेंजर अमित कुमार और राजकुमार पासवान ने बताया कि वनकर्मियों की 5 से 7 लोगों की कई टीमें बनाकर जंगल के सभी विभाजित किए गए वन क्षेत्रों में लगातार गश्ती की जा रही है। खासकर बरसाती नालों के आसपास विशेष नजरे रखी जा रही है। वहीं नारायणी गंडक नदी की प्रवाह पर भी नजर रखी जा रही है।

बतादें की नेपाल से सटे गंडक नदी के ठोकर चुलभट्टा वीटीआर जंगल के एरिये में वनरक्षी शुभम कुमार,कुंदन कुमार समेत अन्य वनकर्मी की टीम लगातार गश्ती कर रही है।इसके साथ ही यह टीम नेपाल चितवन जंगल के बीच से होकर नारायणी गंडक नदी में बहते हुए आ रहे जंगली जानवरों पर नजर बनाए हुए है।जानकारी के लिए बतादूँ की नदी के रास्ते कई जानवर पानी के वेग में फंसकर बहते हुए आ जाते है,जिसके रेस्क्यू के लिए भी इन लोगों को तैनात किया गया है। वहीं पेड़ो की कटाई व जंगली जानवरों के शिकार करने वाले शिकारियों पर भी मानसून गश्ती से नजर रखी जा रही है।

# मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं का दिखा उत्कृष्ट कला कृतियां

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। कार्यालय। सामाजिक संगठन लियो क्लब छपरा टाउन के द्वारा एस डी एस पब्लिक स्कूल में सावन महोत्सव के तहत मेहंदी प्रतियोगिता करायी गई। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तान्या कुमारी को मिला, द्वितीय शानवी कुमारी, तथा तृतीय पुरस्कार रौनक कुमारी को मिली। स्कूल के प्राचार्य डॉ राकेश सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना था, बल्कि छात्राओं की रचनात्मकता को मंच प्रदान करना भी रहा। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कई छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को स्कूल की प्रबंधिका खुशबू सिंह जी ने सर्टिफिकेट, मैडल और कलम उपहार स्वरूप दिया। लियो अध्यक्ष अमित सोनी ने कहा कि सभी छात्राओं ने अपनी कलात्मकता और पारंपरिक शैली का सुंदर प्रदर्शन करते हुए हाथों पर आकर्षक और विविध प्रकार की मेहंदी डिजाइनों को उकेरा। कार्यक्रम की जानकारी लायन मनीष कुमार ने दिया। आज के मेंहदी प्रतियोगिता कार्यक्रम में लायन अली अहमद, लायन गोविंद सोनी, अमित सिंह, आशुतोष पाण्डेय, लियो राजनंदनी, लायन चंदन सिंह, लियो सुल्ताना प्रवीण आदि मौजूद रहे।

# इसुआपुर के शामपुर गांव में अखंड अष्टयाम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। प्रखंड के शामपुर गांव के शिव मंदिर परिसर में नवयुवक पूजा समिति के बैनर तले मंगलवार को अखण्ड अष्टयाम की शुरूआत हुई। पंडित वशिष्ठ पांडेय एवं नागेंद्र चौबे के मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञ में यजमान के रूप में पप्पू कुमार ठाकुर तथा उनकी धर्मपत्नी सविता देवी ने यज्ञ का संकल्प लिया। इसके पूर्व 251 महिला तथा कन्याओं ने हाथ में कलश लेकर हाथी, घोड़े, गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में 3 किलोमीटर पैदल चलकर गांव के पश्चिम शामपुर शिवदियरी ब्रह्मस्थान परिसर स्थित तालाब से जलभरी कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे।जलभरी जुलूस का नेतृत्व जिला पार्षद छबिनाथ सिंह, पूर्व मुखिया प्रत्याशी रेणु तिवारी, गोपाल चतुवेर्दी, रंजय तिवारी ,अनिल तिवारी, जयप्रका महतो, सुनील कुमार दुबे ,शैलेश साह ,संदीप कुमार साह, मिश्रीलाल साह, सोनू कुमार भगत, जयप्रकाश महतो ,धर्मेंद्र शर्मा ,धनवीर शर्मा, महेश शर्मा, दिनेश भगत ,मनजीत भगत ,शंकर कुमार ठाकुर ,रितिक शर्मा, अभिषेक कुमार साह, दीपक ठाकुर ने किया।

# मजलिस ए अजा का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। छपरा कार्यालय। शहर के शिया मोहल्ला दहियावां में कर्बला में 72 शहीदों की याद में एक मजलिस ए अजा का आयोजन अंजुमन ए कासिमया के तत्वावधान में किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार की संध्या में अंजुमन ने कासिमया द्वारा छोटे इमामबाड़ा में एक मजलिस ए अजा कर कर्बला में शहीद हजरत अब्बास का अलम ए मुबारक निकाला गया इस अवसर पर सभी की आँखें नम रह गई ।बताते चले कि इस बार अंजुमन ए कासिमया का 25 दौड़ मनाया गया।मजलिस का आरंभ हसन अली के सोज द्वारा हुआ। बॉम्बे से आए हुए मौलाना जनाब शाहिद हसन रिजवी ने कर्बला में शहीद 72 शहीदों पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि कर्बला में जो यजीद और हजरत इमामहुसैन के बीच जो जंग हुई उसकी मिशाल पूरी दुनिया में देखने को मिली।श्री हैदर ने कहा कि कर्बला के मैदान में लाखों की यजीदी फौज व केवल 72 पैगम्बर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन उसके बीच हक और बातिल को लेकर ऐतिहासिक जंग हुई हजरत इमाम हुसैन ने इस्लाम को बचाने की खातिर अपनी जान की कुबार्नी कबूल की पर यजीद के सामने अपना सर न झुकाया। रेहान मुस्तफा आबादी,कल्बे अब्बास, आबिस सुल्तानपुरी,परवेज कमाल,मौलाना मासूम रजा वाइज ने छोटा इमामबाड़ा में तकरीर की।तकरीर के बाद अंजुमन ए कासिमया के मातमी दस्ते ने या हुसैन या हुसैन की सदा लगाकर मातम कराया।

# प्रिया भारती बनी इसुआपुर की बीईओ

इसुआपुर। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में सुश्री प्रिया भारती ने मंगलवार को बीइओ के पद पर योगदान दिया। इस मौके पर बीआरसी परिसर में शिक्षकों द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया था। नई बीईओ ने कहा कि शिक्षक अपने कर्त्तव्यों के प्रति सजग रहें। बच्चों के शिक्षा के प्रति कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जएगी। शिक्षक नेता अशोक कुमार यादव, मो०एहसान, ओमप्रकाश गुप्ता, बिजय कुमार मांझी,जितेंद्र कुमार राम,कुमारी अनामिका, मनोज राय,वकील शर्मा, नन्हे सिंह, रणजीत कुमार रजक,नवल बैठा,संतोष सिंह व अन्य ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# रहीम राईन बने जदयू प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जदयू के वरीय नेता अब्दुल रहीम राईन को पार्टी ने प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति के बाद श्री राईन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रदेश अध्यक्ष श्री कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा मुझे इस अहम जिम्मेदारी के लिए चुनने पर मैं पार्टी का तहेदिल से शुक्रगुजार हूं। पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करूंगा। श्री राईन की नियुक्ति पर राज्य मदरसा बोर्ड के चेयरमैन सलीम परवेज, जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, जिला संगठन प्रभारी रणविजय सिंह, वरीय नेता बैद्यनाथ प्रसाद सिंह

# पश्चिम चम्पारण में राजस्व महाभियान की सफलता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज स्थानीय प्रेक्षा गृह में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सत्र राजस्व महाभियान की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस सत्र में जिले के सभी संबंधित सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी राजस्व अधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरगे, सभी राजस्व कर्मचारी, सभी पंचायत सचिव, सभी अंचल अमीन, सभी विकास मित्र एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को महाभियान के उद्देश्यों, प्रक्रियाओं और विधियों के बारे में सटीक जानकारी देना था ताकि इस महाभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

प्रशिक्षण सत्र में बताया गया कि बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा एक विशेष राजस्व महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रैयतों के घर/पंचायत तक पहुंच कर डिजिटाइज्ड (ऑनलाइन) जमाबंदी में त्रुटि सुधार (परिमार्जन), उतराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन कराना जायेगा। यह महा अभियान 16 अगस्त से 20 सितंबर तक चलेगा। इस दरम्यान सभी अंचलों में हल्का वार राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति एवं आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराएगी।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राजस्व के सभी काम ठीक से और पारदर्शिता के साथ किए जाएं। प्रशिक्षण के माध्यम से हम अधिकारियों को इस महाभियान की महत्ता और इसकी प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझा रहे हैं। यही हमारी सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इस महा अभियान की सफलता में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। आप सभी अच्छे से कार्य करते आ रहे हैं, इस कार्य को भी विभागीय दिशा-निदेर्शों का अनुपालन करते हुए बखूबी सफल करना है। उन्होंने कहा कि इस महाअभियान की सफलता के लिए अच्छे तरीके से माइक्रोप्लान तैयार करें। माइक्रोप्लान के अनुसार प्रत्येक मौजा हेतु गठित द्विसदस्यीय दल द्वारा घर-घर जाकर जमाबंदी पंजी प्रति/आवेदन प्रपत्र एवं पैम्फलेट का वितरण करेंगे।

# प्रत्यय अमृत को मुख्य सचिव बनने पर सांसद रूडी की बधाई

## कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वर्णिम कार्यकाल का प्रमुख अध्याय बनेंगे प्रत्यय अमृत

- प्रत्यय अमृत 1 सितम्बर से बिहार के मुख्य सचिव पद का कार्यभार संभालेंगे
- अमृत वर्ष 1997-98 में सारण के जिलाधिकारी रहे, उसी समय श्री रूडी वहां के सांसद थे
- वर्ष 2001-2004 में श्री रूडी के केंद्रीय मंत्री रहते हुए अमृत के रूप में कार्य किया
- अमृत ने स्वास्थ्य, पथ निर्माण, खेल, खाद्य प्रसंस्करण सहित कई विभागों में काम किया, वर्तमान में विकास आयुक्त, बिहार हैं


प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।। बिहार सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री प्रत्यय अमृत आगामी 1 सितम्बर को मुख्य सचिव, बिहार के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।इस अवसर पर सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वर्णिम कार्यकाल का प्रमुख अध्याय बनेंगे। श्री रूडी ने कहा कि, श्री प्रत्यय अमृत एक अत्यंत अनुशासित, कर्मठ और दूरदर्शी प्रशासक हैं। मुझे गर्व है कि उनका सारण जिले से गहरा नाता रहा है। वे 1 अप्रैल 1997 से 1 जून 1998 तक छपरा (वर्तमान सारण) के जिलाधिकारी रहे। इसी दौरान मैं लोकसभा सांसद था और उनके साथ प्रशासनिक समन्वय का अनुभव अत्यंत सकारात्मक रहा। इसके पश्चात जब श्री रूडी वाणिज्य मंत्रालय में 2001-2003 एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय में 2003-2004 में केंद्रीय मंत्री बने, तब प्रत्यय अमृत ने निजी सचिव के रूप में उनके साथ केंद्र सरकार में कार्य किया। श्री रूडी ने इसे एक भरोसेमंद और प्रभावशाली प्रशासनिक सहयोग की संज्ञा दी।

श्री रुडी ने कहा कि बिहार को प्रत्यय अमृत जैसे अनुभवी और प्रतिबद्ध अधिकारी का नेतृत्व मिलना, राज्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे शासन प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और जनहितैषी बनाएंगे। गौरतलब है कि प्रत्यय अमृत ने बिहार सरकार में स्वास्थ्य, पथ निर्माण, खेल एवं युवा, और खाद्य प्रसंस्करण जैसे विविध विभागों में कार्य करते हुए अपनी प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया है। वे वर्तमान में विकास आयुक्त, बिहार के रूप में पदस्थ हैं। सांसद श्री रूडी ने निवर्तमान मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा को उनके प्रशंसनीय योगदान के लिए साधुवाद ज्ञापित किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा कि श्री मीणा जी ने अपने प्रशासनिक जीवन में जिस गरिमा और दक्षता के साथ कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है। उनके अनुभव और सेवाभाव के लिए बिहार सदैव उनका ऋणी रहेगा। मैं उनके स्वस्थ, सक्रिय और सफल जीवन की कामना करता हूं।

## डीसी संभावित बाढ़ एवं निर्वाचन कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि तथा शाहपुर सहित अन्य अंचलों में संभावित बाढ़ की स्थिति को लेकर एवं निर्वाचन संबंधी कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बाढ़ समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी प्रशासनिक इकाइयों को हाई अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने 247 जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने, बाढ़ प्रभावित नागरिकों को त्वरित राहत एवं हर संभव सहायता न्यूनतम समय में प्रदान करने तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं बरतने के स्पष्ट निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने शाहपुर अंचल अंतर्गत जवइनियाँ गांव में जिला प्रशासन द्वारा संचालित राहत कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्रभावी एवं समन्वित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। निर्वाचन संबंधी समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही, उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को डेटा अपलोडिंग कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जा सके।बैठक में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी,प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भोजपुर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वार्ड नंबर 42 की जल जमाव की समस्या की समीक्षा की गई

## जल जमावा को ठीक करेन के लिए डीसी ने दिए निर्देश

**आगामी तीन दिनों के भीतर व्यापक प्रचार-प्रसार करने ,अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस निर्गत करने तथा संबंधित सूचना विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई जाये ताकि स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके:डीसी**



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिलाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में आरा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या-42 जिलाधिकारी के अध्यक्षता में अंतर्गत मिल्की अनाइठ मोहल्ले में जलजमाव की समस्या के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में नगर आयुक्त, नगर निगम द्वारा बताया गया कि जगदेव मूर्ति से बाजार समिति होते हुए बेलाई रोड तक नाले पर स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण होने के कारण नियमित सफाई कार्य संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे क्षेत्र में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है।

इस संबंध में जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि आगामी तीन दिनों के भीतर माइकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस निर्गत किया जाए तथा संबंधित सूचना विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई जाए, ताकि स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर को नगर आयुक्त के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग तथा नगर आयुक्त, नगर निगम को ड्रेनेज की सफाई, मरम्मत तथा जल की सुचारु निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इस बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम; अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर; कार्यपालक अभियंता, शाहाबाद पथ प्रमंडल; परियोजना निदेशक, बुडको तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रावण के अंतिम सोमवार पर अजय सिंह ने ग्राम-गुंडी में की शिव आराधना, भव्य आरती में हुए शामिल



प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। श्रावण माह के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर बड़हरा प्रखंड के ग्राम गुंडी स्थित काली मंदिर एवं महादेव मंदिर में भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता अजय सिंह ने भी भाग लिया।अजय सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर भगवान शिव की आराधना की और दिव्य आध्यात्मिक अनुभव साझा किया। मंदिर परिसर हर हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयकारों से गूंज उठा। आरती के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर दिखे और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।इस अवसर पर अजय सिंह ने कहा कि श्रावण मास में शिव आराधना आत्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान करती है। ग्राम-गुंडी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की धार्मिक एकता देखना अत्यंत प्रेरणादायक है।मंदिर समिति एवं ग्रामीणों द्वारा आरती के बाद प्रसाद वितरण और सामूहिक भोज की व्यवस्था भी की गई थी। स्थानीय लोगों ने अजय सिंह की उपस्थिति को सराहा और उनके साथ शिवभक्ति के इस विशेष क्षण को साझा कर गौरव महसूस किया।

# जेपी सेनानी,डॉ. उमेश चंद्र सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा हुई



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। लोकनायक जयप्रकाश स्मारक संस्थान द्वारा डॉ. उमेश चंद्र सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी. लोक नायक स्मारक स्थित मुक्त काला मंच पर जे. पी. सेनानियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा दिवंगत साथी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ जे. पी. सेनानी सुशील तिवारी ने और संचालन महासचिव सुशील कुमार ने किया. उमेश जी 1974 के आंदोलन के जुझारू कार्यकर्त्ता और सुप्रसिद्ध गणितज्ञ थे. विगत 29 जुलाई को हृदय गति रुक जाने के कारण दिल्ली में उनका निधन हो गया. उमेश जी वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के. सी. सिन्हा के छोटे भाई थे. जे. पी आंदोलन के साथ - साथ आरा, पटना, नागपुर में छात्र-युवा संघर्ष वाहिनी के पूर्णकलिक कार्यकर्त्ता के रूप में वर्षों तक सक्रिय भूमिका निभाते रहे थे. बोध गया भूमि आंदोलन में उमेश जी की अग्रणी भूमिका रही थी. उस आंदोलन में भी वो गया जेल में रहे थे.सुशील तिवारी ने बोध गया संघर्ष और आपातकाल में उमेश जी की जुझारू भूमिका का वर्णन करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की. गुलाब चंद प्रसाद ने आपातकाल में उनके साथ अपने जेल जीवन का संस्मरण प्रस्तुत किया. नाथू राम ने उमेश जी को एक दानी और उदार प्रवृत्ति का व्यक्ति बताया. सलिल भारतीय ने आपातकाल में उमेश जी के साथ बिताये यायवरी जीवन पर प्रकाश डालते हुए अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. संचालक सुशील कुमार ने उनकी विद्वत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया की उमेश जी भौतिक शास्त्र से एम. एस. सी थे लेकिन गणित के प्रसिद्ध शिक्षक हुए . उनकी लिखी गयी गणित की कई पुस्तकें इंटर से लेकर एम. एस. सी . तक के छात्र पढ़ते हैं . अशोक मानव ने स्वर्गीय पवन श्रीवास्तव की प्रतिमा स्थापित करने में उमेश जी के संकल्प को बताते हुए कहा कि उनके उस संकल्प को हम जरूर पूरा करेंगे.सभा को उमेश सिंह आदि थे। कमलेश कुंदन, सरफराज अहमद, मिंटू सिंह, संजय सिंह आदि ने सम्बोधित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. इनके अतिरिक्त बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों ने भी उमेश जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया. सभा के अंत में उमेश जी को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गयी.

# हर दिल अजीज मोहम्मद रफी की 45 वीं पुण्यतिथि पर संगीत के कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा/हर दिलअजीज गायक मो. रफी की 45वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में प्रेम का सुसाज संस्था के तत्वावधान में नागरी प्रचारिणी सभागार में फिल्म संगीत का कार्यक्रम तुम मुझे यूं भुला न पाओगे.. संगीत के कार्यक्रम का आयोजन शहर के मशहूर गायकारों के बीच किया गया इस कार्यक्रम में मोहम्मद रफी के जितने भी संगीत प्रेमी थे उन्होंने इस कार्यक्रम मैं अपने अपने सूर के द्वारा श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया. इसका उद्घाटन संगीत शिक्षक व गायक धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक रमेश कुमार, व्यवसाई राजकुमार, संगीत प्रेमी इकबाल इल्मी और गायिका अम्बे शरण ने दीप प्रज्ज्वलित कर और मो.रफी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। नन्ही गायिका ऋषिका शर्मा ने तुम मुझे भूल न पाओगे... गीत गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। तदोपरांत आदर्श कुमार ने लिखे जो खत तुझे..., मो. नौशाद ने जॉन जानी जनार्दन..., अलका शरण ने अहसान तेरा होगा मुझ पर..., राजकुमार ने ना जा कहीं अब ना जा..., कुमार अनुपम ने बदन के सितारे लपेटे हुए..., रमेश कुमार ने दिल का सुना साज तराना ढूंढेगा..., मो.युसुफ ने अगर बेवफा तुझको..., नवीन पांडेय ने दिल की आवाज भी सुन मेरे फसाने..., कृष्णकांत मानस ने रहा गर्दिशों में हरदम मेरे इश्क का सितारा..., धर्मेंद्र कुमार ने न फनकार तुझसा तेरे बाद आया... गानों को बखूबी प्रस्तुत किया।

वहीं युगल गीतों में नवीन पांडेय व सुनीता पांडेय ने एक तेरा साथ हमको दो जहां..., धर्मेंद्र कुमार व ऋषिका शर्मा ने जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा..., इशारों इशारों में दिल देने वाले..., धर्मेंद्र कुमार व अंबे शरण ने जन्म-जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा..., राजकुमार व अम्बे शरण ने इतना तो याद है मुझे... गाकर श्रोताओं को खूब झुमाया। वही मो. रफी और किशोर कुमार की अटूट दोस्ती को दशार्ते हुए फिल्म दोस्ताना का मशहूर गीत बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा...धर्मेंद्र कुमार और रमेश कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में धर्मेंद्र कुमार, शमशाद प्रेम और मो.नौशाद ने मेरे देश प्रेमियों आपस में प्रेम करो... को प्रस्तुत किया। मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक शमशाद प्रेम ने कहा कि फिल्म संगीत के क्षेत्र में मो. रफी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वह एक अच्छे फनकार ही नहीं, बल्कि एक अच्छे इंसान भी थे।

इस अवसर पर डॉ.विभा कुमारी, डॉ. संजीव कुमार, सुशील कुमार, नाथूराम, सलील भारतीय, पुनीता सिंह, लड्डन, कृष्णेंदु, पंकज प्रभाकर, संजीव गुप्ता आदि मौजूद थे।

## नवीन पुलिस केन्द्र में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया

आरा/पुलिस अधीक्षक, भोजपुर द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया और परेड पर उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं शालीन आचरण बनाए रखने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।साथ ही, बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी प्रशिक्षु सिपाहियों को प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## भाकपा माले द्वारा जिलाधिकारी से बाढ़ पीड़ित इलाकों में सहायता के लिए नाव की व्यवस्था की मांग

आरा/भाकपा-माले ने आरा मुफ्फसिल के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाढ़ राहत अभियान व नाव की व्यवस्था करने की भोजपुर जिलाधिकारी से मांग की है। भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम ने भोजपुर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से बात कर बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत चलाने की मांग की है !माले नेता दिलराज प्रीतम ने किया कि आरा मुफ्फसिल प्रखंड के दर्जनों गांव में बाढ़ का पानी भर जाने लोगों के सामने काफी संकट पैदा हो गया है !बाघाकोल छलका,जर्वरपुर,मिल्की,सेरिया,बसमनपुर,बरजा,सलेमपुर,इजरी,मनीराय का टोला,तेतरिया,बसंतपुर बाघीपाकड़,बेला,पिरौटा में बाढ़ का पानी भर जाने से इन इलाकों में लोगों के सामने आवगमन बाधित होने से जनजीवन काफी प्रभावित हो गया है !इसलिए इन इलाकों में नाव के अलावा सामुदायिक किचेन या राशन,मेडिकल,पशु चारा,त्रिपाल आदि की व्यवस्था की मांग की है !

## शाहपुर रोड पर पुल गिरने की सूचना पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई

शाहपुर रोड स्थित ताल क्षेत्र में पुल के क्षतिग्रस्त होने एवं आवागमन बाधित होने की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई। इस संबंध में जिलाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को अविलंब आवश्यक मरम्मत कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। निर्देश प्राप्त होते ही पथ निर्माण विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कर लिया गया, जिससे पुल पर आवागमन पुनः सुचारु रूप से आरंभ हो गया है।भाजयुमो के प्रदेश सह क्षेत्रीय प्रभारी मनोनीत हुए प्रकाश सिंह सक्रिय सामाजिक एवं संगठन पृष्ठभूमि के चलते भोजपुर जिले की सौंपी गई जिम्मेदारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्र ने आरा निवासी पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकाश सिंह को प्रदेश सह क्षेत्रीय प्रभारी अरवल जिला प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया राजनीति में सक्रिय है वह वार्ड अध्यक्ष से लेकर नगर अध्यक्ष नगर महामंत्री युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निगम पार्षद जैसे अनेकों पदों पर रहे हैं एवं कई सामाजिक संगठन से भी जुड़े हैं उनकी संगठनात्मक पकड़ और आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं की भागीदारी को देखते हुए यह जिम्मेवारी सौंप गई है उनके मनोयोन पर पूर्व कृषि मंत्री श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह बड़हरा विधायक श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व विधायक संजय सिंह टाइगर भाजपा नेता कौशल विद्यार्थी जिला अध्यक्ष दुर्गा राज भाजपा नेता निलेश कुमार जैन अभिमन्यु सिंह मुकेश सिंह अंकेश सिंह सहित सैकड़ो भाजपा नेताओं ने बधाई दिया।

## गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, बाढ़ का मुआयना करते भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन



आरा। गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से आरा सदर प्रखंड पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है यह बात एक प्रेस बयान जारी कर भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा. आज तड़के भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में एक टीम बाढ़ प्रभावित इलाकों का मुआयना करने आरा विधानसभा के दर्जनों गांवों में गयी.बाढ प्रभावित इलाके का दौरा करने के बाद संवाददाताओं को बताया कि आरा प्रखंड के दर्जनों गांवों में गंगा नदी में आई बाढ़ का पानी घुंस गया है.खेतों में लगी फसल तबाह हो गई है.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि गांगी पैगा रोड़ पर धुधुआं और बसंतपुर सूर्य मंदिर के पास ढाई फीट सड़क पर पानी बह रहा है.कयी गांवों का सम्पर्क आरा मुख्यालय से कट गया है.वही बारा, बसंतपुर,धुधुआं, लक्ष्मणपुर,मथवलिया,पीरौंटा, रामपुर -मठिया,घेघटा, चौमुखा,नागोपुर, पिपरा जयपाल, डुमरा, महुली में तेजी से बाढ़ का पानी गांवों को चारों तरफ से घेर रहा है.लोगों की जीना मुश्किल हो रहा है.लोग सुरक्षित जगह ढुंढ रहे हैं खाशकर मवेशियों के लिए. क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि बाघा कोल, तेतरिया,अगरसंडा, पलट,बरजा, सलेमपुर,इजरी भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने जिला प्रशासन से मांग कि है कि आरा प्रखंड के सभी बाढ़ प्रभावित गांवों में बाढ़ राहत कार्य तेजी से चलाया जाय.और बाढ़ पीड़ितों को सभी जरूरी सामानों को मुहैया कराई जाय. भाकपा माले की टीम में सामिल प्रमुख लोगों युवा नेता हिम्मत यादव, अंकुर अहिर,राजद नेता विजय यादव.हरिशंकर साह थे।

## दौलतपुर उच्च विद्यालय, कोईलवर में 41 छात्राओं का किया गया एचपीवी टीकाकरण




भोजपुर- मंगलवार को कोईलवर प्रखंड स्थित दौलतपुर उच्च विद्यालय, दौलतपुर में स्कूल की 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की 41 छात्राओं का सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण किया गया. इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक जावेद अख्तर, रिंकू कुमारी, सीएचओ, डॉ. प्रेरणा कुमारी, सैफ अली खान, रौशन कुमार पांडे तथा यूनिसेफ के प्रखंड समन्वयक तथा जिला समन्वयक, सीएफएआर की जिला समन्वयक, जुलेखा फातमा सहित ए.एन.एम एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं. इस टीकाकरण कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करना था. इस अवसर पर दौलतपुर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जावेद अख्तर ने टीकाकरण स्तर में शामिल छात्राओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि यह टीका आपकी बेहतरी के लिए है और इससे आपलोगों को सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से बचाव होगा. इस अवसर पर रिंकू कुमारी, सीएचओ ने कहा कि यह टीका ह्यूमन पेपीलोमा वायरस से लड़ने में मदद करेगा जो सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है. यह बालिकाओं एवं महिलाओं को बच्चेदानी के मूंह के कैंसर के कैंसर से बचाता है.

## पीरो में स्वतंत्रता दिवस पर होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन

पीरो। पीरो में इस बार स्वतंत्रता दिवस पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारी शुरू कर दी गई है। मंगलवार को पीरो एसडीएम कृष्ण कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान पूरे कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह प्रभात फेरी से होगी। अनुमंडल मुख्यालय स्थित बालक मध्य विद्यालय के बच्चे प्रभात फेरी निकालेंगे। सबसे पहले अनुमंडल पदाधिकारी के आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। तत्पश्चात एसडीपीओ आवास पर झंडोत्तोलन किया जाएगा। मुख्य समारोह स्थानीय शहीद स्टेडियम में आयोजित होगा। जहां अनुमंडल पदाधिकारी ध्वजोतोलन के पश्चात सशस्त्र पुलिस बल के परेड की सलामी लेंगे। इस मौके पर सीबीएससी सेंट्रल स्कूल, टीएलएसएम वर्ल्ड स्कूल, आरकेड इंटरनेशनल स्कूल, पुष्पा उच्च विद्यालय, बालक मध्य विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के छात्रों द्वारा मार्च-पास्ट किया जाएगा। मुख्य समारोह के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सरकार एवं प्रशासन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालेंगे। मौके अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले अनुमंडल के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। समारोह की तैयारी के लिए अलग-अलग कर्मियों को जिम्मेवारी सौंपी गई। तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम, अंचलाधिकारी लखेन्द्र कुमार, बीइओ मनोज सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाघिकारी उदय कुमार सानू, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन, कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार सिंह, बालक मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार मिश्र, आरकेड के निदेशक अफजल इमाम, अधिवक्ता अरुण कुमार राय, शेषनाथ सिंह, अवर निबंधन पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी, मीडियाकर्मी आदि थे।

# गुप्ताधाम दर्शन में है बहुत कठिनाइयां,प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं : आशुतोष सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि मैं सावन के चौथ सोमवार को दिनांक 4 अगस्त 2025 को गुप्ता धाम दर्शन हेतु मैं अपने मोटरसाइकिल से वहां लगभग एक बजे के करीब गुप्ता धाम दर्शन हेतु चेनारी बादलगढ़ के रास्ते गुप्ता धाम गया पूरा रास्ता बहुत ही जर्जर खराब हे,बारिश में मिट्टी गधा के चलते खराब सड़क पर चलना मुस्किल हे,मिट्टी गंदगी से रास्ता बहुत ही खराब है,गुप्ताधाम गुफा के बाहर अगल बगल भी बहुत गंदगी हे कोई सफाई नहीं किया जा रहा है,रास्ते खराब के चलते बुरी हालत में गुप्ता धाम पहुंचा और जब गुप्ता धाम के गुफा में अंदर घुसा तो वहां गुफा के अंदर कोई ऑक्सीजन की व्यवस्था जिला प्रशासन बिहार सरकार के द्वारा वहां नहीं किया गया था और श्रद्धालु अंदर से बेहोश होकर लोग उनको तंग कर गुफा से बाहर निकाल रहे थे और मैं भी जब अंदर गया तो गुप्ता धाम गुफा के अंदर बीच में जाते हि मेरा मेरा भी सांस फूलने लगा दम घुटने लगा मैं भी बेहोश होने लगा मुझे भी सांस लेने में बहुत कठिनाइयां होने लगी कई श्रद्धालु बीच से ही लौट रहे थे,बिहार सरकार रोहतास जिला के साथ सौतेलापन व्यवहार कर रही है वहीं नालंदा जिला में छोटे-छोटे मंदिरों और स्थान पर पेसा खर्चा करके विकास करके वहां काम कर रही है और रोहतास जिला में मशहूर विख्यात गुप्ता धाम मंदिर गुफा के साथ सौतेलापन व्यवहार कर रही है यहां पूरा विकास करना चाहिए।

अच्छी रास्ता सड़क बनाना चाहिए,धर्मशाला बनाना चाहिए,स्वास्थ्य का व्यवस्था होना चाहिए,बिजली की व्यवस्था होनी चाहिए,स्वास्थ्य बिजली सड़क सुरक्षा सुंदरीकरण गुप्ता धाम में होना चाहिए यही मेरी बिहार सरकार और जिला प्रशासन से मांग है। नालंदा के तरह रोहतास जिला का भी विकास किया जाये,गुप्ता धाम का महिमा बहुत हे,अभी तक करोड़ व्यक्ति दर्शन कर चुके हैं याहा की ना वेव्स्था ठीक है ना कोई सड़क ठीक है नहीं कोई पीने का पानी का व्यवस्था है और नहीं रास्ते की और गुप्ता धाम तक सुरक्षा का अच्छा व्यवस्था किया जाये, डंडा पार्टी पुलिस गुप्ता धाम गुफा के बाहर कुछ दिखाई दिए थे,श्रद्धालु भगवान भरोसे बुरी हालत में वहां पहुंचते हैं और ठीक ढंग से ऑक्सीजन नहीं रहने के चलते गुफा के अंदर दर्शन भी नहीं कर पाते हैं मैं सरकार से जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि गुप्ता धाम में धर्मशाला शौचालय पीने का पानी का व्यवस्था और ऑक्सीजन की प्रचुर मात्रा में व्यवस्था वहां किया

## बहरी महादेव में आयोजित महा आरती में उमडे श्रद्धालु

पीरो। पीरो अनुमंडल मुख्यालय से सटे ऐतिहासिक बहरी महादेव धाम स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित महा आरती अनुष्ठान में भक्तजनों की भीड उमड पड़ी। बहरी महादेव धाम मंदिर कमिटी की पहल पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए काशी से विशेषज्ञ ब्राह्मणों को आमंत्रित किया गया था। लगभग घंटे भर चले इस कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार व देवाधिदेव भगवान शिव की आरती गायन से आसपास का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस अनुष्ठान में शामिल होने के लिए पीरो नगर के साथ-साथ बरौली, रजेयां, लहराबाद, जगदीशपुर पाठक, बघाउड नारायणपुर, ओझवलिया, बलुआही टोला, संभल टोला, स्नेही टोला, नायक टोला, बारोडीह, शिवनाथ टोला सहित आसपास के गांवों से बड़ी तादाद में जुटे थे।

## सदस्यता अभियान का हुआ पोस्टर विमोचन

छपरा कार्यालय।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छपरा के द्वारा राजेंद्र महाविद्यालय में सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला प्रमुख डॉ ० अनुपम सिंह, डॉ० प्रत्यूष सिंह, डॉ० सुशील कुमार सिंह, श्री भावेश कुमार, विभाग सह संयोजक विशाल कनोडीया, जिला संयोजक नीरज यादव, नगर मंत्री आशीष प्रजापति, राज्य विश्वविद्यालय संयोजक रवि पांडेय, प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक रितेश प्रकाश श्रीवास्तव, प्रांत रत्न सह संयोजक सचिन चौरसिया, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राजन कुमार, नगर रत्न संयोजक आदर्श कुमार, नगर सह मंत्री कुशाग्र मिश्रा, नगर रत्न संयोजक अर्पित शारदा, अमर पांडेय, विभाग संगठन मंत्री सूयानंद राय उपस्थित रहें।

### अभ्यास वर्ग का किया गय आयोजन

छपरा कार्यालय।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा छपरा में जिला अभ्यास वर्ग सेंट्रल पब्लिक स्कूल चांदमारी रोड छपरा मे आयोजित किया गया। इस अभ्यास वर्ग में जिले भर से आए कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठनात्मक कार्यशैली, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा परिषद की विचारधारा को सशक्त करना था।

# सारण में वीर सहायता परिवार योजना 2025 का आगाज, वीर सैनिकों को मिलेगी निःशुल्क विधिक मदद

**जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व छपरा न्यायालय मुंशी 2 के न्यायिक पदाधिकारी की उपस्थिति में हुआ उद्घाटन**

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए एक बड़ी पहल करते हुए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, छपरा में ह्वीर सहायता परिवार योजना 2025ह्व का आयोजन किया गया। यह योजना सैनिक कल्याण निदेशालय, पटना के निर्देश पर और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा घोषित की गई है। इसका उद्देश्य वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को निःशुल्क विधिक सहायता मुहैया कराना है।

इस योजना के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में विधिक सेवा सहायता केंद्र की स्थापना की गई, जिसका उद्घाटन विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बृजेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल मनीष कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।इस समारोह में जिला न्यायालय मुंशीफ 2 के आनंद प्रसाद, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल मनीष कुमार सहित कार्यालय कर्मी व गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस उद्घाटन समारोह के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि यह पहल न सिर्फ सैनिकों के अधिकारों की रक्षा करेगी, बल्कि उनके परिवारों को न्यायिक प्रक्रिया से जोड़ने में भी सहायक होगी। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिक सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं, अब यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें और उनके परिवार को समाज के भीतर न्यायिक सहायता देकर सम्मान दें।

कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण, सारण के सचिव बृजेश कुमार ने विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए बताया कि वीर सहायता केंद्रों के माध्यम से विधिक परामर्श, न्यायालयीन सहायता, दस्तावेजी मदद और निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि विशेष रूप से विधवाओं, वृद्धजनों, विकलांग आश्रितों और आर्थिक रूप से कमजोर पूर्व सैनिकों को इस योजना से बहुत लाभ मिलेगा।

इस केंद्र पर प्रशिक्षित विधिक सेवक नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे, जो सैनिक परिवारों की समस्याओं को सुनकर उन्हें आवश्यक सलाह एवं विधिक सहयोग प्रदान करेंगे। किसी भी प्रकार की संपत्ति विवाद, पेंशन समस्या, पारिवारिक विवाद, सेवा संबंधी मुद्दे या अन्य कानूनी आवश्यकताओं के लिए यह केंद्र सैनिक परिवारों के लिए एक सशक्त माध्यम साबित होगा।

इस अवसर पर कई पूर्व सैनिक, उनके परिजन और सैनिक कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम सैनिक समुदाय के लिए न सिर्फ आश्वासन है, बल्कि सम्मान और सुरक्षा की भावना को भी पुष्ट करता है।

वीर सहायता परिवार योजना 2025 भारत सरकार की उस सोच का परिचायक है, जो अपने रक्षकों के हितों की रक्षा करने हेतु तत्पर है। यह पहल देश के हर कोने में पहुंचाकर एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस अवसर पर कार्यालय करने के रूप में विमल कुमार राम, राकेश खालखो, धीरज कुमार ठाकुर एवं भीमसेन भारती के अतिरिक्त अमृत प्रियदर्शी, प्रेमचंद सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, रमेश प्रसाद सिंह, अशोक कुमार सिंह तथा रामनारायण प्रसाद सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# मुंबई मेल ट्रेन से गया जी आ रही है श्रीगणपति महाराज की प्रतिमा

## इस वर्ष गणेशोत्सव पर लगेगा 856 प्रकार के व्यंजनों का भोग

देवव्रत मंडल

गया जी।इस वर्ष श्रीगणेश पूजनोत्सव को लेकर गया जी में हर तरफ तैयारी शुरू हो चुकी है। इसी बीच श्रीगणेश जी की प्रतिमा स्थापित करने लिए गया जी शहर के नामी गिरामी संतोष मिष्ठान भंडार के नाम से चर्चित प्रतिष्ठान के मालिक देवोत्तम कुमार महाराष्ट्र से प्रतिमा मंगवा रहे हैं। जो 4/5 अगस्त को रात मुंबई मेल से गया जंक्शन पर पहुंच जाएगा।

श्रीगणेश जी की प्रतिमा को 12322 मुंबई मेल एक्सप्रेस के लगेज वैन में रेलवे के पार्सल कार्यालय में बुक कराया गया है देवोत्तम कुमार के भाई अरविंद कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र से श्रीगणेश जी प्रतिमा आर्डर देकर बनवाया गया है। इसके बाद 3



अगस्त को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल स्टेशन के पार्सल कार्यालय में गया जी जंक्शन के लिए बुकिंग कराई गई है। जो 4/5 अगस्त को गया जंक्शन पहुंचेगा। इसको लेकर सोमवार को अरविंद कुमार पार्सल कार्यालय पहुंचे थे। श्री कुमार ने बताया प्रतिमा को सुरक्षित लाने के लिए उनके भाई देवोत्तम कुमार ट्रेन के पार्सल डब्बे में पूरी तरह से सुरक्षित पैकिंग कर लोड करा दिया है। प्रतिमा को किसी तरह का नुकसान नहीं हो, इसको लेकर चिंता है इधर गया जंक्शन के पार्सल सुपरवाइजर अजित कुमार को जब इस बात की जानकारी मिली श्री गणेशजी की प्रतिमा ट्रेन के लगेज वैन में आ रही है तो उन्होंने कहा कि- प्रतिमा को किसी प्रकार की क्षति नहीं हो इसके लिए गया जंक्शन पर अनलोडिंग करने वाले पार्सल बाबू और मजदूरों को कह दिया गया है। प्रतिमा सुरक्षित अनलोड करवा लिया जाएगा।

इधर संतोष स्वीट्स, पावरगंज, बागेश्वरी रोड के अरविंद कुमार ने बताया कि रात में हम लोग स्टेशन पर पहुंच जाएंगे और अपनी निगरानी में श्रीगणेश जी प्रतिमा को सुरक्षित उतार कर अपने प्रतिष्ठान तक ले आएंगे।

उन्होंने बताया 27 अगस्त से 06 सितंबर तक यह कार्यक्रम संतोष स्वीट्स परिवार के द्वारा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया 27 को प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसी दिन से पूजन व लोग दर्शन करेंगे। 29 को सवा मन लड्डू का भोग लगाया जाएगा। 31 अगस्त को 856 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा और प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया 06 सितंबर को नम आंखों से श्रीगणपति जी को विदाई दी जाएगी।

# जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने मांगों को ले की बैठक,12 अगस्त को धरना प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन जिला गया जी के अंतर्गत सभी अनुमंडल के अनुमंडल अध्यक्षों सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्षों ,सचिवों एवं गया शहरी क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 53 तक के विक्रेतागण सहित जिला के वरीय एवं सक्रिय जन वितरण विक्रेताओं की अति महत्वपूर्ण बैठक गया जी स्थित गांधी मंडप में जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया बैठक का संचालन जिला महामंत्री डॉ विजय कुमार यादव के द्वारा किया गया बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष के द्वारा उपस्थित सभी विक्रेताओं को गर्दनीबाग पटना के दिनांक 22 जुलाई 2025 को आयोजित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए बधाई दिया गया साथ ही साथ यह भी उपस्थित विक्रेताओं को बताया गया कि नीतीश सरकार विक्रेताओं के लंबित आठ सूत्री मांगों को पूरा करने में अक्षम साबित हो रहा है ऐसी स्थिति में हम लोग एक बार पुनः जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी के समक्ष दिनांक 12 अगस्त 2025 को सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने मुख्यमंत्री के नाम से लंबित 8सूत्री मांग पत्र समर्पित करने का निर्णय लिया गया है इसके बाद भी सरकार के द्वारा हम लोगों की मांग पर विचार नहीं किया गया तो वाद्य होकर आगामी विधानसभा चुनाव में फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन ने गया जी के 10 विधानसभा से अपना उम्मीदवार लड़ाने का निर्णय सर्व समिति से लिया गया साथ ही साथ गया जिला के संपूर्ण प्रखंड में नीतीश सरकार के विरोध में जन आक्रोश यात्रा भी निकलने का निर्णय लिया गया साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया गया की 28 अगस्त 2025 तक सरकार जन वितरण विक्रेताओं के आठ सूत्री मांगों एवं बकाया मार्जिन मनी कमीशन का भुगतान नहीं किया गया तो वह वाद्य होकर 1 सितंबर 2025 से संपूर्ण गया जिला में अपना अपना पोस मशीन बन्द कर वितरण व्यवस्था को पूर्ण रूप से ठप करने का निर्णय भी लिया गया और संगठन को मजबूत बनाने हेतु संपूर्ण जिला में सदस्यता बनाने का भी निर्णय लिया गया साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार के द्वारा हमारी मांगों को पूरा नहीं करेगा तब तक जिला के किसी भी विक्रेता को दुकान पर वेइंग मशीन नहीं लगाने का भी निर्णय लिया गया है ।जन वितरण विक्रेताओं को लंबित 8 सूत्री मांगों में इस प्रकार है 1.जन वितरण विक्रेताओं को 30000 मानदेय देना एवं 300 प्रति कुंटल कमिशन देना।2. अनुकंपा 58 साल निर्धारित उम्र सीमा को समाप्त करना। 3 . 3माह का बकाया मार्जिन मनी एवं कमीशन का भुगतान शीघ्र करना। 4.अगस्त एवं सितंबर 2025 के शत प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण हेतु खाद्यान्न का अतिरिक्त आवंटन देने 5. केंद्र सरकार के आदेश के अनुरूप स्टॉक एवं वितरण पंजी लिखने की व्यवस्था समाप्त करने 6. अनुज्ञप्ति में नॉमिनी को साझेदारी बनाना 7. नया पोस मशीन विक्रेताओं को देना या पुराना मशीन को मरम्मत के नाम पर पैसा लेना बंद करना 8. माप तौल अनुज्ञप्ति के नवीकरण की समय सीमा को 1 साल से बढ़ाकर 5 साल करने आदि अन्य मांगों लंबित है। इस बैठक में निम्नलिखित प्रखंड अध्यक्ष एवं जन विक्रेता उपस्थित हुए जो इस प्रकार है--विजय कुशवाहा प्रखंड अध्यक्ष बांके बाजार, सुभाष यादव प्रखंड अध्यक्ष फतेहपुर, उदय नारायण सिंह प्रखंड अध्यक्ष टिकारी, सर्वेश यादव प्रखंड अध्यक्ष कोंच, मोहम्मद साजिद प्रखंड अध्यक्ष नगर प्रखंड गया, सुबोध दास प्रखंड अध्यक्ष आमस, अरुण सिंह प्रखंड अध्यक्ष शेरघाटी, बलन पासवान प्रखंड अध्यक्ष डोभी, रामकुमार यादव डोभी, इंद्रदेव राजवंशी फतेहपुर,दिनेश यादव फतेहपुर, सुग्रीव पासवान प्रखंड अध्यक्ष बेलागंज आदि थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड के पार्थिव शरीर पर लोकसभा में संसदीय दल के नेता सह युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्रद्धाजंलि अर्पित की



प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। झारखंड को अपने खुन पसिने से सिचने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आकस्मिक निधन पर औरंगाबाद लोकसभा सांसद

लोकसभा में संसदीय दल के नेता सह युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।

झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा, जन-जन के अधिकारों के रक्षक, और आदिवासी अस्मिता के प्रतीक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से न सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश ने एक युगद्रष्टा, जननायक और संघर्षशील प्रेरणा-पुरुष को खो दिया है। उनके पार्थिव शरीर पर

लोकसभा में संसदीय दल के नेता सह युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा , राज्यसभा में संसदीय दल के नेता म प्रेमचंद गुप्ता, लोकसभा सांसद मीसा भारती राज्यसभा सांसद म संजय यादव ,राज्यसभा सांसद मनोज झा , लोकसभा सांसद म सुरेन्द्र यादव ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है ।राष्ट्रीय जनता दल परिवार और देश की करोड़ों जनता इस अपूरणीय क्षति से शोकाकुल है ।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करें।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने हेतु उमड़ी भीड़




प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी औरंगाबाद एवं बिहार शिक्षा परियोजना परिषद औरंगाबाद के समावेशी शिक्षा संभाग के संयुक्त तत्वधान में दिव्यांग बच्चों के प्रमाणीकरण को लेकर शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण में किया गया ।जिसमें कुल 108 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ,जिसमें 90 लोगों का प्रमाणीकरण किया गया जिसमें अस्थि निःशक्त एवं बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के कुल 71 प्रमाण पत्र दृष्टि बाधित बच्चों में कुल 12 बच्चों का प्रमाण पत्र एवं श्रवण निःशक्त में कुल 07 बच्चों का प्रमाण पत्र बना ।जबकि 18 बच्चों को सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया ।बारुण प्रखंड के समावेशी शिक्षा संभाग के बीआरपी लाल बहादुर ने बताया कि प्रमाणीकरण हो जाने पर सभी दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन होगा विदित है कि यूडीआईडी कार्ड दिव्यांग जनों का बहु सुविधाओं का आधार हैं ।यह पहल दिव्यांगजनों को सरकारी लाभ प्रदान करने में पारदर्शिता,दक्षता और सुगमता सुनिश्चित करती है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में एकरूपता बनाए रखती है।

प्रमाणीकरण होने से बच्चों को शिक्षा विभाग की तरफ से भी देय भत्ता दिया जा सकता है ।बच्चे सरकारी लाभ पा सकते हैं और शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े रहेंगे वही सीएचसी प्रभारी डॉ संजय कुमार सिन्हा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि पहली बार इतना भारी संख्या में लोग शिविर में शामिल हुए निश्चित रूप से शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास का परिणाम रहा है शिविर में मेडिकल टीम में सीएचसी प्रभारी डॉ संजय कुमार सिन्हा,डॉ विशाल कुमार, डॉ शेखर कुमार,सीएचसी प्रबंधक मनीष कुमार समावेशी शिक्षा संभाग से राकेश कुमार,राजीव कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद,धर्मेंद्र सिंह, रंजन कुमार,सूरज नाथ सिंह आदि कर्मी उपस्थित रहे।

## शहर के विकास करने के लिए नगर निगम को अतिक्रमण पर भी काम करने की आवश्यकता- पूर्व विधान पार्षद

गया जी ।भाजपा के वरीय नेता सह पूर्व विधान पार्षद कृष्ण कुमार सिंह उर्फ कुमार वाबू ने गया जी शहर में जाम एवं पानी जमाव की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गया जी शहर में रोड तो पहले से ही संकीर्ण है। गया जी शहर में जनसंख्या में तो वृद्धि भी हुई है, जिंससे गया जी शहर में जाम की समस्या से लोग लगातार जुक्षते रहें हैं,और अब बिजली विभाग के द्वारा पौल रोड के किनारे दोनों छोर पर खड़ा कर दिया गया है ।रोड के एक छोर पर पौल खड़ा करने के कारण लगभग ढाई फीट और दूसरे छोर से ढाई फीट यानी लगभग पांच फीट सड़क का अतिक्रमण किया जा रहा है। बिजली विभाग के अतिक्रमण के कारण आने वाले समय में जाम की समस्या और भयंकर होने वाली है। बिजली विभाग के पौल की आड़ में अतिक्रमण करने वाले लोगों को और सहूलियत हो जायेगी। गया जी शहर के विकास करने के लिए नगर निगम को अतिक्रमण पर भी काम करने की आवश्यकता है ।आज शहर में पानी के लिए पाईप बिछाया गया है और अब बिजली विभाग के द्वारा पाइप लाइन को ध्यान में नहीं रखते हुए पौल खड़ा करने के दौरान क्षतिग्रस्त हो जा रहा है जिसके कारण जल जमाव के साथ साथ पानी सप्लाई में बाधा आ रही है।

## संवाददाता के पिता के निधन पर पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त किए

गया जी। जिला संवाददाता विशाल कुमार वर्मा के पिता अमरेंद्र कुमार वर्मा का आज सोमवार को निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। पत्रकार विशाल कुमार वर्मा के पिता के निधन पर पत्रकारों ने दुख शोक व्यक्त किया है। वही, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। वही इस दुख की घड़ी में परिवार को ढाढ़स बंधाया है और ईश्वर से शक्ति देने की प्रार्थना की है ।बता दें, कि आज हिंदी दैनिक के जिला संवाददाता विशाल कुमार वर्मा के पिता का निधन सोमवार को गोदावरी स्थित आवास में हुआ है। अपने आवास में अमरेंद्र कुमार वर्मा ने अंतिम सांसें ली।67 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया है ।शोक व्यक्त करने वाले पत्रकारों में वरिष्ठ पत्रकार पंकज कुमार सिन्हा, कमलेश कुमार सिंह, देवव्रता मंडल,कमल नयन, मनोरंजन सिन्हा, कंचन कुमार सिन्हा, राजेश कुमार मिक्की, रंजन सिन्हा, धीरज गुप्ता,धीरज सिन्हा, रत्नेश कुमार, अक्षय सिंह, सूर्य प्रताप उर्फ श्रीकांत, एलेन लिली, दीपेश कुमार, फैजान जी, गोपाल प्रसाद सिन्हा, मनीष कुमार, संजीव कुमार, मनोज कुमार, प्रदीप रंजन, आशीष कुमार नित्यम राज, निक्कू कुमार, सुभाष कुमार, जितेंद्र कुमार, राजकुमार राजू, अभिषेक राज, अजीत कुमार, पंकज कुमार, जयप्रकाश कुमार, हरिवंश कुमार, दीपक कुमार, नीरज कुमार, श्याम किशोर कुमार, सनत मिश्रा, नितम राज आदि अन्य शामिल हैं।

## उर्वरक बिक्री में गड़बड़ी पाये जाने पर 01 डीलर पर प्राथमिकी, कई की अनुज्ञप्ति निलंबित

गया । जिला के किसानों को उर्वरक, बीज तथा अन्य कृषि उपादानों को निर्धारित दर पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जिला के अलग-अलग क्षेत्र के कृषि उपादान विक्रेता डीलरों के प्रतिष्ठानों की जॉच के लिये जिला में दल गठित कर नियमित छापामारी की जा रही है।

जिला कृषि पदाधिकारी, गया संजीव कुमार के द्वारा आज दिनांक 05.08.2025 को बाराचट्टी प्रखण्ड के सरवां बाजार एवं मोहनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उर्वरक प्रतिष्ठानों का छापामारी किया गया है, जिसमें प्रतिष्ठान बंद रहने के कारण थोक उर्वरक विक्रेता मेसर्स सत्य प्रकाश इन्टरप्राईजेज, प्रो- सत्य प्रकाश एवं खुदरा उर्वरक विक्रेता मेसर्स मेहता बीज भण्डार, प्रो- अमन कुमार का प्रतिष्ठान बंद रहने का कारण पृच्छा किया गया साथ ही अनियमितता पाये जाने पर मेसर्स सुनील खाद भंडार, प्रो॰ सुनील कुमार से स्पष्टी करण कर अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया तथा मेसर्स कृषि खाद भण्डार, प्रो॰ अजेश कुमार के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उर्वरक अनुज्ञप्ति का निलंबित किया गया है ।मोहनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मेसर्स रंजीत खाद भण्डार, प्रो॰- रंजीत कुमार, प्रखण्ड- मोहनपुर के उर्वरक प्रतिष्ठान में अनियमितता पाये जाने के कारण स्पष्टीकरण की मांग की गई है ।जसके क्रम में नगर प्रखण्ड के दिग्घी तालाब स्थित प्रतिष्ठान मेसर्स भारतीय उर्वरक केन्द्र, प्रो॰-जयदेव प्रसाद एवं मेसर्स गणेश कृषि केन्द्र, प्रो॰- हरिनंदन प्रसाद को प्रतिष्ठान बंद रहने के कारण स्पष्टीकरण किया गया

## केयाल पंचायत सरकार भवन निर्माण में लगा आरोप, नहीं हुआ जांच डीएम को ग्रामीणों ने सौंपा था ज्ञापन,अधिकारी कर रहे हैं लिपापोती



प्रातः किरण संवाददाता

करपी। प्रखंड के केयाल ग्राम में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें ग्रामीणों के द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है कि ठेकेदारों के द्वारा मनमाने ढंग से सामग्री का इस्तेमाल कर पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया जा रहा है ।लोगों का कहना है कि अभी पंचायत सरकार भवन का निर्माण चल ही रहा है और अभी से ही जगह जगह भवन के दीवार में दरार देखने को मिल रहा है। साथ ही छत ढलाई के बाद छत पर बने गढ़े को ठेकेदार के द्वारा फिर से छोटी छाई का इस्तेमाल कर मरम्मत की गई है। ताकि छत का लेवल सही हो सके ।ग्रामीण जब निर्माण कार्य को देखने के लिए पहुंचे तो वहां ऐसी स्थिति को देखकर लोगों काफी आक्रोशित हो गए इसकी सूचना निकटवर्ती ग्रामीणों को भी दी गई और अंततः ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि भवन निर्माण कार्य में हो रही अनियमितता की जानकारी जिलाधिकारी अरवल को दी जाए। लोगों ने बताया कि अगर इस प्रकार से भवन निर्माण चलता रहा तो भविष्य में घटिया निर्माण के चलते कोई बड़ी घटना घट सकती है। बीते दिन ग्रामीणों के द्वारा जिलाधिकारी अरवल को ज्ञापन सौंप कर पंचायत सरकार भवन निर्माण में चल रहे अनियमितता को लेकर जानकारी दी गई।

## इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी द्वारा जरुरतमंद सहायता शिविर किया गया आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

गया जी ।सेवा भाव में सदैव तत्पर इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी जिसका मूल मकसद जरूरतमंदों की यथासंभव सहायता करना है। इसी उद्देश्य के तहत आज गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त प्रोटीन पाउडर बनाकर पीने की विधि और इस्तेमाल करने का सुझाव अध्यक्ष सीमा भदानी द्वारा दिया गया है ।इस कारण महिलाओं में पोषक तत्वों की कमी रहती है जिसके वजह से उन्हें थकान, कमजोरी जैसी समस्या रहती है और डॉक्टर के द्वारा सुझाए प्रोटीन पाउडर को लेना सबके लिए आसान नही होता है ।इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष के द्वारा घर के बना हुआ प्रोटीन पाउडर की विधि उन जरूरतमंद महिलाओं के साथ साझा किया ।उन्हें अपनाने की सलाह दी है। इसके साथ में केला, बिस्किट और छत भी वितरित किया गया है। यह कार्यक्रम क्लब की सदस्यों के साथ अखंड मन्दिर , गुरुद्वारा रोड मैं किया गया। इसकी जानकारी क्लब एडिटर शिवानी बर्णवाल ने दी है।

## 5 अगस्त भारत के स्वाभिमान और एकता का प्रतीक दिवसः डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत के गौरव, आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक दिवस है। यह वह ऐतिहासिक दिन है जिसे भारतवर्ष के करोड़ों नागरिकों ने वर्षों तक अपने सपनों में जिया, जिसके लिए संघर्ष किया, और जिसकी पूर्णता का प्रतीक बना झ राम मंदिर का शिलान्यास और अनुच्छेद 370 की समाप्ति ।5 अगस्त 2020 को अयोध्या नगरी में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का शिलान्यास हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कर-कमलों द्वारा किया गया। यह केवल मंदिर की नींव नहीं थी, बल्कि यह करोड़ों रामभक्तों के विश्वास, बलिदान और तपस्या की विजयगाथा थी। वर्षों से रामलला टेंट में विराजमान थे, और आज उसी स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है झ यह हमारे सांस्कृतिक आत्मगौरव का पुनर्स्थापन है ।उसी दिन को इतिहास में और अधिक स्वर्णाक्षरों में दर्ज करने वाला निर्णय था झ जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35अ को हटाना। यह कार्य केवल कानूनी सुधार नहीं, बल्कि राष्ट्र की अखंडता और समरसता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम था। भारत एक राष्ट्र है, और एक राष्ट्र के लिए एक विधान, एक निशान और एक संविधान होना चाहिए। यह स्वप्न पूर्ण हुआ श्री अमित शाह जी जैसे दृढ़ इच्छाशक्ति वाले गृह मंत्री और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की राष्ट्रवादी सोच के कारण ।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस पावन तिथि पर श्रद्धा और सम्मान के साथ कहा कि 5 अगस्त की यह तिथि भारत के इतिहास की सबसे गौरवशाली तिथियों में से एक है। राम मंदिर का निर्माण भारत की आत्मा का पुनर्जागरण है, और धारा 370 की समाप्ति भारत की एकता और अखंडता का उद्घोष। आज लाल चौक पर निर्भयता से लहराता तिरंगा, केवल झंडा नहीं, बल्कि नए भारत की बुलंद आवाज है जो आतंक, अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह खारिज कर चुका है ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत सांस्कृतिक, सामाजिक, और राष्ट्रीय चेतना के शिखर को छू रहा है। यह दिन हर भारतीय को यह प्रेरणा देता है कि जब संकल्प अडिग हो, नेतृत्व स्पष्ट हो और जनसमर्थन व्यापक हो, तो असंभव को भी संभव किया जा सकता है ।आज का दिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि संकल्प का दिन है झ राष्ट्र प्रथम, धर्म संस्कृति गर्व के साथ और विकास की दिशा में एकजुट होकर आगे बढ़ने का। रामराज्य और अखंड भारत का सपना अब साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को एवं अमित शाह जी को गया जी के पावन धरती से आभार एवं नमन।

## भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा

औरंगाबाद। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मेहता ने रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को रेल भवन नई दिल्ली के कार्यालय में अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के ठहराव के संदर्भ में ज्ञापन सोपा। मंत्री ने 15 अगस्त बाद वंदे भारत ट्रेन के ठहराव के लिए आश्वासन दिए। श्री मेहता ने मंत्री जी को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय (मुगलसराय) डिवीजन अंतर्गत बिहार के औरंगाबाद जिला में अवस्थित अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर पर ट्रेन संख्या 22499/22500 वंदे भारत एवं 20887/20888 वंदे भारत का ठहराव शुरू नहीं होने से देवकुंड, देव सूर्य मंदिर,उमगा,गजना धाम एवं देवघर आने एवं जाने वाले औरंगाबाद, अरवल, पलामू (झारखंड) एवं रोहतास के कुछ प्रखंडों के लाखों श्रद्धालुओं को गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। जनहित में अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित कराने हेतु निर्णायक निर्देश दिया जाए ताकि यहां के आम लोगों को आने-जाने में यात्रा सुगम हो सके।

## जन वितरण प्रणाली दुकानों की नयी अनुज्ञप्ति मेधा सूची तैयार,25 अगस्त तक आवेदक अपना दावा आपत्ति करेंगें

अरवल। जिलान्तर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानों की नयी अनुज्ञप्ति निर्गत करने हेतु तैयार मेधा सूची का प्रकाशन 5 अगस्त 2025 को जिला के बेवसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। साथ ही साथ मेधा सूची की हार्ड कॉपी जिले के सभी प्रखण्ड कार्यालय / सभी प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय/ अनुमंडल कार्यालय / जिला आपूर्ति कार्यालय के सूचनापट्ट पर प्रकाशित कर दी गयी है। आवेदक अपना नाम जिला के बेवसाईट पर देख सकते है तथा आवेदक अपना दावा आपत्ति 25.08.2025 अपराह्न 05 बजे तक साक्ष्य सहित केवल रजिस्ट्रीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी, अरवल के कार्यालय में समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

## एकल अभियान के दीदी ने करपी थाना में पहुंच कर जवानों को बांधी राखी

करपी। एकल अभियान के श्री हरिकथा टीम के दीदी द्वारा करपी थाना में पहुच कर थाना अध्यक्ष सचिन कुमार, रोहित कुमार, अजय कुमार, सुजीत कुमार कुमार, हरिवंश महतो सहित कई जवानों को राखी बांध कर उनके दीर्घ आयु होने की कामना की। करपी थाने में पदस्थापित सभी पदाधिकारी और सिपाहियों ने कहा की यह एक सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। मौके पर उपस्थित एकल अभियान प्राथमिक शिक्षा के अरवल जिले के प्रभारी व पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि रक्षाबंधन एक पवित्र त्योहार है जिसमें भाई बहन का स्नेह प्यार झलकता है, यह त्योहार के मौके पर एकल परिवार के दीदी द्वारा थाना के पुलिस पदाधिकारी और सिपाही को राखी बाँध कर पुलिस पब्लिक के बीच एक सकारात्मक संदेश दिया है। आगे कहा कि एकल परिवार समाज में पंचमुखी शिक्षा का प्रसार करता है, पंचमुखी शिक्षा में एक शिक्षा है संस्कार शिक्षा जो समाज में प्राचीन संस्कारों को पुनः जीवित करता है, इसी संस्कार शिक्षा के तहत आज थाना परिसर में जवानों को एकल के दीदीओ ने राखी बाँध कर एक सामाजिक संस्कार का संदेश दिया है, वहीं साथ में पुलिस पब्लिक के बीच एक सहयोगात्मक संदेश भी दिया है। इस मौके पर एकल अभियान श्री हरि कथा के दीदी निर्मला, दीदी गुड़िया, ब्यूटी, पूजा, शारदा, खुशबु अन्य कई दीदीयां थे। साथ मे एकल अभियान के अनुज कुमार, प्रफुल्ल कुमार, राजकुमार सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गया कॉलेज में विकसित भारत 2047 हेतु नवाचार और उद्यमिता पर दो शैक्षणिक सत्रों का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया कॉलेज के प्रबंधन विभाग में मंगलवार को ह्यविकसित भारत 2047ह्न के राष्ट्रीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए दो महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक सत्रों का आयोजन एमबीए सभागार में किया गया है। यह आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी एवं सामरिक प्रशिक्षक एवं परामर्शदाता संघ एसटीएमए के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, दक्षता और स्व-रोजगार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता गया कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) सतीश सिंह चंद्र ने की, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में कहा कि भारत का भविष्य युवाओं की आत्मनिर्भरता और नवाचार पर आधारित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनने का संकल्प लें।

पहले सत्र में ह्लीन प्रबंधन कार्यशालाह्न का आयोजन राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, पटना की कार्यान्वयन संस्था के सहयोग से किया गया है। कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने लीन प्रबंधन की अवधारणाओं झ जैसे उत्पादन क्षमता वृद्धि, संसाधनों का कुशल उपयोग एवं लागत न्यूनिकरण झ पर आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया है ।दूसरे सत्र के रूप में ह्लविकसित भारत 2047 हेतु उद्यमिता एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विकासह्न विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें सामरिक प्रशिक्षक एवं परामर्शदाता संघ एसटीएमए के निदेशक संजय कुमार की विशेष भूमिका रही।

इस सत्र में प्रमुख वक्ता के रूप में ह्यप्रमोद लड्डू भंडारह्न के संस्थापक प्रमोद भदानी उपस्थित थे।

उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों, निरंतर परिश्रम एवं समर्पण से अर्जित सफलता की प्रेरणादायक यात्रा को बड़ी ही विस्तारपूर्वक साझा किया है। उनके अनुभवों ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान का समुचित उपयोग कर भी एक सशक्त और समृद्ध उद्यम खड़ा किया जा सकता है। उनके वक्तव्य से छात्र-छात्राओं को विशेष प्रेरणा मिली और उनमें स्व-रोजगार के प्रति उत्साह का संचार हुआ है।

अन्य वक्ताओं में अनुराग पोद्दार प्रबंध निदेशक झ पोद्दार समाधान प्राइवेट लिमिटेड, प्रेम नारायण पटवा उपाध्यक्ष झ बिहार उद्योग संघ), संजय कुमार निदेशक झ एसटीएमए, डॉ. निलेश नारायण निदेशक झ एसटीएमए), ए. के. वर्मा (एसटीएमए) तथा अभियंता एम. के. दास निदेशक झ एसटीएमए शामिल रहे, जिन्होंने उद्यम आरंभ मॉडल, पूंजी प्रबंधन, सरकारी योजनाओं के लाभकारी उपयोग तथा नवाचार आधारित उद्यमिता पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए हैं।

दिनभर चले इन दोनों सत्रों में व्यवसाय प्रबंधन, संगणक अनुप्रयोग तथा अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता दिखाई है। उन्हें औद्योगिक विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला, जिससे उनके व्यावसायिक दृष्टिकोण में न केवल व्यापकता आई, बल्कि नवाचार, दक्षता एवं उद्यमिता की व्यावहारिक समझ भी विकसित हुई है।

इस कार्यक्रम का समापन प्रबंधन विभाग के प्रेमपति चखैयार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ है।

इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अरुण गर्ग, प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष नारायण, संगणक अनुप्रयोग विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सुमन, शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज, आईटी विभागाध्यक्ष डॉ. हर्ष वर्धन, डॉ. अमित कुमार, अमृता सिन्हा, अजीत राज, अमरजीत कुमार,सुजीत पाठक सहित अनेक प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

## बारिश से मिले किसानों को संजीवनी, खेतों में यूरिया- पोटाश डालने का मिला मौका

पुरैनी (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र में बीते दिनों हुई बारिश से जहां तपती गर्मी से राहत के साथ किसानों को संजीवनी बूटी मिली है इस बारिश से धान के खेतों में अच्छी सिंचाई हो गई है। जिससे किसानों को यूरिया और पोटाश जैसे उर्वरकों का छिड़काव करने का अच्छा अवसर मिला है। स्थानीय किसानों के अनुसार, आसमान छू रहे डीजल के दाम से परेशान किसानों के लिए रूठे मेघा के मेहरबान होने से यह बरसात उनके लिए वरदान साबित हुई है। किसानों के बीच इससे खुशी का माहौल है वे अब अपने खेतों में उर्वरकों का छिड़काव कर रहे हैं जिससे फसलों को बेहतर पोषण मिलेगा।

किसान शंभू यादव,अखिलेश यादव, भगवत मेहता, हरिश्चंद्र सहनी, देबो मेहता,गणेश मेहता, मोहन मेहता ने बताया कि बारिश होने से अब उन्हें धान के खेतों में अलग से पानी देने की आवश्यकता नहीं है। वे अब आसानी से यूरिया और पोटाश डाल सकते हैं। इससे उनकी फसलों को अधिक लाभ मिलेगा और उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

## गंगा, सरयू और सोन नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी जारी

# दियारा के तीनो पंचायतों तथा मुसेपुर के नेहाला टोला का आरा, छपरा पुल व जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा





प्रातः किरण संवाददाता

डोरीगंज। सारण जिले में गंगा,सरयू , और सोन तीनों नदियां उफान पर है। आसपास के इलाके पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। छपरा से सोनपुर तक गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। सारण जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत दियारा के तीनों पंचायतों के दर्जनों गांव का संपर्क पूर्णतः भंग हो गया है। वहीं मुसेपुर पंचायत का नेहाला टोला गांव का भी मुख्य सड़क से संपर्क भंग हो चुका है। ये इन गांवों के चारों तरफ बाढ़ का पानी फैला हुआ है। जिससे यह सब गांव टापू में तब्दील हो गया है।

ग्रामीण चार से पांच फीट पानी हेलकर मुख्य सड़क पर आ रहे हैं। वहीं तटीय इलाकों के गांवों में तेजी से पानी फैलने से जलमग्न हो गए है। सदर प्रखंड के दियारा के रायपुर बिंदगावां ,कोटवापट्टी रामपुर ,बरहरा महाजी पंचायत के कुतुबपुर , सबलपुर, चकिया बिंदगावां,महाजी ,बड़हारा, बलवन टोला समेत दर्जनों गांवों का आरा छपरा पुल से संपर्क भंग हो गया है। जिससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं तटीय इलाके के सभी घाटों में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। लिहाजा चिरांद के दलित महादलित बस्ती में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। भैरोपुर निजामत पंचायत के तटीय इलाके में लोगों के घरों के आसपास पानी आ गया है। भैरोपुर निजामत पंचायत के बाजीतपुर गांव के दक्षिणी सड़क, डुमरी पंचायत के सिंगही गांव के दक्षिणी सड़क, व डुमरी गांव के दर्जनों घरें बाढ़ के पानी से घिर चुका है मुसेपुर पंचायत के नेहाला टोला गांव चारो तरफ से घिर चुका है। वहीं मुसेपुर पंचायत के पिपरा टोला, पूर्वी बलुआं, कंशदियर, पश्चिमी बलुआं गांवों के दो तरफ से बाढ़ का पानी से घिर चुका है। घिर जाएगा और गांव के अंदर पानी का प्रवेश हो जाएगा। वहीं गड़खा प्रखंड के मौजमपुर पंचायत के संठा, रामू टोला,पकवलिया टोला, फुलवरिया टोला गांव में पानी प्रवेश कर चुका है। जबकि मुख्य सड़क पर रामू टोला, सिंगही, डुमरी, फुलवरिया टोला पुल से पानी मुख्य सड़क के उत्तर दिशा की तरफ जा रहा है। जिससे सड़क के उत्तर दिशा में स्थित गांवों पर भी बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वे भगवान भरोसे जी रहे है ,अभी जिलाप्रशासन की ओर से एक भी नाव की व्यवस्था नहीं की गई है लोग अपने मवेशियों के साथ उंचे स्थानो पर शरण लिए हुए हैं लेकिन मवेशियों के चारे नहीं मिल रहे हैं इस संबंध मे हमने सदर सीओ से संपर्क किया लेकिन उनका मोबाइल नहीं उठा।

## संयुक्त किसान मोर्चा बिहार का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा औरंगाबाद के पांडेय कर्मा और इगनू डीहवार गांव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीणों ने कहा कि औरंगाबाद एसडीएम और अंचलाधिकारी के साथ आए सैकड़ों सशस्त्र पुलिस ने सैकड़ों एकड़ खेत में लगी लहलहाती फसल को रौंदा।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा कि इस अन्यायपूर्ण भूमि अधिग्रहण के खिलाफ 25 अगस्त को किसान करेंगे सीएम का घेराव।

आर-पार की लड़ाई के लिए हम हैं तैयार। नीतीश कुमार या तो इन दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें या फिर किसानों के रोष का सामना करने को तैयार रहें।

किसान नेताओं ने कहा कि विपक्ष को भी अपनी भूमिका तय करनी होगी, क्योंकि जो तटस्थ हैं,समय लिखेगा उनका भी अपराध।

भारतमाला परियोजना के तहत औरंगाबाद के नवीनगर प्रखंड में पांडेय कर्मा और इगनू डीहवार गांव में बिना मुआवजा दिए सैकड़ों बीघा खेतों में लगी फसलों को नवी नगर की सी ओ निकहत परवीन और सैकड़ों पुलिस बल की मौजूदगी में किसानों के विरोध के बावजूद दर्जनों ट्रैक्टर से फसलों को रौदने के खिलाफ किसानों का आक्रोश उबल रहा है,जो कभी भी उग्र रूप लेने वाला है। आज किसानों के सामने भुखमरी की नौबत आ गई है। लगता है सरकार ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह काम कर रही है। इसलिए किसानों ने भी नारा दिया है कि भूख से तड़प कै मरबे काहे, मर ने हो त लैड़के मैरजा।

पांडेय कर्मा और इगनू डीहवार गांव में किसानों पर हुए जुल्म ज्यादती के समाचार को सूनकर संयुक्त किसान मोर्चा बिहार का एक प्रतिनिधि मंडल आज प्रभावित गांवों का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता दिनेश कुमार,अशोक प्रसाद सिंह,पशुपतिनाथ सिंह,राम प्रवेश सिंह, ब्रजेश राय,शैलेश राय, शिवाजी सिंह,राजेश्वर कुशवाहा, और राहुल राम की 9 सदस्यी प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र का भ्रमण कर मुआयना किया। जिसमें हम लोगों ने देखा कि मात्र एक गांव विशेष को लक्षित कर दंडित करने के लिए वहां का प्रशासन ने सैकड़ों पुलिस बल लेकर गांव पर हमला बोला तथा मनमाने तरीके से जिनका जमीन अधिग्रहण की बात भी नहीं है उनके फसलों को भी रौदा गया। ताज्जुब तो यह है कि ना तो उस गांव से आगे या पीछे कहीं सड़क का कोई चिह्न है।

आगे-पीछे लहलहाती फैसल अभी भी लगी हुई है। सड़क बनेगी भी तो एक तरफ से बनेगी बीच से सड़क तो बनेगा नहीं। मगर बीच में कुछ खेतों में जिसका मुआवजा भी किसानों को अभी नहीं मिली है। जानबूझकर खेतों में लगी धान की फसलों को बर्बाद करना, न सिर्फ किसानों के ऊपर ज्यादती और जोर-जुल्म है बल्कि अन्न की बर्बादी,राष्ट्र की बर्बादी है। इस कार्रवाई का आदेश देने वाले और वहाँ मौजूद प्रशासन के अधिकारियों पर अविलंब मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। हमारे प्रतिनिधि मंडल को रो-रो कर एक पीड़ित किसान गुप्तेश्वर यादव ने अपनी आपबीती सुनाया। उसके पास मात्र चार बीघा जमीन बची है, जिसमें एकमात्र बेटा जो लकवाग्रस्त होकर विकलांग है और दो छोटे- छोटे पोते की पढ़ाई लिखाई तथा पूरे परिवार का भरण-पोषण उनके ऊपर है।।

## ईश्वर के नाम पर दुकान खोलकर हीरामणि करते हैं बच्चों का परवरिश

# प्रतिदिन दर्जनों लोग को कराते हैं नाश्ता व भोजन



प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) कहते हैं कि इस कमर तोड़ महंगाई में बच्चों को पढ़ाई लिखाई तो दूर परवरिश करना भी गरीब वर्ग के लोगों को कठिन हो रहा है लेकिन इन कठिनाइयों को नजरअंदाज कर कुर्था बाजार निवासी हीरामणि देवी ने छोटे-मोटे नाश्ते व भोजन का होटल खोल अपने बच्चों के पढ़ाई लिखाई से लेकर बेहतर परवरिश दे रही है हालांकि उक्त महिला के द्वारा किए जा रहे इस कार्य को हर कोई सराहना करते नहीं थकता है बता दे की हीरामणि देवी कुर्था बाजार में ईश्वर भोजनालय के नाम से एक दुकान खोल रखा है जहां आए दिन दर्जनों लोग उनके दुकान में पहुंचकर नास्ता ब भोजन का आनन्द उठाते है हालांकि एक महिला होने के बाद भी पूरे परिबार का दारोमदार अपने कंधे पर लेकर चलती है इस संबंध में पूछे जाने पर हीरामणि देवी ने बताया कि हम लोग गरीबी से काफी जूझ रहे थे ऐसे में कुछ सूझ नहीं रहा था कि क्या करके बच्चों को परवरिश किया जाए घर की माली हालत देखकर काफी परेशान रहते थे तब हमने निश्चय किया कि बाजार में ही एक छोटा-मोटा होटल खोलकर लोगों के भोजन कराऊंगा और उसी पैसे से हम अपने पूरे परिवार के साथ भी भोजन करेंगे और इसी दृढ़ निश्चय के साथ हमने होटल की शुरूआत की वर्तमान समय में आए दिन दर्जनों की संख्या में लोग हमारे होटल में पहुंचकर काफी सस्ते दर पर नाश्ते में भोजन करते हैं हालांकि उक्त महिला के द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य को देखकर एक तरफ जहां लोग तारीफ करते हैं तो दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं महिला सशक्तिकरण अभियान को भी काफी बल मिलता है हालांकि हीरामणि द्वारा किए गए उक्त कार्य को देखकर मानो लोक प्रेरणा ले रहे हैं कि आखिर एक महिला होकर किस तरीके से अपने पूरे परिवार का परवरिश पूरे ईमानदारी पूर्वक मेहनत करके कर रही है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

# दोनो पैर कटे, भेजा गया मेडिकल अस्पताल



प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी।नेशनल हाइवे 2 पर तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन के चपेट आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए,घायल व्यक्ति के पहचान शेरघाटी थाना क्षेत्र के उदन बीघा गाँव के रहने वाले विजय सिंह( 70 ) वर्ष के रूप में किया गया है,

जानकारी के मोताबिक घटना के बहुत देर बाद आने जाने वाले राहगीरों ने व्यक्ति को गिरा देख उसे शेरघाटी के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने औपचारिक इलाज के बाद गया मगध मेडिकल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है स्थानीय लोगों ने बताया कि श्री सिंह सड़क पार कर रहे थे तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन के चपेट में आने से दोनों पैर का परख्च्चे उड़ गए है, वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि सड़क पार करने के दौरान 70 वर्षीय व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए है,जिन्हें वेहतर इलाज के लिए गया भेजा गया है।

## नकली बजाज तेल के साथ एक को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

कुर्था ( अरवल) स्थानीय थाना क्षेत्र के विद्रोही चौक के समीप नकली बजाज तेल बनाने वाला एक युवक को कई बोतल बजाज के तेल व स्टीकर के साथ गिरफ्तार किया जानकारी के अनुसार बजाज कंपनी के जांच पदाधिकारी ने उक्त मामले की जानकारी स्थानीय थाने को दी सूचना मिलते ही कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार एस आई चंद्रदेव महतो समेत बजाज कंपनी के जांच पदाधिकारी एवं कुर्था थाना के साथ संयुक्त छापामारी की गई जिसमें बजाज तेल बनाने वाला अनिल कुमार, पिता केशव प्रसाद, साङ्ग-कुर्था वार्ड नंबर 05 के घर तथा दुकान से नकली बजाज अलमोंड ड्रॉप तेल 100 एम एल का नकली तैयार 412 पीस, 100 एम एल का खाली बोतल 624 पीस स्टिकर सटा हुआ, तथा बजाज अलमोंड कंपनी का 366 सीट स्टिकर कुल 11712 पीस बरामद हुआ है तथा अनिल कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## अनुमंडलीय अस्पताल में जच्चा बच्चा के बना अस्पताल को स्वास्थ्य मंत्री ने किया ऑनलाइन उद्घाटन




शेरघाटी।अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी में नवजात शिशुओं एवं माताओ के वेहतर इलाज के लिए मंगलवार को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने ऑनलाइन उद्घाटन किया है, अनुमण्डल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय कुमार ने बताया कि 22 बेड़ो का बना यह एम एन सी यू में अब नवजात शिशुओं एवम उसकी माँ के लिए बेड है जिसमे बच्चे के साथ साथ उसकी माँ को भी एक बेड दिया जाएगा ताकि बच्चा और जच्चा दोनो का वेहतर इलाजे किया जा सके। उक्त कार्यक्रम को लेकर पूर्व से ही अस्पताल में बेड सजाये गए थे और ब्लूम भी लगाया गया था। उक्त दौरान अस्पताल के सभी कर्मचारी के अलावे अन्य लोग शामिल रहे।

## पूरे विवरण के साथ हटाए गए मतदाताओं की नहीं मिली है सूची :माले

मुजफ्फरपुर ।चुनाव आयोग हटाए गए लगभग 65 लाख मतदाताओं की सूची सभी राजनीतिक दलों को देने के संबंध में गलतबयानी कर रहा है। आयोग ने घोषणा की है कि 24 जून 2025 को प्रकाशित मतदाता सूची में दर्ज सभी मतदाताओं में से जिनके नाम 01 अगस्त 2025 की प्रारूप सूची में नहीं हैं, उनकी पूरी जानकारी मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लिकेट, अप्राप्य आदि श्रेणियों सहित सभी मान्यता प्राप्त दलों के साथ साझा की गई है। आयोग ने इन श्रेणियों के तहत आने वाले मतदाताओं की संख्या भी सार्वजनिक की है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि सूची तो मिली है लेकिन उसमें उन कारणों का जिक्र नहीं है, जिसकी वजह से उनका नाम हटाया गया है। ऐसे में हमारे लिए सच्चाई का पता लगाना मुश्किल है। आयोग ऐसी सूची दे रहा है जिसमें यह स्पष्ट नहीं है कि किस कारण से उनको ड्राफ्ट में शामिल नहीं किया गया है ।माले सचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रारूप मतदाता सूची से हटाये गये मतदाताओं की जो सूची उपलब्ध करायी गई है एक तो वह अंग्रेजी में है और हटाने का भी कोई कारण नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग को इस सूची को हिन्दी में प्रकाशित कर जल्दी उपलब्ध कराना चाहिए। इसके साथ ही बीएलओ को यह निर्देश देना चाहिए कि वह 1सितंबर तक लगातार बूथ पर रहे ताकि मतदाता जानकारी प्राप्त कर सके कि प्रारूप सूची में नाम है या नहीं। या फिर नाम जुड़ने के लिए फॉर्म 6 भर कर जमा करने के लिए बीएलओ से जानकारी प्राप्त कर सके। फिर किनको क्या दस्तावेज देना है, इसके लिए भी 1सितंबर तक बीएलओ को लगातार बूथ पर रहने की जरूरत है ।भाकपा-माले ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार से आग्रह किया है कि राज्य स्तर पर ऐसे सभी 65 लाख मतदाताओं की सूची जिनका नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं आया है स्पष्ट कारण का उल्लेख करने के साथ उपलब्ध करवाए। लेकिन आयोग अभी तक उपलब्ध नहीं करा सका है।

## मुंगेर विश्वविद्यालय के स्नातक परिणाम में गड़बड़ी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नियंत्रक का किया पुतला दहन



लखीसराय! मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा जारी स्नातक सेमेस्टर वन (सत्र 2024-28 के परीक्षा परिणाम में व्यापक गड़बड़ियां सामने आई है! इससे छात्रों में भारी आक्रोश है और वह मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं! विश्वविद्यालय की इस लापरवाही के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लखीसराय इकाई ने के एसएस कॉलेज के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया! प्रदर्शन कार्यो ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक का पुतला भी दहन किया !अभाविप लखीसराय के जिला संयोजक मनीष यदुवंशी ने बताया कि कई छात्राओं को परीक्षा में शामिल होने के बावजूद परिणाम में एब्सेंट दिखाया गया है ! उन्होंने कहा कि सत्र 2023-27 के बैकलॉग छात्रों को कुछ विषयों में पास किया गया लेकिन उन विषयों में बिना किसी स्पष्ट कारण के बैक किया एब्सेंट बताया गया है ! विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन से चार प्रमुख मांगे रखी है !पहली,सबसे त्रुटि पूर्ण परिणाम को तत्काल सुधार कर पुनः प्रकाशित किया जाए !दूसरी,परीक्षा विभाग के दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए! तीसरी,छात्रों के मानसिक तनाव को देखते हुए हेल्पलाइन नंबर और समाधान केंद्र की व्यवस्था की जाए! चौथी,संशोधित परिणाम स्पष्ट सूचना के साथ निर्धारित तिथि पर जारी किया जाए !विद्यार्थी परिषद के सह संयोजक साहिल प्रकाश ने चेतावनी देते हुए कहा कि अविलंब विश्वविद्यालय प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाता है तो छात्र हित में उग्र आंदोलन किया जाएगा !

## गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने बनाया रिकॉर्ड : डॉ गोपाल जी ठाकुर



दरभंगा ।देश में सबसे अधिक समय तक 6 वर्ष 64 दिन अर्थात 2258 दिन तक गृह मंत्री के रूप में नया कीर्तिमान स्थापित करने पर दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा इसके लिए अमित शाह जी को बधाई दिया है। सांसद डा ठाकुर ने गृह मंत्री के रूप में अमित शाह के देश में अभी तक सबसे लंबा कार्यकाल पूरा किए जाने को देश के लिए गौरव की बात बताते हुए कहा है कि देश की आंतरिक सुरक्षा तथा बाह्य सुरक्षा दोनों स्थितियों में उन्होंने जिस कर्मठता निडरता तथा कुशलता से अपने अनुभव का परिचय दिया है वह डेढ़ सौ करोड़ देशवासियों के लिए सम्मान की बात है ।सांसद डा ठाकुर ने गृह मंत्री के रूप में अमित शाह के सफल और सशक्त नेतृत्व में राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक शांति, संवैधानिक एकता और जनविश्वास को मिली नई ऊंचाई को विश्व स्तर पर एक मापदंड बताते हुए कहा कि देश स्तर पर आतंकवाद, कानून व्यवस्था तथा देश की सीमाओं पर व्याप्त शक्ति व्यवस्था इसके उदाहरण हैं।' गृह मंत्री के रूप में अमित शाह की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि आज ही के दिन 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति एक राष्ट्र, एक संविधान का संकल्प जहां साकार हुआ ।सांसद डा ठाकुर ने तीन नए आपराधिक कानूनों की ऐतिहासिक शुरूआत में गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता ,भारतीय दंड संहिता विधि , भारतीय साक्ष्य विधि जैसे कानूनों के माध्यम से न्याय प्रणाली को और अधिक जन-केंद्रित, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जो उनकी कर्मठता का ज्वलंत उदाहरण है ।सांसद डा ठाकुर ने साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों की ओर से गृह मंत्री अमित शाह के इसी तरह से यशस्वी होने की कामना की है।

## एक्सिस बैंक ने की लॉक एफडी सुविधा शुरू करने की घोषणा

AXIS BANK

पटना। एक्सिस बैंक ने उद्योग में पहली बार लॉक एफडी सुविधा शुरू करने की घोषणा की है, जिसे ग्राहकों की टर्म डिपॉजिट को बढ़ती डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने के लिए तैयार किया गया है। यह नए किस्म का फीचर बैंक के मोबाइल ऐप ओपन साथ-साथ उसकी सभी शाखाओं में उपलब्ध है। यह ग्राहकों को मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग जैसे डिजिटल माध्यमों से सावधि जमा (एफडी) को समय से पहले बंद होने से रोकने में मदद करता है, और साइबर खतरों से अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। यह सुविधा उन ग्राहकों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है जो डिजिटल प्लेटफॉर्म से कम परिचित हैं और जिन्हें डिजिटल धोखाधड़ी का जोखिम अधिक होता है। बैंक के डिजिटल बिजनेस, ट्रांसफॉर्मेशन और स्ट्रैटेजिक प्रोग्राम्स के ग्रुप एग्जेक्यूटिव समीर शेट्टी ने कहा, हम लगातार डिजिटल प्रक्रिया को प्राथमिकता देने वाले प्रावधानों में निवेश कर रहे हैं ताकि सुरक्षित और निर्बाध बैंकिंग सुनिश्चित हो। इसी प्रक्रिया के तहत हमें लॉक एफडी शुरू करते हुए खुशी हो रही है, जो डिजिटल धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से बचने के लिए हमारी सक्रिय पहल को रेखांकित करता है। यह फीचर ग्राहकों को अपने टर्म डिपाजिट को अनधिकृत डिजिटल पहुंच से सुरक्षित रखने में मदद करता है और हमें धोखेबाजों के धन की हेरा-फेरी के वैकल्पिक तरीकों पर लगाम लगाकर ग्राहकों के धन सुरक्षित रखने सहायता करता है।

## चिकित्सक के साथ गरीबों के मसीहा थे डॉ केपी यादव

# मृणालिनी अखौरी के भजनों पर झूम उठे दर्शक

■ रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




गया जी। मंगलवार को हरिदास सेमिनरी स्थित आर्ट गैलरी सह प्रेक्षागृह के सभागार हॉल में शहर के लकवा एवं पोलियो रोग के लब्ध प्रतिष्ठित होम्योपैथिक चिकित्सक रहे डॉ के.पी यादव की आठवीं पुण्यतिथि समारोह के अवसर पर डॉ के.पी यादव मेमोरियल एवं होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन किया गया है। डॉ के.पी यादव जी को समर्पित एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन तीन सत्रों में हुआ है। जिसमें उनकी स्मृति में सैकड़ो छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें रक्त वीरों ने 30 यूनिट रक्त दिया गया है ।सर्वप्रथम उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम का शुभारंभ गया नगर निगम के महापौर गणेश पासवान, जिला परिषद की अध्यक्षा नैना कुमारी,कार्यक्रम के संरक्षक डॉ एमके साहनी, डॉ राम जी सिंह, रामानुज मठ के मठाधीश वेंकटेश प्रपन्नाचार्य महाराज, डॉ वीरेंद्र कुमार, रामबालक सिंह होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार सहित मंचासीन अतिथियों ने स्वर्गीय केपी यादव जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया है।

स्वागत वक्तव्य में डॉ वीरेंद्र कुमार ने आगत सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने पिता की स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि हमारे पिता डॉ केपी यादव व्यक्ति नही विचार थे। उन्होंने चिकित्सकीय कार्यों के साथ निस्वार्थ पूर्वक समाज की सेवा की है। उनके द्वारा किए गए कार्य हमें मार्गदर्शन के तौर पर सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उनकी आठवीं पुण्यतिथि पर बारंबार नमन करता हूं। होम्योपैथिक चिकित्सा जगत में उनके नाम आज पूरे बिहार राज्य में ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेशों में भी है ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ रामजी सिंह ने कहा की डॉ के.पी यादव जी के अच्छे गुण और चरित्र हमारे जीवन के बेहद करीब है और उनमें मानवीय मूल्य निहित थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें डॉ के. पी यादव की सम्मिलित स्मृतियों से आगे बढ़कर उनके बताए हुए मार्गों पर चलना चाहिये। आज उनकी स्मृतियों को उनके पुत्र डॉ वीरेंद्र यादव ताजा कर रहे हैं। उनकी विरासत को संभाले हुए हैं। उन्होंने लकवा रोगियों की बेहतर इलाज कर पूरे बिहार राज्य में एक कीर्तिमान स्थापित किया था, जो होम्योपैथिक चिकित्सा में आज वर्तमान दौर में एक इतिहास बनकर रह गया है। आज के चिकित्सकों को उनके जीवनी से सीख लेने की जरूरत है। गया शहर में उनके नाम पर सड़क का नामकरण और चौक- चौराहे पर आदमकद की प्रतिमा लगाई जाए तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।महापौर गणेश पासवान ने कहा की डॉ केपी यादव गरीबों के मसीहा थे। एक संस्मरण सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जिनके पास इलाज के लिए रूपए-पैसे नहीं होते थे, उनका वह निशुल्क इलाज करते थे। ऐसे चिकित्सक काफी कम ही होते हैं, जो समाज के साथ जुड़कर गरीबों की मदद करते हैं। आज वे नहीं है लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद किए जाएंगे।

डॉ एमके साहनी ने उनके साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए कहा कि केपी यादव जी हमारे गार्जियन तुल्य थे। उनके सपनों को पूरा करने के लिए वीरेंद्र कुमार हमेशा कार्यकर रहे हैं। व्यक्ति हमेशा अपने विचारों के साथ जीता है उनके विचार आज भी प्रासंगिक है ।उन्होंने डॉ केपी यादव के जीवनी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए डॉ केपी यादव शोध संस्थान बनाने पर जोर दिया है।

वेंकटेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने आठवीं पुण्यतिथि पर भगवान विष्णु एवं गया गदाधर भगवान से उनके दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान विष्णु इनके दिव्य आत्मा को दैदीप्यमान कर अभिसंचित करें।

उद्घाटन सत्र में कई अतिथियों ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए डॉ केपी यादव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई है।

दूसरे सत्र में तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मेडिकल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। तकनीकी सत्र में विद्वानों ने बताया की होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति काफी सरल चिकित्सा सेवा है। आज के बदलते परिवेश में भाग दौड़ वाली जिंदगी में शारीरिक व्याधियों लोगों को अल्पायु में ही सता रही है। जिसके कारण डायबिटीज हाई ब्लड प्रेशर कोलेस्ट्रॉल हृदय रोग अस्थि रोग आदि की समस्या आम हो गई है।

इन सबों का इलाज होम्योपैथिक चिकित्सा में है। बदलते खान पान और रहन सहन ने लोगों को बीमार बना दिया है।

जिसे छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह के कार्य करते हैं लेकिन होम्योपैथिक ही ऐसा चिकित्सा है जो व्यक्ति के इलाज के साथ मानसिक तनाव को भी कम करता है ।भोजनावकाश के बाद तृतीय सत्र में कवि सम्मेलन एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के चंदौली की प्रियंका पांडेय, नालंदा की अनमोल, नवादा के गौतम कुमार सरगम एवं ओंकार कश्यप ने अपनी सुमधुर रचनाओं से श्रोताओं की खूब वाहावाहियां लूटी। रांची की संगीतकार मृणालिनी अखौरी ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर गजल और भजन से दर्शकों का मंत्रमुग्ध कर दिया।

## मंदिर शिलान्यास में अलीनगर विधानसभा से भारी संख्या में लोग भाग लेंगें : पप्पू सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



अलीनगर( दरभंगा )। पुनौराधाम में मां जानकी की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए 8 अगस्त को शिलान्यास सह भूमि पूजन समारोह में अलीनगर विधानसभा से भारी संख्या में लोग करेंगे शिरकत। दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा के महामंत्री संजय सिंह पप्प सिंह के नरमा स्थित आवास पर बीजेपी कार्यकताओं की हुई अहम बैठक। इस बैठक में जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान समेत कई पदाधिकारी रहे मौजूद। विनय पासवान ने कहा कि संपूर्ण मिथिलावासियों के लिए ये गौरव का क्षण है, मां सीता का मंदिर बनवाने का काम एनडीए सरकार करा रही है। महासचिव श्री सिंह ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह के कर कमलों से भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न होने वाला है। ये मंदिर मिथिला के आम जनमानस की भावनाओं से जुड़ा विषय है। पप्पू सिंह ने बैठक के दौरान बिहार में डोमिसाइल नीति लागू होने पर भी प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में निरंतर बेहतर काम हो रहे हैं। डोमिसाइल नीति के लागू होने से बिहार के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा अवसर नौकरी में मिल सकेंगे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया ने किया।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रवण चौधरी,रामनाथ सहनी,अशोक सदा,प्रवीण कुमार साहू,पुरषोत्तम सिंह,संजय मंडल,अनिल ठाकुर,हीरा प्रसाद यादव,ललित मोहन मिश्र,बैजू चौधरी,श्रवण झा,जगरनाथ यादव,संतोष मंडल,मुकेश सिंह,त्रिवेणी सदा,बद्री मुखिया,प्रकाश कुमार सहनी आदि मौजूद रहे।

# सिराज-प्रसिद्ध की गेंदबाजी ने पलटा मैच

## ओवल टेस्ट : दोनों ने मिलकर 17 विकेट लिए, यशस्वी भारत के इकलौते सेंचुरियन ; जीत के रहे यह 5 हीरो

**ओवल (एजेंसी)।** ओवल का मैदान, पांचवें टेस्ट के आखिरी दिन 27 हजार दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। इंग्लैंड को जीत के लिए केवल 35 रन बनाने थे, जबकि भारत जीत से 4 विकेट दूर था।दिन का पहला ओवर करने पहुंचे प्रसिद्ध कृष्णा की पहली दो गेंदों पर चौके लगे। अब इंग्लैंड जीत से महज 27 रन दूर था, लेकिन अगले दो ओवर में सिराज ने जैमी स्मिथ और जेमी ओवर्टन का विकेट लेकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया।इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने जोश टंग को बोल्ड कर दिया। इस वजह से चोटिल क्रिस वोक्स एक हाथ से बल्लेबाजी करने पहुंचे। इंग्लैंड की पारी फिर संभलती दिखाई दी, जब एटकिंसन ने सिराज की बॉल पर छक्का मार दिया, लेकिन सिराज ने अगले ओवर में उन्हें बोल्ड करके मैच भारत के नाम कर दिया। 5 हीरो, जिन्होंने भारत को हारा हुआ मैच जिताया।आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और 4 विकेट बाकी थे। जैमी ओवर्टन ने प्रसिद्ध कृष्णा पर लगातार दो चौके लगाकर दबाव बनाया। ऐसे में भारतीय कप्तान गिल ने मोहम्मद सिराज को गेंद थमाई। उन्होंने अपने पहले ओवर में ही जैमी स्मिथ (2 रन) को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच करा दिया।इतना ही नहीं, अगले ओवर में जैमी ओवर्टन (9 रन) को पवेलियन भेजकर अंग्रेजों को दबाव में डाल दिया। फिर जब इंग्लैंड जीत से मात्र 7 रन दूर था, तब सिराज ने आखिरी उम्मीद गस एटकिंसन (17 रन) को यॉर्कर पर बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी। उन्होंने ओवल टेस्ट में कुल 9 विकेट झटके।



### प्रसिद्ध कृष्णा- रूट को आउट कर मुश्किल में डाला

जसप्रीत बुमराह के बाहर होने की वजह से प्रसिद्ध कृष्णा को इस मुकाबले में मौका मिला। उन्होंने दोनों पारियों में 4-4 विकेट लेकर अपने चयन को पूरी तरह जस्टिफाई भी किया। पहली पारी में उन्होंने ओपनर जैक क्रॉली, जेमी स्मिथ, जेमी ओवर्टन और गस एटकिंसन के विकेट लिए। वहीं, दूसरी पारी में प्रसिद्ध ने बेन डकेट, जो रूट, जैकब बेथेल और जोश टंक को पवेलियन की राह दिखाई।दूसरी पारी में उन्होंने रूट का विकेट तब निकाला जब यह स्टार बल्लेबाज अकेले दम पर इंग्लैंड को जीत दिलाने में लगा था। चौथे दिन के खेल में उन्होंने रूट के बाद युवा बल्लेबाज जैकब बेथल का विकेट भी निकाला और यहां से इंग्लैंड की टीम दबाव में आ गई।

### वाशिंगटन - 39 बॉल में फिफ्टी, 374 का टारगेट

तीसरा दिन...भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 357 के स्कोर पर 8 विकेट गंवा दिए थे। रवींद्र जडेजा 53 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसी स्कोर पर जोश टंग ने मोहम्मद सिराज को भी पवेलियन भेज दिया। अब आखिरी विकेट ही बचा था और टीम इंडिया के पास 334 रन की बढ़त थी, जो जीत के लिए काफी नहीं थी।यहां से वाशिंगटन सुंदर ने विस्फोटक बल्लेबाजी शुरू की। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा के साथ आखिरी विकेट के लिए 25 बॉल पर 39 रन की साझेदारी की और टीम का स्कोर 396 रन पहुंचा दिया। इस तरह टीम इंडिया 374 रन का टारगेट सेट करने में कामयाब हुई।

### यशस्वी - सेंचुरी लगाकर मजबूत शुरुआत दिलाई

भारत पहली पारी में 23 रन से पिछड़ रहा था। यहां से वापसी करने के लिए टीम को दूसरी पारी में बड़े स्कोर की जरूरत थी, लेकिन ओपनर केएल राहुल 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया पर दबाव था क्योंकि दूसरे दिन स्टंप्स तक भारत के दो बैटर पवेलियन लौट चुके थे।ऐसे में यशस्वी जायसवाल ने 164 बॉल पर 118 रन की शतकीय पारी खेली और पारी को संभाला। उन्होंने नाइट वॉचमैन आकाश दीप के साथ तीसरे विकेट के लिए 150 बॉल पर 107 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने भारत की वापसी कराई। यशस्वी जायसवाल पहली पारी में मात्र 2 रन पर आउट हो गए थे।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरूष हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा।



इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे।

मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा। टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा, 'हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है।

## टेस्ट सीरीज में पहली बार 9 बैटर्स के 400+ रन

**द ओवल (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी ड्रॉ रही। भारत ने इंग्लैंड को पांचवां टेस्ट 6 रन से हरा दिया। इसी के साथ सीरीज 2-2 पर खत्म हुई।यह टेस्ट इतिहास की पहली सीरीज रही जिसमें 9 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए। भारतीय कप्तान शुभमन गिल एक सीरीज में हाईएस्ट रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने। इसी सीरीज में जो रूट टेस्ट क्रिकेट के सेकेंड टॉप स्कोरर बने।टेस्ट क्रिकेट में भारत की रनों के हिसाब से अब तक की सबसे छोटी जीत 6 रन की है। सोमवार को ओवल टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को 6 रन से हरा दिया। भारत की दूसरी सबसे छोटी जीत 13 रन से हुई थी। यह जीत 2004 में वानखेड़े स्टेडियम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली थी।टेस्ट इतिहास में पहली बार किसी सीरीज में 9 बल्लेबाजों ने 400 से ज्यादा रन बनाए। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के नाम था। 1975-76 की सीरीज में 8 बल्लेबाजों ने 400+ रन बनाए थे।शुभमन गिल एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने। उन्होंने 5 मैचों में 4 शतक के साथ 754 रन बनाए। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1978 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 टेस्ट की सीरीज में 732 रन बनाए थे।

## मुझे भरोसा था कि जीत दिला सकता हूं: सिराज



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने ओवल टेस्ट 6 रन से जीत लिया है। इसी के साथ इंग्लैंड में 5 मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी हासिल की। सोमवार को मिली इस जीत के हीरो मोहम्मद सिराज ने मैच के बाद कहा- आज सुबह जब मैं सोकर उठा तो मुझे भरोसा था कि जीत दिला सकता हूं।

सिराज ने कहा-मैंने गूगल से एक फोटो डाउनलोड किया और उसे अपने वॉलपेपर पर लगाया कि मैं कर सकता हूं। 31 साल के तेज गेंदबाज सिराज कप्तान शुभमन गिल के साथ पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस में आए और मीडिया से बातचीत की।

मोहम्मद सिराज ने हैरी ब्रूक के कैच ड्रॉप पर कहा-ब्रूक का विकेट गेम चेंजिंग मोमेंट था, अगर मैंने वो कैच ले लिया होता, तो मैच शायद इस स्थिति में पहुंचता ही नहीं। ब्रूक ने बेहतरीन पारी खेली।जीवनदान मिलने के बाद हैरी ब्रूक ने 111 रन की पारी खेली। उन्होंने जो रूट के साथ 195 रनों की अहम साझेदारी की। इस साझेदारी ने इंग्लैंड को रन चेज में आगे कर दिया था। बाद में आकाश दीप ने ब्रूक को बोल्ड करके इस साझेदारी को ब्रेक किया।

सिराज ने लॉर्ड्स टेस्ट में अपने दुर्भाग्यपूर्ण आउट होने पर कहा-लॉर्ड्स में आउट होना दिल तोड़ने जैसा पल था, जड्डू भाई (रवींद्र जाडेजा) ने मुझे यही कहा था कि मैं खेलते रहूं और अपने पिता के बारे में सोचते रहूं कि उन्होंने यहां तक मुझे पहुंचाने के लिए कितनी मेहनत की थी।याद दिला दें कि मोहम्मद सिराज लॉर्ड्स टेस्ट के आखिरी दिन के आखिरी सेशन में एक लुड़कती हुई बॉल पर आउट हो गए थे। इससे भारत को 22 रन की दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा था। इसी जीत के साथ इंग्लैंड ने सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की थी।

## एक हाथ से बैटिंग करने उतरे क्रिस वोक्स, मैनचेस्टर में जडेजा ने स्टोक्स के ड्रॉ का प्रपोजल ठुकराया

**ओवल (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट 6 रन से जीत लिया। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही। पांचवें मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और उनके चार विकेट बचे थे, लेकिन टीम ने 28 रन बनाने में चार विकेट गंवा दिए। मैच के आखिरी दिन इंग्लिश पेसर क्रिस वोक्स चोट के बावजूद बैटिंग करने उतरे। उनके कंधे में मैच के पहले दिन चोट लग गई थी। हालांकि, उन्हें एक भी बार स्ट्राइक नहीं मिली, लेकिन उन्होंने नॉन स्ट्राइक एंड से दौड़कर रन जरूर बनाए। वहीं, सीरीज के चौथे मैच में रवींद्र जडेजा ने इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के ड्रॉ का प्रपोजल ठुकरा दिया था। ऐसे ही इस सीरीज में कई मोमेंट्स देखने को मिले।इंजर्ड क्रिस वोक्स मैच में लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने उतरे। वोक्स मैच के पहले दिन चोटिल हो गए थे। मिड-ऑफ पर फिल्डिंग कर रहे वोक्स ने बाउंड्री पर डाइव लगाई और चौका बचाने में कामयाब रहे, लेकिन इस दौरान वे अजीब तरह से गिरे और कंधा चोटिल कर बैठे। फिर उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा।





## टिम डेविड पर लगा जुर्माना, वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 में किया आचार संहिता का उल्लंघन

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टिम डेविड पर 28 जुलाई को सेंट किट्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डेविड को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए द्वष्टष्ट आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो किसी अंतर्राष्टीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। इसके अलावा, डेविड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के पांचवें ओवर में हुई, जब अल्जारी जोसेफ ने डेविड को लेग साइड में एक गेंद फेंकी, जिसे वाइड नहीं दिया गया। डेविड ने अपनी बाहें फैलाकर और गेंद को वाइड करार देने का इशारा करके अपनी असहमति जताई और फिर अपनी बाहें फैलाए हुए ही अंपायर की ओर चल पड़े। डेविड ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के रॉन किंग द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर जाहिद बसाराथ और लेस्ली रीफर, तीसरे अंपायर डेइटन बटलर और चौथे अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट ने आरोप लगाए। लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत, और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

## नीदरलैंड तीन टी20 मैचों के लिए करेगा बांग्लादेश का दौरा




**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीमें तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेंगी। यह श्रृंखला 30 अगस्त से शुरू होगी और तीनों मैच सिलहट में खेले जाएंगे। नीदरलैंड की टीम 26 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी और श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन दिन प्रशिक्षण लेगी। पहला टी20 मैच 30 अगस्त को, दूसरा और तीसरा मैच क्रमश 1 और 3 सितंबर को होगा, ये सभी मैच सिलहट के एसआईसीएस स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह श्रृंखला 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले बांग्लादेश के लिए महत्वपूर्ण तैयारी का काम करेगी। नीदरलैंड्स इससे पहले एक बार बांग्लादेश में खेल चुका है, 2014 टी20 विश्व कप के दौरान। दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं, जिनमें से चार में बांग्लादेश ने जीत हासिल की है। 2012 में नीदरलैंड ने दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी की थी, आगामी दौरे से पहले उनका एकमात्र द्विपक्षीय मुकाबला होगा। दोनों टीमें पिछली बार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में आमने-सामने हुई थीं, जहां बांग्लादेश ने 25 रनों से जीत हासिल की थी।

### युवराज के पिता योगराज बोले

## गिल की कप्तानी में मैच्योरिटी की क्लास

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने सोमवार को ओवल टेस्ट में इंग्लैंड टीम को हराकर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। टीम इंडिया के इस प्रदर्शन के बाद पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने शुभमन गिल की कप्तानी की जमकर तारीफ की है। योगराज सिंह सिक्सर किंग युवराज सिंह के पिता हैं।




इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में आखिरी दिन 6 रन की रोमांचक जीत के बाद योगराज सिंह ने कहा कि पूरी सीरिज में गिल ने जो मेच्योरिटी दिखाई, उसे देखकर लगा ही नहीं कि वह पहली बार टीम की कमान संभाल रहे हैं। योगराज सिंह ने इसका श्रेय शुभमन गिल के पिता और अपने बेटे युवराज सिंह को दिया।

उन्होंने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर गई टीम इंडिया का हर खिलाड़ी घायल होने के बावजूद डटा रहा। पंत भी चोट के बावजूद खेलने उतरे। यह सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि जंग की जीत है। मैंने पहले भी कहा है कि टीम चयन के समय अगर मगर नहीं होना चाहिए। अब ऐसे सिलेक्टर्स, एडमिनिस्ट्रेटर्स और कोच (गौतम गंभीर) हैं, जिनकी सोच बिल्कुल साफ और देशहित में है।

योगराज ने कहा कि इस समय टीम मैनेजमेंट का पूरा नजरिया सकारात्मक है और वे देश और टीम के लिए सोचते हैं। उन्होंने मीडिया की भूमिका की भी तारीफ करते हुए कहा कि इस बार सभी ने बेहतरीन काम किया। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी टीम इंडिया को जीत की बधाई दी है।उन्होंने कहा कि पहले शुभमन गिल की कप्तानी पर सवाल जरूर उठे। यह सिलेक्ट नहीं हुआ व सेलेक्ट नहीं हुआ। मीडिया क्रिटिसिज्म बंद होने पर टीम को शाबाशी मिली है।

## सोनीपत में मां-बेटे ने जीते 6 गोल्ड

### पहली बार नेशनल पावरलिफ्टिंग में लिया हिस्सा, गुजरात में हुई चैंपियनशिप



**सोनीपत (एजेंसी)।** सोनीपत की 40 वर्षीय महिला टीचर ज्योति और उनके 16 साल के बेटे मौलिक ने पहली बार नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।

गुजरात के मेहसाणा में हुई इस चैंपियनशिप 2025 में दोनों ने शानदार प्रदर्शन किया और अब विजेता बनकर सोनीपत लौटे हैं। ज्योति विकास नगर की रहने वाली हैं और सेक्टर 23 में अपने बेटे के साथ रहती हैं।

वे मॉडल संस्कृति स्कूल में प्राइमरी टीचर हैं। दिनभर पढ़ाने के बाद वे हर शाम दो घंटे बेटे के साथ जिम में मेहनत करती हैं। मां-बेटे की यही लगन अब सफलता की मिसाल बन गई है।

ज्योति बताती हैं कि वे पिछले लंबे समय से फिटनेस के लिए जिम कर रही थीं, लेकिन पावरलिफ्टिंग की तैयारी उन्होंने सिर्फ एक महीने पहले शुरू की। इसके बावजूद उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेकर तीन अलग-अलग इवेंट में गोल्ड मेडल जीते। वे मिक्स कैटेगरी, 63 किलो वेट कैटेगरी और 40 वर्ष आयु वर्ग में उतरीं। डेड लिफ्ट में 70 किलो, स्क्वाट में 75 किलो और बेंच प्रेस में 30 किलो वजन उठाकर उन्होंने हर वर्ग में टॉप किया।

11वीं में पढ़ाई कर रहे मौलिक ने भी सब-जूनियर वर्ग में 63 किलो वेट कैटेगरी में तीनों इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर मां के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सफलता की कहानी लिखी। पहली बार प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर उसने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

ज्योति ने बताया कि उन्होंने और मौलिक ने सिर्फ 20 किलो की रॉड से प्रैक्टिस शुरू की थी। लेकिन आज वे 200 किलो तक वजन उठाने में सक्षम हैं। जब उनकी फिटनेस और ताकत में सुधार हुआ तो उन्होंने पावरलिफ्टिंग में भाग लेने का निश्चय किया। उन्होंने कहा कि जब प्रतियोगिता नजदीक होती है, तो वे पांच से छह घंटे तक अभ्यास करती हैं।ज्योति ने बताया कि वह और उनका बेटा ही अब परिवार हैं। पति से अनबन के चलते वे अलग हो चुकी हैं। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। सुबह की टीचिंग और शाम की ट्रेनिंग में समय को बांटकर उन्होंने अपने बेटे के साथ खुद को पूरी तरह फिट और मजबूत बनाया। उनकी मेहनत रंग लाई और दोनों ने पहले ही प्रयास में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।ज्योति और मौलिक की जोड़ी सिर्फ खेलों में नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों से जूझने में भी मिसाल बन चुकी है।

## डीआरएम ने रेल खंड सहित छपरा जंक्शन स्टेशन का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी आशीष जैन ने मंगलवार को अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ मंडलीय अधिकारीयों के साथ बरसात के मौसम में संरक्षा,सतर्कता एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्टेशनों की सफाई हेतु वाराणसी-छपरा रेल खण्ड का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया । इस अवसर उनके साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-2 विनीत कुमार,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) श्री पंकज केशरवानी,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(ऑपरेशन) श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव,जनसंपर्क अधिकारी श्री अशोक कुमार समेत वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे ।इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक अपनी निरीक्षण स्पेशल से अपराह्न छपरा जं पहुँचे और उन्होंने छपरा जं स्टेशन का गहन निरीक्षण किया ।छपरा जं के निरीक्षण के दैरान उन्होंने सेकेण्ड इन्ट्री पर चल रहे विकास कार्यो समेत यार्ड रिमॉडलिंग,फुटओवर ब्रिज,टिकट काउन्टर, सामान्य यात्री हाल, यार्ड प्लान और नक़्शे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अंतिम प्लेटफार्म की बाउड्री वाल बनाने तथा सेकेंड इन्ट्री पर सुरक्षा हेतु आर पी एफ चौकी बनाने हेतु प्लान बनाने का निर्देश दिया । इसके अतिरिक्त उन्होंने छपरा जं स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं यथा प्लेटफॉर्म, पैदल उपरिगामी पुल,जल निकासी, प्रतीक्षालय, वाटर बूथ पर पानी की उपलब्धता,बॉथिंग ट्रैक व प्लेटफॉर्म के ड्रेनेज,फूड स्टॉल,सकुर्लेटिंग एरिया आदि का निरीक्षण किया और साफ-सफाई एवं स्टेशन के समुचित प्रबंधन हेतु सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया ।छपरा निरीक्षण के दौरान श्री आशीष जैन ने छपरा गार्ड एवं लोको क्रू लाबी एवं रनिंग रूम का का व्यापक निरीक्षण किया और रनिंग रूम गार्ड एवं लोकोपायलटों को मिलने वाली सुख-सुविधाओं का संज्ञान लिया ।उन्होंने रनिंग रूम के समुचित रख रखाव एवं साफ-सफाई हेतु सम्बंधित को निर्देश दिया ।

इसके पूर्व उन्होंने वाराणसी-छपरा रेल खण्ड के विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान गाजीपुर सिटी,फेफना,बलिया एवं सुरेमनपुर स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन के अन्तर्गत किये गए विकास कार्यो का निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता परखी और स्टेशन सुन्दरीकरण के शेष कार्यो उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।

## मां और नवजात की देखभाल के लिए बिहार की स्वास्थ्य सेवाएं तेजी से हो रही हैं मजबूत

# स्वास्थ्य विभाग में लगातार हो रही बहालियां, आशा ममता कार्यकर्ताओं का बढ़ा उत्साह : मंगल पांडेय

**राज्य के 15 अनुमंडलों में एक साथ एमएनसीयू और सोनपुर में 70 बेड का प्रीफैब हॉस्पिटल उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/सोनपुर ।राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने सोमवार को सोनपुर अनुमंडल अस्पताल परिसर में 20 बेड वाले मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) और 70 बेड के प्रीफेब फील्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के 15 अन्य अनुमंडल अस्पतालों में भी एक साथ एमएनसीयू का उद्घाटन किया। इस पूरी परियोजना पर कुल 17 करोड़ 40 लाख रुपये का खर्च हुआ है, जिसमें सोनपुर अस्पताल में ही 8.66 करोड़ रुपये की लागत से दो आधुनिक स्वास्थ्य इकाइयों का निर्माण हुआ है। राज्य में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए पिछले दो महीनों में 10 हजार नियुक्तियां की गई हैं और अगले दो महीने में 20 हजार नियुक्तियां और की जाएंगी। अगस्त महीने में ही 7000 नियुक्ति पत्र बटि जाएंगे। यह नियुक्तियां चिकित्सकों, नर्सों, जीएनएम, सीएचओ और पारा मेडिकल स्टॉफ की होंगी।

श्री पांडेय ने कहा कि ह्लस्वस्थ मां और नवजात ही राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति हैं।ह्व उन्होंने बताया कि यह एमएनसीयू यूनिट 20 बेड की है और इसकी खास बात यह है कि इसमें मां और नवजात को एक साथ रखने की सुविधा उपलब्ध है, जिससे बेहतर देखभाल और

मातृत्व संबंधी संतोषजनक माहौल सुनिश्चित होता है। इसी सोच के साथ ह्यएक राष्ट्र, एक मिशन स्वस्थ नारी, समृद्ध वतनह्व के संकल्प पर कार्य किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य



व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। 2009 में जहां सिर्फ 12 बेड के साथ वैशाली सदर अस्पताल में एसएनसीयू की शुरूआत हुई थी, वहीं आज पूरे राज्य में इसकी संख्या बढ़कर 1121 बेड तक पहुंच चुकी है। इसका सीधा लाभ यह हुआ है कि बिहार में नवजात मृत्यु दर प्रति 1000 जन्म पर 52 से घटकर अब 26 हो गया है. जो कि राष्ट्रीय औसत के बराबर है।उन्होंने कहा कि आशा ममता कार्यकताओं की प्रोत्साहन राशि में राज्य सरकार ने बढ़ोतरी कर दी है। अब आशा दीदीयों को 1 हजार की जगह 3 हजार एवं ममता कार्यकताओं को प्रति प्रसव 300 की जगह 600 मिलेगी। जिससे उनका उत्साह बढ़ा है।

श्री पांडेय ने कहा कि आज उद्घाटन किए गए सभी 15 एमएनसीयू यूनिट्स का लाभ औरड़िया के भरमेश्वरगंज, भागलपुर के नौगछिया, बक्सर के इमराव, गया के शेरघाटी, गोपालगंज के हथुआ, कटिहार के बारसोई, मुंगेर के तारापुर, लालगंज, राजगीर, खगोल, बाढ़, बनमखी (पूर्णिया), दलसिंहसराय, रोसड़ा (समस्तीपुर), बगहा (प. चंपारण) और सोनपुर (सारण) की जनता को मिलेगा। इसके साथ ही 70 बेड वाले प्रीफैब अस्पताल का निर्माण 75 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है, जिससे सोनपुर अनुमंडल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापकता और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा। ह्लस्वास्थ्य सेवाएं अब केवल पटना तक सीमित नहीं रह गई हैं, बल्कि अब सोनपुर जैसे क्षेत्र में भी राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। यह इस क्षेत्र की भविष्य की विकास भूमिका को दशार्ता है।ह्व कार्यक्रम में विधायक डा० रामानुज प्रसाद विधायक सोनपुर, ई

सच्चिदानंद राय विधान पार्षद, रणजीत सिंह, विनय सिंह, पूर्व विधायक, सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, डॉ सागर दुलाल सिंह, डॉ. एस.डी. सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम छात्राएं, सामाजिक संगठन और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अद्भुत कार्यशैली व सेवा भावना के लिए जाने जाते हैं आईजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीष

**शाम चार बजे के बाद रोजाना मरीजों की फरियाद सुन ऑन स्पॉट करते हैं निराकरण**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना :- गोपाल विद्यार्थी यूँही नहीं डॉक्टरों को धरती के भगवान का दर्जा हासिल है. राजधानी पटना स्थित आईजीआईएमएस में चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनीष मंडल के नेतृत्व में विषम स्थिति में जिस सेवा भाव से चिकित्सक मरीजों का इलाज करते है वाकई सराहनीय है. वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ मंडल का शाम के चार बजे के बाद रोजाना अपने कार्यालय में मरीजों व उनके परिजनों की फरियाद सुनकर उसका ऑन द स्पॉट निराकरण करना समाज के प्रति उनके सेवा भाव को दशार्ता है. मरीजों की माने तो डॉ मंडल उनकी भरपूर सहयोग करते हैं `बिना किसी पहुंच व पैरवी के मरीज व परिजन अपनी परेशानियों को सीधा डॉ मनीष मंडल से साझा करते हैं` मंगलवार को हमारे सम्वाददाता गोपाल विद्यार्थी से बातचीत के दौरान

डॉ मनीष मंडल ने कहा कि चिकित्सकों के लिए मानवता की सेवा भावना रखना सबसे जरूरी है` वहीं चार बजे के बाद भी रोज मरीजों से मिलकर उनकी फरियाद सुनने के पीछे का कारण पूछने पर डॉ मंडल ने कहा कि मरीजों से धैर्य पूर्वक और अच्छे



व्यवहार के साथ बात करना एक चिकित्सक का कर्तव्य है जिसका वह निर्वहन करने का प्रयास कर रहे हैं, इससे उन्हें आत्म संतुष्टि मिलती है` डॉ मंडल कहते हैं कि जो भी दुख में आते हैं उन्हें इलाज व सहज व्यवस्था की जरूरत होती है, 2017 से हम उनकी उम्मीदों पर खड़ा उतरने की दिशा में ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं`

**कई आधुनिक चिकित्सा पद्धति की शुरूआत में रहा है योगदान**

डॉक्टर मनीष मंडल आईजीआईएमएस के सबसे यंगेस्ट मेडिकल सुपरिटेंडेंट के तौर पर जाने जाते हैं. इसके अलावा आईजीआईएमएस में कई प्रकार की आधुनिक चिकित्सा पद्धति को शुरू करने में उनका विशेष योगदान रहा है. डॉक्टर बीएन सिंह मेमोरियल बेस्ट रिसर्च पेपर के सम्मान से भी पूर्व में सम्मानित हो चुके हैं. इसके अलावा कोरोना काल के दौरान उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य के लिए आईएमए और कई संस्थाओं की तरफ से भी सम्मानित किए जा चुके हैं।

**मधेपुरा के मुरहो गाँव के निवासी हैं डॉ मनीष मंडल**

मधेपुरा जिला से करीब 30 किमी दूर स्थित मुरहो गांव निवासी एवं पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रहे स्व. राजेश्वर प्रसाद मंडल के पौत्र तथा चिकित्सक डॉ. अरूण कुमार मंडल के पुत्र डॉ. मनीष मंडल चिकित्सा सेवा क्षेत्र में आने के बाद से ही विशेषकर गरीब व पीड़ित अस्वस्थ्य लोगों की सेवा करने में जुट गए और अपने कर्तव्यों का उचित निर्वहन करने लगे हैं। अपने अद्वितीय कार्यशैली व सराहनीय कार्यो से मधेपुरा के साथ साथ पूरे बिहार को गौरवांवित किया है ।

## मगध एवं गया जिला के वैश्य एकता का परिचय दें, 10 अगस्त को गाधी मैदान में : राजू वर्णवाल

**पूरे वैश्य समाज के लोगों से अपील की है कि अगर वैश्य समाज के लोग एकजुट हो जाएं, तो हमारी राजनीतिक उद्देश्य अवश्य पूर्ण हो सकतें हैं**

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।आगामी वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन गयाजी के गांधी मैदान में होना तय हुआ है, वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन के प्रतिनिधियों की बैठक गया जी,टेकारी स्थिति जायका होटल में बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की मौजूदगी में बैठक आहूत की गई है।, इस बैठक के दौरान बरनवाल ने कहा कि हम वैश्य परिवार सदियों से राष्ट्र भक्त रहे हैं।जब-जब देश पर विपदा आयी है, तब वैश्य समाज ही अग्रणी भूमिका निभाते हुए नेतृत्व कर संघर्ष किया है. वैश्य साम्राज्य में ही विश्व पटल पर स्वर्णिम युग आया है तथा हम वैश्यों के नेतृत्व में भारत को सोने की चिड़िया कहलाने का हक प्राप्त हुआ. विश्व गुरु के रूप में दुनिया का नेतृत्व किया है. आज समय आ गया है कि हम वैश्य समाज को एक होने का. हम एक थे, हैं और आने वाला समय में भी रहेंगे. सभी उपस्थित प्रतिनिधियों से 10 अगस्त 2025 को स्थान गयाजी का गांधी मैदान में आयोजित वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन में हजारों की संख्या में आने का आग्रह किया है।वैश्य समाज की एकजुटता के आगे सभी दलों को झुकना होगा. इसके लिए हमें खुद नेता बनना होगा,बिहार में वैश्य समाज 22 प्रतिशत है. इसके बावजूद भी हम प्रतिनिधि नहीं बना पाते. जितनी हमारी हिस्सेदारी है, उतनी हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो, वैश्य समाज का कोई भी व्यक्ति चुनाव लड़ें तो सभी लोग दिल खोलकर मदद करें,हमारी जितनी आबादी है, उस हिसाब से हमें टिकट नहीं मिलती है. आपको वस्तु स्थिति को समझना होगा. हमारी आबादी 22 प्रतिशत है,कोई राष्ट्रीय पार्टी हमें टिकट नहीं देती है। बरनवाल ने कहा कि जन जागृति फैलाकर समाज के प्रतिनिधि को विधानसभा भेजेंगे, हमें समाज को जोड़कर चलना है,पूरे वैश्य समाज के लोगों से अपील की कि अगर वैश्य समाज के लोग एकजुट हो जाएं, तो हमारी राजनीतिक उद्देश्य अवश्य पूर्ण हो सकतें हैं. यदि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तो हमें अवश्य सफलता मिल सकती है.।हमें हमेशा सकारात्मक सोच को अपनाना होगा.

वैश्य समाज के लोग प्रयास करें कि यदि आपकी जनता में पैठ है तो चुनाव जरूर लड़े.

एक -दूसरे की मदद करें और सेवा भाव रखे. तभी राजनीति में आगे बढ़ेंगे।इस बैठक में राजेश कुमार गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, अमित वर्मा, प्रभात चंद्र गुप्ता, सागर दीवान, संजय जैन, जयराम केसरी, राजू वर्मा, मनोज गुप्ता, अशोक वर्मा, अजय कुमार, विकास वर्मा, बबलू वर्मा, राजकिशोर गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, बालमुकुंद गुप्ता एडवोकेट, अरुण गुप्ता, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, धीरज गुप्ता,संजय आदि थे।

## सावन को लेकर एम्बिशस कोचिंग की छात्राओं ने सजाई मेहंदी



बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी ।स्थानीय एम्बिशस संस्थान में मंगलवार को सावन महोत्सव एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक वर्ग की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।उच्च माध्यमिक के ग्यारहवीं वर्ग से खुशी ने प्रथम,नेहा द्वितीय और पल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।बारहवीं से ब्यूटी प्रथम ,प्रीति द्वितीय एवं शिवानी को तृतीय स्थान मिला।माध्यमिक स्तरीय छात्राओं में माधुरी प्रथम,अनन्या द्वितीय एवं स्वाति को तृतीय स्थान प्राप्त हुए।सभी छात्राओं को संस्थान के चेयरमैन जे सिंह और निदेशक सी बी मिश्रा ने पुरस्कृत किया।मौके पर प्रो मिथिलेश वर्मा,प्रो अरविंद सिंह,अतुल उपाध्याय, रमेश तिवारी, गणेश कुमार,सुधीर सिंह,मनोज वर्मा आदि मौजूद थे।

### स्वभाव -स्वच्छता संस्कार-स्वच्छता के साथ रेलवे स्टेशन,कॉलोनी,अस्पताल में चलाया गया जागरूकता अभियान

दानापुर। आजादी का जश्न, स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा संपूर्ण भारतीय रेलवे में 01 से 15 अगस्त तक स्वच्छता अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत दानापुर मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पर मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग दानापुर के तत्वावधान में यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने के लिये व स्वच्छता बरतने के लिये सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आज दिनांक-05.08.2025 को स्वभाव- स्वच्छता संस्कार - स्वच्छता स्लोगन के साथ रेलवे स्टेशन, रेलवे हॉस्पिटल एवं रेलवे कॉलोनियों में वर्कशॉप, चौपाल एवं के माध्यम से लोगो के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।

## आयुक्त डॉ. सिंह के निर्देश पर पटना शहर में लगातार दूसरे दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह के निदेश पर पटना शहर में आज लगातार दूसरे दिन अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.34 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ नेहरू पथ



शेखपुरा मोड़ से राजा बाजार, जगदेव पथ मोड़ तक रोड के दोनों तरफ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 4 ठेला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 10,500/- जुमार्ना वसूल किया गया।बांकीपुर अंचल में 12.00 बजे मध्याह्न से 04.15 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ हथुआ मार्केट, खेतान मार्केट, नाला रोड से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 18,500/- जुमार्ना वसूल किया गया।पटना सिटी अंचल में 10.40 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ चौक थाना से गुरूद्वारा भगत सिंह चौक मोड़ से बाललीला हरिमंदिर गली तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 15 अवैध बैनर/पोस्टर, दुकान, ठेला, गुमटी इत्यादि हटाया गया तथा स्क्रैप्ट जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 5,500/- जुमार्ना वसूल किया गया।नगर परिषद् फुलवारीशरीफ में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ वाल्मी से एम्स गोलम्बर तक सड़क के दोनों तरफ से अस्थायी एवं नाला पर से स्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 30 अवैध पोस्टर/बैनर, ठेला, बाँस, रोड का मलबा हटाया गया तथा ठेला, बाँस, रोड का मलबा जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 4,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।

आज के अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 38,500/- जुमार्ना वसूला गया। आयुक्त के निदेश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।आयुक्त ने कहा कि एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा।आयुक्त के निर्देश पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है।

आयुक्त ने वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया है कि संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पुनः अतिक्रमण न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रहे। वरीय पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि थानाध्यक्ष अतिक्रमण हटाने का विवरण स्टेशन डायरी में भी अंकित करें।आयुक्त डॉ. सिंह ने अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है। उन्होंने आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया है। आयुक्त डॉ. सिंह के निदेश पर जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा विशेष अभियान के तहत प्रभावशाली ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन अभियान संचालित करने के लिए एक पाँच-सदस्यीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है।

## बिहार शहरी आयोजना स्कीम नियमावली को मंत्रीपरिषद से मंजूरी

# स्कीम के तहत टाउनशिप को योजनाबद्ध तरीके से बसाया जा सकेगा




प्रातः किरण संवाददाता

पटना ।बिहार में नए हरित क्षेत्र और सुस्जित टाउनशिप के विकास के लिए और शहरों का मास्टर प्लान के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा बिहार शहरी आयोजना विकास अधिनियम 2012 की धारा 81 एवं 83 के तहत बिहार शहरी आयोजना स्कीम नियमावली को मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रीपरिषद की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई। इस नियमावली के बन जाने से नई टाउनशिप बनाने में सहायता मिलेगी जिससे शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जा सकेगा। अभी बिहार में 11 शहरों में टाउनशिप बनाने का कार्य चल रहा है वहीं 43 शहरों में मास्टर प्लान बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। उक्त बातें नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा।

बिहार शहरी आयोजना स्कीम नियमावली 2025 को मंत्री परिषद द्वारा मंजूरी मिलने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंत्री जीवेश कुमार ने कहा कि इस स्कीम के तहत आम लोगों द्वारा अपनी भूमि का योगदान किया जा सकेगा और सार्वजनिक उपयोगिता जैसे सड़क, पार्क, सामाजिक अवसंरचना हेतु भूमि आरक्षित की जा सकेगी ।इससे भूमि का पुनर्गठन होगा जिसमें भूस्वामी से भूमि का कुछ अनुपात लेकर भू स्वामियों को विकसित भूमि देने की व्यवस्था होगी। यह भूमि सड़क सुविधा एवं जल आदि की व्यवस्था के साथ दी जा सकेगी ।यह योजना शहर को सुव्यवस्थित तरीके से बसाएगा। इस पॉलिसी के तहत राज्य एवं राज्य के बाहर के बड़े डेवलपर के माध्यम से शहर को विकसित किया जाएगा , इससे सरकार को भू अर्जन करने की आवश्यकता नहीं होगी और बिहार सरकार को वित्तीय भार नहीं लगेगा। मंत्री जीवेश कुमार ने यह भी बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग विशेष थीम पर टाउनशिप बनाने की योजना पर कार्य कर रही है । यह टाउनशिप का आकार सौ हेक्टेयर या विशेष परिस्थिति में दस हेक्टेयर तक में होगा। स्कीम के तहत टाउनशिप में आवासीय क्षेत्र, वाणिज्यिक क्षेत्र ,व्यवसाय केंद्र, जल निकास हेतु अवसंरचना, ठोस अपशिष्ट प्रबंध केंद्र, पार्क ,मैदान, सड़क एवं जल आदि के लिए भू निर्धारण कर निर्माण एवं विनियमन किया जा सकेगा। प्रेस वार्ता में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि इस स्कीम के आने से बिहार में निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा और रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी। नए टाउनशिप बनाने से शहरों पर दबाव घटेगा वहीं भीड़ भाड़ वाली ट्रैफिक जैसी समस्या से भी निजात मिलेगी। विभाग का उद्देश्य है कि स्वच्छ एवं हराभरा अवसंरचना का निर्माण किया जा सके ।इस नियमावली के तहत जो भूमि को विकसित किया जाएगा उसमें सड़क के लिए बाइस प्रतिशत ,कमजोर वर्ग के लिए आवास हेतु तीन प्रतिशत, पार्क एवं सामाजिक अवसंरचना हेतु पांच प्रतिशत, भूमि मालिकों को वापस करने हेतु पचपन प्रतिशत एवं विक्रय हेतु भूमि पंद्रह प्रतिशत या स्कीम के व्यवहार्यता पर वितरित की जानी है।

## मगध विश्वविद्यालय में मगध साम्राज्य एवं बौद्ध धर्म विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

गया जी। मगध विश्विद्यालय एवं ताईवान के हुआफान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ है ' इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मगध विश्विद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने की ' इस शैक्षणिक कार्यक्रम में हुआ फान विश्वविद्यालय से लगभग बीस प्रतिभागियों ने भाग लिया है ' जिसका मुख्य आयोजक हुआ फान विश्विद्यालय के प्रोफेसर पौची हुंहांग थे ' जिनके नेतृत्व में यह विद्वत शिष्ट मंडल आया था ' इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वरीय प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह थे '

इस शैक्षणिक सत्र में कुल बारह शोध पत्र प्रस्तुत किये गये ' जिसमें बुद्ध के विचारों को मगध में कैसे प्रतिपादित होता है और यहां से विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में कैसे प्रसारित होता है इसका शोधकताओं ने बखूबी बखान किया गया है ' मगध विश्वविद्यालय की ओर से प्रोङ्क मनीष सिन्हा द्वारा बौद्ध गया में कैसे बहु बौद्ध संस्कृति का समय के साथ विकास होता है उसके अस्तित्व पर विस्तार से चर्चा किया गया है ' अरविंद महाजन द्वारा मगध को बुद्ध का अस्तित्व पर बखुबी व्याख्यान किया गया है '

कुलपति प्रोङ्क शशि प्रताप शाही द्वारा इस प्रकार के अन्तरराष्ट्रीय समन्वय में कार्यक्रम करने की प्रेरणा दी तथा अन्तरराष्ट्रीय सहयोग में विभिन्न विश्विद्यालय के विद्वानों को आपस में सहअस्तित्व के साथ शैक्षणिक शोध कार्य करने पर विचार विमर्श करने की बात कही है ' हुआ फान विश्वविद्यालय के साथ शैक्षणिक सहयोग समझौता करने की बात कही है ' हुआ है ।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555